सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 28 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 144, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 625 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 624 .82 अंक टूट गया। } 14

## राष्ट्रवाद पर कभी-कभी हावी हो जाती है राजनीति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आगाह किया कि कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत हावी हो जाती है, जिससे राजनीतिक वर्ग को बचने की जरूरत है। } 16



### संक्षेप

## अमृतसर : विस्फोट में खालिस्तानी आतंकी ढेर

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर मंगलवार को खाली पड़े एक इलाके से विस्फोटक सामग्री निकालते समय विस्फोट होने से एक संदिग्ध खालिस्तानी आतंकवादी ढेर हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना ग्रेनेड हमलों के बाद खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठनों के कई सदस्यों की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में हुई है। पुलिस को संदेह है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन इस सीमावर्ती राज्य में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मामले की जांच जारी है, जबकि विपक्षी दल ने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

## शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में गैस रिसाव

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में कथित तौर पर क्लोरीन गैस के रिसाव के बाद मची भगदड़ की जांच के लिए कॉलेज और प्रशासन ने दो जांच समितियां गठित की हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि क्लोरीन गैस के रिसाव के कारण भगदड़ मची थी। कॉलेज के अंदर रविवार को गैस रिसाव की अफवाह तेजी से फैली, जिसके कारण भगदड़ मच गई। इस दौरान घबराए तीमारदारों और मरीजों को जल्दी-जल्दी वार्ड से बाहर निकालना पड़ा। कुछ तीमारदारों ने दावा किया कि इस दौरान तपेदिक के इलाज के लिए आए एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि, अस्पताल और जिला अधिकारियों ने किसी के हताहत होने से इनकार किया है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में रविवार को कथित रूप से ऑक्सीजन लीक होने के बाद मची भगदड़ की जांच के लिए एक समिति गठित की है।



साध्वी ऋतंभरा को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है अच्छी सरकार : योगी

### मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

जिला संवाददाता,

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। सुरक्षा के बेहतर माहौल में हरेक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक, विकासपरक और कल्याणकारी परिवर्तन लाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 साल से देश में और आठ साल से प्रदेश में यही परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

सीएम योगी सोमवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित



कर रहे थे। योगी सरकार ने सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ा खर्च 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है और बढ़ी हुई धनराशि के साथ आज यह पहला आयोजन था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वास्तविक सरकार वही है जो जनता के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की अगली कड़ी है। यह बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक रूढ़ियों पर भी प्रहार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना में शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था के बाद बेटी की शादी के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलायी गयी। आज गरीब अभिभावक को बेटी के विवाह की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आतंकवाद पाकिस्तान की सोची-समझी युद्ध नीति

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गर्जना के साथ देशभक्ति का जोश महसूस हुआ : मोदी

एजेंसी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद कोई परोक्ष युद्ध नहीं, बल्कि एक सोची-समझी युद्ध रणनीति है और भारत उसी के अनुसार जवाब देगा। यहां गुजरात सरकार के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उत्पादों की खरीद की वकालत की। पाकिस्तान में गैर-सरकारी और सरकारी तत्वों के बीच कोई अंतर नहीं करने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पड़ोसी देश आतंकवाद को समर्थन जारी रखते हुए युद्ध में संलग्न है। मोदी ने यहां गुजरात सरकार के शहरी विकास कार्यक्रम में कहा वसुधैव कुटुम्बकम् हमारा संस्कार है, हम अपने पड़ोसियों के लिए भी खुशी चाहते हैं, लेकिन यदि आप हमारी ताकत को चुनौती देंगे तो भारत भी वीरों की भूमि है। प्रधानमंत्री ने कहा हम इसे परोक्ष युद्ध नहीं कह सकते, क्योंकि छह मई की रात (पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय हमलों में) मारे गए लोगों को पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तानी झंडे लपेटे गए और सेना ने उन्हें सलामी दी।



उन्होंने कहा इससे साबित होता है कि ये आतंकवादी गतिविधियां सिर्फ परोक्ष युद्ध नहीं हैं, बल्कि उनकी ओर से सोची-समझी युद्ध रणनीति है। अगर वे युद्ध में शामिल होते हैं, तो जवाब भी उसी के अनुसार होगा। पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद मोदी अपनी पहली यात्रा पर गुजरात पहुंचे थे। मोदी ने कहा कि वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और गांधीनगर की यात्रा के दौरान उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गर्जना के साथ देशभक्ति का जोश महसूस हुआ, तथा यह भावना पूरे देश में देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक कांटा लगातार दर्द दे सकता है, भले ही शरीर कितना भी मजबूत क्यों न हो। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के कांटे को निकालने का मन बना लिया और इसे पूरी दृढ़ता के साथ किया। उन्होंने आजादी के तुरंत बाद कश्मीर में हुई घुसपैठ का जिक्र करते हुए कहा, हमें 1947 में कश्मीर में घुसने वाले मुजाहिदीनों को मार गिराना चाहिए था और यदि यह किया गया होता तो वर्तमान स्थिति उत्पन्न नहीं होती। मोदी ने कहा विभाजन के दौरान मां भारती दो टुकड़ों में बंट गई और उसी रात मुजाहिदीन द्वारा कश्मीर पर पहला आतंकी हमला किया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इन्हीं आतंकवादियों की मदद से भारत माता के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा सरदार पटेल की उस समय यह राय थी कि भारतीय सेना को तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर पुनः कब्जा नहीं कर लिया जाता। हालांकि, पटेल की सलाह पर ध्यान नहीं दिया गया। मोदी ने कहा आतंकवाद की यह विरासत पिछले 75 वर्षों से जारी है तथा पहलगाम में आतंकवादी हमला इसका एक और भयावह रूप था। कूटनीतिक खेल खेलने के बावजूद पाकिस्तान ने बार-बार युद्ध में भारत की सैन्य ताकत का सामना किया। तीन मौकों पर भारत की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान भारत के साथ सीधे सैन्य संघर्ष में जीत नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अपनी हद को समझते हुए पाकिस्तान ने परोक्ष युद्ध का सहारा लिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

चंडीगढ़। हरियाणा के पंचकूला में एक खड़ी कार में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के छह सदस्य मृत पाए गए, जबकि एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस को संदेह है कि परिवार के सदस्यों ने आत्महत्या की है। कार से मिले सुसाइड नोट से पता चला कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पुलिस ने मृतकों में से एक की पहचान 41 वर्षीय प्रवीण मित्तल के रूप में की है। अन्य की पहचान मित्तल की पत्नी, दंपति के तीन नाबालिग बच्चों (जिनमें दो जुड़वा लड़कियां हैं) तथा मित्तल के माता-पिता के रूप में की गई है। यह कार सोमवार देर रात एक राहगीर ने देखी और उसने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ने वाले परिवार के सदस्य से कुछ बात भी की। देहरादून की पंजीकरण संख्या वाली कार पंचकूला के सेक्टर 27 में एक रिहायशी इलाके में सड़क किनारे खड़ी मिली। स्थानीय निवासी पुनीत राणा ने संवाददाताओं को बताया कि वह एक अन्य व्यक्ति के साथ सैर कर रहा था, तभी रात करीब 10 बजे उसने यह कार देखी, जिसके एक दरवाजे से तौलिया लटका हुआ ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** ज्येष्ठ के तीसरे बड़े मंगल पर विराज सागर दास ने लगाया विशाल भंडारा, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास व सोनाक्षी दास ने बांटा प्रसाद

# हनुमानजी के सेवा भाव और भक्तिपूर्ण आचरण से सीख लेनी चाहिए : डॉ. दिनेश शर्मा



ऐशबाग में आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटते पूर्व डिप्टी सीएम व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



हनुमान जी के चित्र पर नमन करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास फोटो : समीर भटनागर



ऐशबाग में आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास व चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता



पूर्व डिप्टी सीएम व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को मोमेंटो देकर सम्मानित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



बीबीडी टाइम्स स्क्वॉयर परिसर में प्रसाद बांटतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास



ऐशबाग रामलीला मैदान में आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को राजधानी लखनऊ के ऐशबाग रामलीला मैदान के पास बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर ने विशाल भंडारे का आयोजन किया।

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे। भंडारे में डॉ. शर्मा ने कहा कि हनुमानजी इस धरती के प्रत्यक्ष देवता हैं, भक्ति में उनका कोई जोड़ नहीं है, हमें हनुमानजी के सेवा भाव और भक्तिपूर्ण आचरण से सीख लेनी चाहिए और समाज हित में निरंतर काम करना चाहिए। बीबीडी ग्रुप परिवार इस दिशा में निरंतर सक्रिय है। भंडारे में नगर निगम के उपसभापति व पार्षद गिरीश गुप्ता, पार्षद संदीप शर्मा, पार्षद राजीव दीक्षित, पूर्व पार्षद साकेत शर्मा, पूर्व पार्षद शशि गुप्ता आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भंडारे में बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने प्रसाद बांटा। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि पिछले कई साल से हमारे परिवार द्वारा बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हनुमानजी का पूजन-अर्चन कर उन्हें प्रसाद अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का जो सिलसिला शुरू हुआ, देर शाम तक चलता रहा। कैसरबाग चौराहे पर सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी रही। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बेहद आत्मीयता के साथ लोगों को अपने हाथ से प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि पहले मेरे पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता भंडारा लगवाते थे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी पृथ्वी के जीवंत देवता हैं। परम बलवान, परम बुद्धिमान हैं, लेकिन उतने ही विनम्र भी हैं। अभिमान उनको छू भी नहीं पाता। वे ज्ञान और भक्ति के आचार्य हैं। भगवान राम के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा और समर्पण जगजाहिर है। हनुमान जी की साधना-उपासना से व्यक्ति के हर मनोरथ पूर्ण होते हैं। आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति समर्पित लोगों पर बजरंगबली का आशीर्वाद हमेशा ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## प्रदेशभर में गूंजा नारी शक्ति का जयघोष

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में महान शासिका, समाज सुधारक और नारी सशक्तिकरण की प्रतीक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वक्तव्यों, निबंध लेखन, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रानी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रमों में यह संदेश दिया गया कि किस तरह अहिल्याबाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में साहस, सेवा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित शासन चलाकर इतिहास रचा। उन्होंने धर्म, परोपकार और समाज सुधार को अपनी शासन नीति का आधार बनाया और पूरे देश में मंदिरों, धर्मशालाओं और जनकल्याणकारी संस्थाओं का निर्माण कर धर्म व संस्कृति की पुनर्स्थापना में योगदान दिया।इस आयोजन को लेकर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे नारी सशक्तिकरण, धर्मनिष्ठ शासन और सामाजिक न्याय की प्रतीक थीं।

## ट्रांजिट हॉस्टलों के लिए धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित नव निर्मित/निमार्णाधीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सीतापुर, फरूर्खाबाद, बाराबंकी, सोनभद्र तथा गोण्डा के ट्रांजिट हॉस्टल के लिए कुल 851.98 लाख रुपए मंजूर किए हैं।समाज कल्याण विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिया है। आदेशानुसार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मुर्तजानगर -सीतापुर हेतु 175.32 लाख रुपये, तीरगांव-बाराबंकी हेतु 163.14 लाख रुपये, मोहम्मदाबाद-फरूर्खाबाद हेतु 168.49 लाख रुपये, घोरावल-सोनभद्र हेतु 181.89 लाख रुपये तथा विशम्भरपुर-गोण्डा हेतु 163.14 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

# शीघ्रता से करें जन समस्याओं का निस्तारण : योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**गोरखपुर/लखनऊ।** सोमवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। इसमें तनिक भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए

- **जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 250 लोगों की समस्याएं**
- **मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश, जन समस्याओं के निराकरण में न हो तनिक भी लापरवाही**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन बच्चों को प्यार-दुलार करते हुए चॉकलेट और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान अपनी मां के साथ आई बच्ची समस्या समाधान के लिए सीएम से मिले आत्मीय भरोसे पर कृतज्ञता व्यक्त करने को खड़ी हुई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसके माथे पर हाथ फेरकर आशीर्वाद देकर यह भाव प्रकट किया कि उनके शासन में किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## कन्नौज के दिव्यांग पुजारी ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**गोरखपुर/लखनऊ।** कन्नौज जिले के दिव्यांग पुजारी गोपालदास ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने धर्म, संस्कृति के संरक्षण और विकास के सतत कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री की सराहना करने के साथ कन्नौज में बजरंग बली के मंदिर निर्माण में आ रहे व्यवधान के बारे में बताया। कहा, कुछ लोग मंदिर निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। इस पर सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि जांच कराकर न्यायपूर्ण कार्रवाई की जाएगी। किसी को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। जनता दर्शन में कुर्सी पर बैठाए गए दिव्यांग पुजारी गोपालदास से मिलते ही मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम और जनता दर्शन में आने का प्रयोजन पूछा। गोपालदास ने बताया कि वह कन्नौज जिले के सौरिख थानाक्षेत्र के ग्राम टाड़ा रायपुर से आए हैं। वह वहां बजरंग बली के मंदिर के पुजारी हैं। मंदिर का नवनिर्माण करा रहे हैं लेकिन गांव के कुछ लोग निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। उनकी समस्या सुनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वह जांच कराकर कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। पुजारी गोपालदास मुख्यमंत्री के आश्वसान से संतुष्ट नजर आए।

## मानसून से पहले परियोजनाओं को हर हाल में पूरा करें

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को पर्यटन निदेशालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। कार्य समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश में पर्यटन विकास की रूपरेखा तथा आगामी परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से बातें हुई। उक्त मीटिंग में माननीय मंत्री ने पर्यटन योजना, प्रचार के अंतर्गत सोशल मीडिया के कार्य और संस्कृति विभाग के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। जयवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात शुरू होने से पहले सभी जारी विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो। उन्होंने कहा, कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आमजन को बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करें।

# सीएम धामी ने 75 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता




**देहरादून।** छात्र-छात्राओं को हमारी विरासत पुस्तक के माध्यम से भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और महान विभूतियों से परिचित कराया जा रहा है। इसके अलावा 'कौशलम कार्यक्रम' के माध्यम से छात्रों में कौशल, उद्यमिता और भारतीय ज्ञान परंपरा को विकसित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये छात्र उत्तराखण्ड के भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह छात्रों के मनोबल को बढ़ाने का एक माध्यम है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार गुणवत्तापरक शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। इसी दिशा में सरकारी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों को अनिवार्य किया गया है और कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं और 840 नए विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी विद्यार्थियों को 'मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' के तहत मासिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखंड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजने की योजना शुरू की गयी है। इसके साथ ही राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में आठ ट्रेड्स में व्यावसायिक शिक्षा शुरू की गई है, जिससे 42,000 से अधिक विद्यार्थी कौशल आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। समारोह में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी उपस्थित रहे।

- **'हमारी विरासत' के माध्यम से भारतीय संस्कृति व महान विभूतियों से छात्रों को कराया जा रहा है परिचित : मुख्यमंत्री**

# बालश्रम की चुनौतियों से निपटने के लिए बनेगा जिला टास्क फोर्स

## 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का है लक्ष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए श्रम विभाग के नेतृत्व में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, गृह, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, शहरी विकास, और व्यवसायिक शिक्षा विभागों के बीच अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया गया है। बाल श्रम उन्मूलन की राह में डाटा की कमी और स्कूलों में बच्चों का ठहराव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार ने ठोस और नवाचारपूर्ण कदम उठाए हैं, जो उत्तर प्रदेश को एक सशक्त और समृद्ध समाज की ओर ले जा रहे हैं।

**सभी जिलों में शीघ्र ही जिला टास्क फोर्स का होगा गठन :** बाल श्रम उन्मूलन की सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीय डाटा की अनुपलब्धता रही है, क्योंकि 2011 की जनगणना के बाद से इस संबंध में कोई व्यापक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पंचायती राज विभाग को ग्राम स्तर पर कामकाजी बच्चों और बाल श्रमिकों का डाटा एकत्र करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह डाटा श्रम और शिक्षा विभाग के साथ साझा किया जाएगा, जिससे बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। सभी जनपदों में शीघ्र ही जिला टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो पंचायतों के सहयोग से डाटा संकलन को गति देगा।

इसके अतिरिक्त, यूनिसेफ के सहयोग से विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक बुकलेट में संकलित किया जाएगा, जिसमें बाल श्रमिकों और उनके परिवारों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की जानकारी होगी। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि हर जरूरतमंद बच्चे और उनके परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। एक अन्य प्रमुख चुनौती है उन बच्चों का स्कूलों में ठहराव, जो नामांकन के बावजूद नियमित रूप से स्कूल नहीं आते और संभावित बाल श्रम की श्रेणी में आते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए महिला कल्याण विभाग की बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, और चाइल्ड हेल्पलाइन को सक्रिय रूप से लागू किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से बच्चों को शिक्षा और पुनर्वास के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। सरकार की ह्यनया सावेराह्ल योजना का गुणात्मक मूल्यांकन कर इसे पुनः लागू करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि बाल श्रमिकों को बेहतर अवसर मिल सकें। जन जागरूकता के लिए 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), नियोक्ताओं और श्रमिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह संकल्प विभिन्न विभागों के समन्वय और सामूहिक प्रयासों के साथ एक नया उत्तर प्रदेश गढ़ रहा है। डाटा संकलन, जागरूकता अभियान, और पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से सरकार न केवल बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, बल्कि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह अभियान 2027 तक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। योगी सरकार श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय का संचालन सभी मंडलों में कर रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के माध्यम से ग्रामीण और बाल श्रम के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने पर प्रयासरत है।

- **योगी सरकार की बाल श्रम उन्मूलन की नई रणनीति, पंचायती राज विभाग से होगा डाटा संकलन**
- **12 जून को लखनऊ में बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर योगी सरकार शुरू करेगी जन जागरूकता अभियान**
- **कई विभागों का समन्वय से बाल श्रमिकों की होगी पहचान**

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये।

निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- **डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं**

# मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाये : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके संगी-साथी सभी बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने अप्रत्यक्ष रूप से अपना कब्जा करते जा रहे हैं। जो परंपरागत रूप से सैकड़ों सालों से इन मंदिरों के प्रबंधन-संचालन में आस्था से अपने कर्तव्य निभाते आ रहे हैं, उनसे उनके सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।



साथ ही उनके ऊपर अविश्वास प्रकट करते हुए एक तरह से ये आरोप भी लगाया जा रहा है कि वो इस काम में सक्षम नहीं है या फिर उनका संचालन त्रुटिपूर्ण है। अखिलेश यादव ने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालु जो दान-पुण्य करते हैं उसका सदुपयोग मंदिर में दर्शन, प्रसाद-भेंट, सुरक्षा, जन सुविधा, धर्मशाला आदि धर्मार्थ कार्यों में होता आया है और सेवा-भाव से भरा आस्थावान प्रबंधन इसी को सुनिश्चित करता है क्योंकि उनका ऐसे धर्म-कर्म से एक बहुत गहरा भक्ति भावना से भरा लगाव होता है। जो लोग बाहरी होते हैं या पेशेवर होते हैं, वो इन सब धार्मिक-निवेश को लाभ-हानि की तराजू पर तोलते हैं, उनके लिए ये श्रद्धा का विषय नहीं होता है। ऐसे प्रकरण उपलब्ध हैं जब ऐसे प्रशासनिक लोगों ने मंदिर में चढ़ाये गये बेलपत्रों तक को बेचकर भ्रष्टाचार किया है। कारोबारी भाजपा और उनके धन लोलुप संगी-साथी याद रखें कि धर्म भलाई के लिए होता है, कमाई के लिए नहीं।

# नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक स्मृति सभा आयोजित की गयी। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजबहादुर एवं राजीव गांधी स्टडी सर्किल के नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रो. सतीश राय, दिनेश कुमार सिंह, रूद्र दमन सिंह, अमित श्रीवास्तव त्यागी, नईम सिद्दीकी सहित कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पूर्व मंत्री राजबहादुर की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी भी आयोजित हुई जिसका संचालन डॉ. श्रवण गुप्ता ने किया।

इस मौके पर प्रो. सतीश राय ने कहा कि 1961 में दादर नगर हवेली को भारत में 10वां संविधान संशोधन के द्वारा सम्मिलित करने का कार्य लीगल सर्जिकल स्ट्राइक कहा जा सकता है। 1962 में ऑपरेशन विजय द्वारा गोवा, दमन दीव को शामिल करना मिलिट्री सर्जिकल स्ट्राइक था। 1963 में पुडुचेरी को तेरहवें संविधान संशोधन द्वारा भारत में सम्मिलित किया गया तो उसे हम पहली डिप्लोमेटिक सर्जिकल स्ट्राइक कह सकते हैं। यह सब भारत की सीमा विस्तार की दृष्टि से प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जीत थी। एक झूठ और जो संघियों द्वारा भारत में फैलाने की कोशिश की जा रही है कि जानबूझकर गांधी द्वारा पटेल की जगह नेहरू को प्रधानमंत्री पद दे दिया गया था जबकि मत पटेल को ज्यादा मिले थे। इससे बड़ा झूठ और क्या हो सकता है कि कांग्रेस में अंतरिम रूप से सर्व सम्मत्ति से अध्यक्ष चुना गया था। कम से कम फैलाये गये झूठ की जांच करना सबसे आवश्यक है आज की पीढ़ी के लिए ताकि सच पीछे न छूट जाए।

- **प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक स्मृति सभा का आयोजन**

# भातखण्डे व इंदिरा कला संगीत विवि के बीच हुआ एमओयू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, छत्तीसगढ़ की कुलपति प्रो. लवली शर्मा के मध्य आज समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षरित कर आदान प्रदान किया गया। प्रोफेसर लवली शर्मा अपने दो दिवसीय शैक्षिक प्रवास के दौरान भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में बतौर अतिथि प्रवक्ता के रूप में आई थी इसी दौरान उन्होंने इस समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया जिसका उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

विशेष बात यह है कि भातखण्डे संगीत संस्थान के प्रचार्य रहे डा. एसएन रातनजनकर इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, छत्तीसगढ़ के प्रथम कुलपति रहे एवं खैरागढ विश्वविद्यालय की कुलपति रहीं प्रो. मांडवी सिंह वर्तमान मे भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ की प्रथम कुलपति के रूप में पदासीन हैं। प्रो. लवली शर्मा ने बताया इंदिरा कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ को संगीत संस्कृति एवं कला को समर्पित एशिया का प्रथम विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है जिसे संगीत नगरी के नाम से भी जाना जाता है इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ एक प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षिक संस्थान है, जो अपनी प्रदर्शनकारी कलाओं से प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध रहा है और इस विश्वविद्यालय का पुस्तकालय प्रदर्शनकारी कलाओं के संग्रहण के लिए प्रसिद्ध है तथा कला और संगीत के क्षेत्र में दुर्लभ ग्रंथों का भी यहाँ संग्रह हैं। प्रो. लवली शर्मा ने बताया मुझे अति प्रसन्नता हो रही है कि भारतवर्ष के संगीत एवं कला के अति प्राचीन एवं प्रमुख विश्वविद्यालय में से एक भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ जो कि अपनी एतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं को समेटे हुए आज भी संस्कृति एवं कला के विकास मे शोध परक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। संगीत के इतिहास में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शिक्षण प्रशिक्षण का विशेष स्थान है। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि इस समझौते से दोनों विश्वविद्यालयों को अपने शैक्षिक और सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। जिससे छात्र-छात्रा एवं शिक्षक गण लाभान्वित होंगे। समझौते से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच संबंध मजबूत होंगे जिससे कला एवं संस्कृति की शिक्षा में संभावनाएं उपलब्ध होंगी। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के जयशंकर प्रसाद सभागार में हुए इस समझौता ज्ञापन में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रूचि खरे एवं ताल वाद्य के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार मिश्रा एवं शोधार्थीगण उपस्थित रहे।

# सूचना विभाग में हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं भण्डारे का आयोजन





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उप्र लखनऊ में पं. दीनदयाल सूचना परिसर के प्रांगण में सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद द्वारा भण्डारे का शुभारम्भ करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की मंगलकामना की। इसके पहले निदेशक सूचना विशाल सिंह द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ किया गया।

प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित होता है। यह पर्व सामाजिक समरसता, सहयोग और श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने प्रसाद वितरण में भागीदारी की।

- **प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने किया प्रसाद वितरण**

संक्षेप

## कांती के निधन पर विधायक मोना ने जताया दुख

प्रतापगढ़। मेढ़ायां निवासी समाजसेवी राणा सूबेदार सिंह चौहान की अनुज वधू कांती सिंह 50 के आकस्मिक निधन पर यहां शोक जताया गया है। वह सामाजिक कार्यकर्ता तालुकदार सिंह की पत्नी भी थी। सोमवार की भोर अचानक तबीयत बिगड़ने से परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कांती सिंह के आकस्मिक निधन पर परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, आदि ने भी कांती के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की।

## चार पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रंजिश में हुई मारपीट व धमकी को लेकर सांगीपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे बनवार कोठा नेवढ़िया गांव निवासी विजय वर्मा पुत्र गोपी वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस मई की रात करीब आठ बजे वह अपने भांजे गोविंद पुत्र स्वामीनाथ के साथ तेलियानी गांव में एक निमंत्रण में जा रहा था। आरोप है कि गांव के रास्ते पर गांव के ही हरीराम पुत्र मनबोध, वीरेन्द्र पुत्र फूलचंद्र ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिला के साथ मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। महिला के साथ मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तेलियाही गांव की समशीदा बानो पत्नी आजिम अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर चौबीस मई की सुबह करीब आठ बजे उसकी जेठानी के पुत्र अरबाज खॉन पुत्र कमीम अली ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा। आरोपी ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मुकदमे में सुलह न करने पर मिल रही जानलेवा धमकी

प्रतापगढ़। मुकदमें में सुलह समझौता न करने पर आरोपीगण जानलेवा धमकी दे रहे हैं। पीडिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। लालगंज कोतवाली के खानापटटी तकिया वार्ड की शबीना बानो पत्नी मो. युनुस ने मंगलवार को एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते वर्ष दस अगस्त को गांव के इरशाद समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसके पति तथा परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया था। मामले में आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपीगण मुकदमें में सुलह समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# एक करोड़ की स्मैक जब्त

जिला संवाददाता (vol)

**बरेली।** बरेली पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने मंगलवार को चार कथित मादक पदार्थ तस्करों को लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य के करीब एक किलोग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इज्जतनगर थाना क्षेत्र में कुम्हरा के पास इन चारों तस्करों को 996 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया तथा उनके चार एंड्रॉइड मोबाइल फोन और एक कार भी जब्त की। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान नसरुद्दीन, कलीम अहमद, बच्चन और तसलीम के रूप में हुई है, जिनके पास से 996 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इस स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान नसरुद्दीन ने बताया कि वह पहले ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में था, जहां वह मणिपुर के कुछ लोगों के संपर्क में आया और उन लोगों ने ही उसे स्मैक की तस्करी में शामिल

### चार गिरफ्तार

होने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस के मुताबिक बाद में नसरुद्दीन ने अपने साथियों कलीम, बच्चन और तसलीम के साथ मिलकर इस अवैध व्यापार को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे स्मैक खरीदने के लिए ट्रेन या बस से मणिपुर जाते थे, जिसे वे फिर छिपाकर ट्रक, कैंटर या अन्य वाहनों से वापस लाते थे। कलीम एक ड्राइवर है, इस धंधे में सक्रिय रूप से शामिल था और उसने कई बार ऐसी यात्राएं की थीं।

# पुलिस मुठभेड़ में चार गौ तस्कर गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कंधई थानाक्षेत्र में पुलिस ने 26 मई की रात जैतीपुर गांव के निकट मुठभेड़ के बाद चार गौतस्करों को गिरफ्तार कर अवैध तमंचा, कारतूस, 80 किलो गोमांस, चापड़, चाकू और दो मोटरसाइकिल बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल ने मंगलवार को बताया कि बीती रात वाहन जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर जैतीपुर गांव के निकट मोटरसाइकिल से जा रहे गौ तस्करों को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार लोगों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की और इस मुठभेड़ में गोली लगने से गो-तस्कर हसमत उल्ला उर्फ लक्खू (38) घायल हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हसमत और तीन अन्य गौ तस्करों मुस्तकीम उर्फ कल्लू, अनीस और मुजीब को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, 315 बोर कारतूस, 80 किलो गोमांस, चापड़, चाकू और दो मोटरसाइकिल बरामद की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल आरोपी के विरुद्ध कंधई थाने में एक, मुजीब के विरुद्ध पांच और अनीस के विरुद्ध एक मामला गोवध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज है।

## खुनियांव ब्लॉक में टीकाकरण को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

सिद्धार्थनगर- खुनियांव ब्लाक कार्यालय में मंगलवार को टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में नियमित टीकाकरण पर विशेष चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएचएनडी सत्र पर डियू लिस्ट और सभी वैक्सीन के साथ कर्मचारी समय पर मौजूद रहें। प्रतिरोधी परिवारों से स्वयं संपर्क कर उन्हें जागरूक किया अधीक्षक डा. पुलस्त्य नारायण यादव ने प्रतिरोधी परिवारों की सूची बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के आदेश पर सभी गर्भवती माताओं को पंजीकरण और जांच समय से कराने को कहा। ब्लाक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक महेंद्र कुमार ने सत्र के बाद अनमोल, आरसीएच और ई-कवच पोर्टल पर लाभार्थियों की फीडिंग के निर्देश दिए।

# 22 बीघा की जमींन को हड़पने का प्रयास करने वाली अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व नरेश बहादुर नि0 रिसालपुर कोयलरा थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर द्वारा तहरीर दी गयी कि गिरजा सिंह पत्नी अर्जुन सिंह नि0 ग्राम जोगियाकला थाना ललिया जनपद बलरामपुर द्वारा आवेदक के चाचा मृतक इन्द्रजीत सिंह की समस्त चल अचल सम्पत्ति को हड़पने के आशय से कूट रचना कर फर्जी आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर में जन्मतिथि छिपाकर मृतक इन्द्रजीत सिंह की पत्नी बनकर सम्पत्ति नामांतरण हेतु न्यायालय में आवेदन करने के संबंध में प्राप्त हुआ । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0देहात में मुकदमा गिरजा सिंह पत्नी अर्जुन सिंह नि0 ग्राम जोगियाकला थाना ललिया मे पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना को0देहात



क्षेत्रांतर्गत हुई कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मृत व्यक्ति की पत्नी बनकर सम्पत्ति हड़पने की घटना के अनावरण व अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योति श्री के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बृजानन्द सिंह थाना को0 देहात के कुशल नेतृत्व में अभियुक्ता गिरजा सिंह पत्नी अर्जुन सिंह नि0 ग्राम जोगियाकला थाना ललिया को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रवाना किया गया । अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मैंने इंद्रजीत सिंह की सम्पत्ति लेने की मंशा से उनकी पत्नी होने के जो जो कागजात चाहिए थे वह कागजात मैने फर्जी तरीके से चोरी छिपे बनवा लिया था और इंद्रजीत सिंह की 22 बीघा जमीन जो ग्राम कोयलरा में निमार्णाधीन विश्वविद्यालय के पास है जिसकी कीमत इस समय करोड़ों में है को अपने नाम कराकर अच्छे दामों पर बेचना चाहते थे जिसके लिए मैने अपना फर्जी आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर में इंद्राज जन्मतिथि को बदलवाकर मैने जमीन अपने नाम कराने के नियत से न्यायालय में आवेदन भी कर दिया था जिससे जमीन मेरे नाम हो जाये और उसे अच्छे दामों में किसी को बेंच दें । लेकिन यह बात उनके घरवालों को पता लग गयी और उन्होने मेरे खिलाफ मुकदमा लिखवा दिया ।

# नारी शक्ति की मिसाल थीं अहिल्याबाई होल्कर



बलरामपुर। जनपद के एक दिवसीय भ्रमण कर दौरान प्रभारी मंत्रि सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम , खादी एवं ग्रामोद्योग , रेशम विभाग ,हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उत्तर प्रदेश श्री राकेश सचान जी द्वारा जिला पंचायत सभागार में माता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम में किया प्रतिभाग किया गया । इस दौरान विधायक बलरामपुर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल , जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू मौजूद रहें। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि भारत के इतिहास में कई ऐसी वीरांगनाएं हुई जिन्होंने अपने अद्वितीय साहस एवं दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है , इन्हीं में से एक थी मालवा राज्य की महारानी माता अहिल्याबाई होलकर। उन्हें आज भी एक आदर्श प्रशासिका , न्याय प्रिय शासिका के रूप में जाना जाता हैं। उन्होंने प्रशासनिक क्षमता, न्याय व्यवस्था एवं परोपकारी कार्यों से शासन चलाया। उन्होंने बुद्धिमत्ता, करुणा और नेतृत्व क्षमता से नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण पेश किया, उन्होंने राज्य को मजबूत करने के लिए अपने नेतृत्व में महिला सेना की स्थापना की। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने में कई कार्य किए। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 की जयंती के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण योजनाओं की सौगात दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ज्य सरकार द्वारा अनेको महिला सशक्तिकरण योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी , ब्लॉक प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी कार्यक्रम का आयोजन



सिद्धार्थनगर- रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत लोहिया कला भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर शामिल हुए। मंत्री राजभर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की महान नारियों में से एक हैं। उन्होंने नारी शक्ति और प्रशासनिक दक्षता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित चांड़ी गांव में हुआ था। उनके पिता मानकोजी शिंदे मराठा साम्राज्य में पाटिल पद पर कार्यरत थे। विवाह के बाद अहिल्याबाई मालवा राज्य की महारानी बनीं। उन्होंने काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका और रामेश्वरम जैसे तीर्थ स्थलों पर मंदिरों, कुओं, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करवाया।इस दौरान कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में विकसित भारत में महिलाओं को बराबर का दर्जा मिला है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान और पूर्व विधायक इटवा डॉ. सतीश द्विवेदी भी मौजूद रहे।

# सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हुआ प्रधान पुत्र का अन्तिम संस्कार

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के नरवल गांव में जानलेवा हमले में प्रधान के बेटे मृतक नरसिंह बहादुर सिंह का मंगलवार की सुबह तनावपूर्ण माहौल में गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। लखनऊ के एक अस्पताल में सोमवार को सायं चार बजे इलाज के दौरान गंभीर चोट के कारण नरसिंह बहादुर सिंह की मौत हो गयी थी। पीएम के बाद रात करीब दस बजे शव घर पहुंचा तब परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। मंगलवार की सुबह परिजनों ने सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस व घटना में विपक्षियों द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें को निरस्त किये जाने की मांग उठायी। एसपी डा0 अनिल कुमार ने पीड़ित परिवार के साथ हुई फोनिक वार्ता में शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू कराये जाने को कहा। एहतियातन एसपी के निर्देश पर देव नारायण सिंह उर्फ मिंटू के साथ सुरक्षा की दृष्टि से एक आरक्षी की तैनाती की गयी है। वहीं उदयपुर पुलिस ने विपक्षी अंकित सिंह द्वारा दर्ज करायी गयी मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी के केस को साक्ष्य के विपरीत कथित घटना करार देते हुए समाप्त कर दिया है। मृतक नरसिंह बहादुर सिंह का शव पहुंचने पर मंगलवार को प्रधान कमला देवी व मृतक के भाई मिंटू सिंह के दरवाजे गांव तथा आसपास के लोगों का भारी मजमा जुट गया। एहतियातन प्रधान के दरवाजे पर एक सेक्शन पीएसी व उदयपुर एसओ के अलावा सांगीपुर तथा लीलापुर थाने के एसओ भारी फोर्स के साथ डटे दिखे।

# मोदी सरकार की विदेश नीति में भटकाव को ठहराया पीड़ादायक

प्रतापगढ़। स्थानीय कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र ने पं. नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।



वर्चुअल संबोधन में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं. नेहरू ने गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के जरिए भारत की सम्प्रभुता तथा अखण्डता की मजबूती में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होनें कहा कि पं. नेहरू के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में परिपक्व विदेश नीति के साथ देश के तेजी से आर्थिक विकास को भी मजबूत दिशा मिल सकी। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज मोदी सरकार की कमजोरी के कारण देश की विदेश नीति पर आंच आ रही है। उन्होने कहा कि अमेरिका भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर में जिस तरह से एकतरफा भूमिका मे जबरिया सामने आया उससे देश की स्वतंत्र विदेश नीति आज जबाबदेही के घेरे मे आ गयी है। उन्होने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड टंज्प द्वारा छः-छः बार दोनों देशो के बीच सीजफायर की बात दुनिया में घूम घूम कर कह चुकें हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके बावजूद प्रधानमंत्री और सरकार इस दावे पर वहां के राष्ट्रपति अथवा सरकार से प्रतिवाद तक नही कर पा रहे हैं।

# द्वारिकाधीश के जयघोष के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



प्रतापगढ़। पूरे रामदत्त नारायणपुर में श्रीमदभागवत कथा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथाव्यास दण्डी स्वामी विनोदानंद जी सरस्वती महराज की अगुवाई मे कलश यात्रा नारायणपुर से विकास नगर होते हुए गिरिजाधाम पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालु हरे कृष्ण हरे राधे संकीर्तन के जाप के साथ कथास्थली पहुंचे। कलश यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण किये द्वारिकाधीश के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखी। प्रयागराज के स्वामी विनोदानंद जी सरस्वती जी महराज ने कहा कि भगवान की कथा के श्रवण मात्र से जीवन के समस्त पुण्य खिल उठते हैं। उन्होने कहा कि भगवान के नाम के जाप को सदैव आत्मा की शुद्धता से करना चाहिए। उन्होनें बताया कि कृष्णावतार धर्म के मूल्यों के संरक्षण का शाश्वत संदेश है। संयोजक पं. रूप नारायण मिश्र एवं सुषमा मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। साहित्यकार महादेव मिश्र बम बम ने श्रद्धालुओं की ओर से विनोदानंद सरस्वती जी महराज का सारस्वत सम्मान किया। सह संयोजक तीर्थराज मिश्र ने कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। इस मौके पर सुरेश नारायण मिश्र, शिव नारायण मिश्र, प्रेम नारायण मिश्र, रेखा देवी, निर्मला देवी, राधा, शशि देवी, राज नारायण मिश्र, कृष्ण कुमार, शारदा शंकर मिश्र आदि रहे।

# तीसरे मंगलवार को राहगीरों को पिलाया शरबत



प्रतापगढ़। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को तहसील इलाके में जगह जगह राहगीरों में शरबत वितरण किया गया। लालगंज कस्बे में चौक, कालाकांकर मार्ग, बड़े हनुमान जी मंदिर के समीप, संगम चौराहे, हरिहरमंदिरम आदि जगहों पर जगह जगह राहगीरों को शरबत पिलाया गया। वहीं सगरा सुंदरपुर में कुलदीप तिवारी सोनू, प्रमोद मिश्र, मनोज दुबे, राजेन्द्र मिश्र, प्रमोद जायसवाल, वीरेन्द्र उपाध्याय, अंशू मिश्र, शाश्वत मिश्र, पिंटू मिश्र के संयोजन में राहगीरों में शरबत वितरण किया गया। हिरऊ का पुरवा बेलहा में अवध नारायण, राज नारायण व श्याम नारायण के संयोजन में राहगीरों को शरबत के साथ हलुआ पूड़ी का प्रसाद भी वितरण किया गया। पूरे वासी रामपुर बावली में राजेश पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय की अगुवाई में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम व वीर बजरंगबली के जयकारे भी लगाते दिखे।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा बैंकिंग का अभ्यास




कटरा। श्रावस्ती स्थित राजकीय महामाया इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के सातवें दिन बच्चों को बैंक की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य निकिता वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कैंप के अंतर्गत विद्यालय परिसर में एक छोटा सा बैंक बनाकर बच्चों को उसमें जमा-पैसे निकालने का फॉर्म भरना और चेक काटना सिखाया गया। प्रधानाचार्य निकिता वर्मा ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में आत्मविश्वास और व्यवहारिक ज्ञान का विकास होता है। कैंप में योग क्रियाएं, लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा सहित कई रचनात्मक गतिविधियाँ कराई जा रही हैं, जिससे बच्चे अपने जीवन में नई दिशा तय कर सकें। इस अवसर पर रितिक साहू, ममता विमल सहित विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को सजा

सिद्धार्थनगर- आपरेशन कन्विक्शन के तहत नाबालिग से छेड़खानी के मामले में आरोपी को कड़ी सजा मिली है। पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद कोर्ट ने आरोपी को 3 साल की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में डुमरियागंज थाना क्षेत्र का यह मामला सामने आया। न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार ने पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी राकेश पांडेय को दोषी पाया। राकेश पांडेय अंदुआ शनिचरा का रहने वाला है। कोर्ट ने आरोपी को 3 साल का कठोर कारावास और 15 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इस मामले में जिला मॉनिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक और न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी बावनजीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह मामला वर्ष 2016 का है, जिसमें आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



सिद्धार्थनगर- मंगलवार को सांसद जगदंबिका पाल की पहल पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। खुनियांव विकासखंड के बजरा भारी ग्राम पंचायत और करौंदा खालसा में यह शिविर लगाया गया। एनटीपीसी लिमिटेड के सामाजिक दायित्व के तहत कुल 25 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में शरीर का सामान्य परीक्षण किया जा रहा है। इसमें रक्त, शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच शामिल है। साथ ही आंखों, नाक, कान, गला और हड्डियों की भी जांच की जा रही है। सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जा रही हैं। प्रत्येक गांव में 15 सदस्यों की टीम जा रही है। स्वास्थ्य विभाग दवाओं का वितरण कर रहा है। एनटीपीसी लिमिटेड कमजोर दृष्टि वाले लोगों को निशुल्क चश्मे प्रदान कर रहा है। सांसद जगदंबिका पाल ने दोनों शिविरों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को गंभीर बीमारियों का पता नहीं चल पाता। हर कोई जांच के लिए बाहर नहीं जा सकता। इसलिए हर विधानसभा में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। सभी मरीजों की जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मोतियाबिंद या अन्य ऑपरेशन के लिए मरीजों से संपर्क करेंगे। शिविर में सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जयवर्धन तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चार अवैध डुप्लेक्स सील, ध्वस्तीकरण से बचाने का प्रयास

- सरकार और प्राधिकरण की छवि खराब करने वालों पर उपाध्यक्ष को लेना होगा कड़ा एक्शन

जिला संवाददाता (vol)

**मेरठ ।** प्राधिकरण की आवासीय योजना में विश्वास कर जनता महंगे मकान ,डुप्लेक्स अथवा भूखंड खरीदनी है ताकि उसे स्वीकृत मानचित्र, विवाद रहित सभी सुख सुविधा मिल सके। जनता के इसी विश्वास को अब जहां प्राधिकरण के अधिकारी लालच के वशीभूत तोड़ रहे हैं वहीं जनता को बिल्डर द्वारा भी ठगा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) की आवासीय योजना गंगानगर पी पॉकेट के भूखंड नंबर 96 से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह लोगों को ठगने के लिए बिल्डर प्राधिकरण के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर खेल को अंजाम देने में लगा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेडा प्रवर्तन खंड



डी 4 क्षेत्र के गंगानगर पी पॉकेट में भूखंड नंबर 96 पर प्राधिकरण से बिल्डर द्वारा आवासीय में नक्शा स्वीकृत कराया गया था लेकिन इस आवासीय मानचित्र के विपरीत बिल्डर ने इस भूखंड पर अवैध चार डुप्लेक्स का निर्माण कर दिया जिसकी चर्चा शहर में जोरों पर है। यदि हम शहर के लोगों की बात माने तो बिल्डर एक डुप्लेक्स की कीमत 1 करोड़ से अधिक की मांग रहा है और लोगों को प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत की बात कह रहा है जबकि प्राधिकरण से डुप्लेक्स में मानचित्र स्वीकृत ही नहीं है और कंपाउंडिंग होनी भी संभव नहीं है इस खेल में अकेला बिल्डर शामिल नहीं है क्योंकि इस खेल में शुरू से ही प्राधिकरण के इंजीनियर तथा अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। विगत दिनों दैनिक वायस ऑफ लखनऊ ने इस खेल को उजागर करते हुए विगत 9 अप्रैल 2025 के अंक में इस भूखंड पर आवासीय मानचित्र के विपरीत अवैध 4 डुप्लेक्स या छात्रावास बनाए जाने की आशंका व्यक्त की थी। उस दौरान तत्कालीन अवर अभियंता ओमपाल सिंह यादव ने भी स्वीकार किया था कि मानचित्र के विपरीत अवैध कमर्शियल निर्माण किया जा रहा है जिस पर सील की कार्रवाई तथा एफआईआर की जाएगी लेकिन डेढ़ महीना बीत जाने के बावजूद भी आज तक इस अवैध चार डुप्लेक्सों पर सील की कार्यवाही नहीं की गई है और लगातार निर्माण कार्य जारी है। जिसके चलते बिल्डर लोगों को धोखा देकर अवैध डुप्लेक्स को बेचने का प्रयास कर रहा है एक डुप्लेक्स की कीमत 1 करोड़ से अधिक की बताई जा रही है आखिर प्राधिकरण के अधिकारी तथा इंजीनियर किसी लालच या डर के वशीभूत होकर प्राधिकरण के विश्वास को भी जनता के बीच से खत्म करने का काम क्यों कर रहे हैं अब अवैध चारों डुप्लेक्स तैयार हो चुके हैं लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी अभी भी इन अवैध डुप्लेक्स पर सील ,ध्वस्त की कार्यवाही से कतरा रहे हैं। सरकार तथा मेला की छवि खराब करने वालों पर आईएएस अधिकारी उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा को कड़ा एक्शन लेना होगा ताकि भविष्य में कोई हिम्मत न जुटा सके।

मेडा के जोनल अधिकारी अर्पित यादव का कहना है कि आवासीय भूखंड पर नियम विरुद्ध अवैध 4 डुप्लेक्स बनाने का मामला उनके संज्ञान में आया है जिस पर वह अग्रिम कार्यवाही करते हुए सील तथा ध्वस्त की कार्यवाही करेंगे।

लखनऊ नगर निगम
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2612639, ई-मेल: nnlko@up.nic.in
ई-निविदा सूचना सं0 : 30/मु०अ०/25-26 दिनांक : 27.05.2025
ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति अल्पकालिक निविदा सूचना
ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक 10.06.2025 को 01 कार्य हेतु ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी०/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 10.06.2025 को अपराह्न 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी, जिन्हें दिनांक 10.06.2025 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। मुख्य अभियन्ता

संक्षेप

## कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू को याद किया

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पूर्णश्रद्धा के साथ उनके विशद विस्तृत उनके दर्शन व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित शहर अध्यक्ष मो राशिद व संचालन पूर्व शहर महासचिव अवनीश वर्मा ने की। पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने चाहे वह कांग्रेसी हो काली टोपी पहनता है तो वह आरएसएस का कार्यकर्ता है। पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने नेहरू के जीवन पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अरुण यादव, प्रशांत तिवारी, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, सरवर अली, संजय दोहरे, सरला जाटव, अंसार अहमद, अंबुज त्रिपाठी, प्रभुदयाल शाक्य, प्रदीप द्विवेदी, मोहनलाल प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार पुनिया, अंसार अहमद उपस्थित रहे।

## सांसद जितेंद्र दोहरे ने किया एसएस क्रॉकरी का उद् घाटन

इटावा। नगर के कबीरगंज स्थित पहलवान एस एस क्रॉकरी का समाजवादी पार्टी के सांसद जितेंद्र दोहरे ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर दुकान के संचालक अब्दुल गफ्फार, दिलशाद चिश्ती पहलवान व मोहम्मद सरफराज ने मुख्य अतिथि श्री दोहरे का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। दुकान के संचालक दिलशाद चिश्ती ने उद्घाटन अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि उनके यहाँ डिनर सेट, लेमन सेट, कुकिंग सेट आदि क्रॉकरी का सभी सामान उचित दाम पर उपलब्ध है। अंत में उन्होंने सांसद श्री दोहरे व उद्घाटन अवसर पर पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फरहान शकील, अब्दुल माबूद अंसारी, आलोक दीक्षित, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, रौनक इटावी, हाजी अजीम वारसी, वाईके शफी चिश्ती, रिजवान कुरैशी, राजीव चंदेल, एसएम मुस्तकीम, जैनुल आबदींन, धर्मेंद्र जैन, अवधपाल यादव, कुलदीप जाटव, रोहित जाटव, जसवंत सिंह दीपू, पंकज आदि मौजूद रहे।

## निजीकरण से जनता को महंगी बिजली का जोरदार झटका लगेगा: मुकुट

इटावा। हाजीपुरा मंदिर चैराहे पर किसान सभा द्वारा आयोजित सभा में किसानो मजदूरों ने एकजुट होकर बिजली निजीकरण-स्मार्ट मीटर योजना रदद करने, समसपुर-विरौंधी माइनर की सफाई तथा बिजली कटौती रोकने आदि मांगों पर 11 जून को कचहरी पर प्रदर्शन में भाग लेने का संकल्प लिया। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने बतौर मुख्यवक्ता कहा कि योगी सरकार ने चुनाव में सभी को 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था किंतु पलटी मारते हुए इटावा सहित 42 जिलों की बिजली पूंजीपतियों को (प्रथम चरण) में सौप दी है। जिससे जनता को मंहगी बिजली का जोरदार झटका लगने जा रहा है। बिजली का निजीकरण जनविरोधी कदम है, इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य, चंद्रशेखर कृषि विश्वविधालय के पूर्व सहायक कुलसचिव डा0 शौकीन सिंह ने किसानो से अपनी प्राणलेवा समस्याओ से छुटकारा पाने के लिए एकजुट होकर आंदोलन करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी एकता ही बचाव की गांरटी है और कोई उनकी सुनने बाला नही है, गांवो में कमेटियो के गठन कर किसानो को संगठित करें। सभा की अध्यक्षता रामदास, संचालन मंत्री प्रदीप यादव ने किया। क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, शिवराज सिंह, रवीन्द्र यादव बृजेश तिवारी (विवौली), नरेश तिवारी, बृजेश तिवारी (पीपरीपुरा) आदि सहित बडी तादाद में किसानो ने भाग लिया।

**सूचना**

सूचित करना है मैंने अपने पुत्रों मो. इमरान व मो. सलमान को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यो से कोई सरोकार नहीं होगा। मो. आलम पुत्र लल्लन निवासी-मरकामऊ, थाना बदोसराय, बाराबंकी।

# सीएम ने 11 नवयुगलों को भेंट किया उपहार-शगुन किट



सरहरी, गोरखपुर। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से 11 नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया। उपहार देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। मंच पर जोड़ों को आशीर्वाद देने के अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंडप में भी गए। मंडप की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने नवयुगलों पर पुष्प वर्षा कर उनको और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह और पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

## हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए सीएम योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मनोकामना सिद्ध श्रीरामजानकी हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर में प्रतिष्ठित देव विग्रहों का दर्शन-पूजन करने के साथ ही उन्होंने मंदिर के ब्रह्मलीन महंत प्रेमदास की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मनोकामना सिद्ध श्रीरामजानकी हनुमान मंदिर गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार के समीप स्थित है। वर्ष 2001 में तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी के सानिध्य में इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर इसे भव्य स्वरूप दिया गया था। आज इस मंदिर के स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ। उन्होंने मंदिर में स्थापित सभी देव विग्रहों का दर्शन और विधिविधान से पूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने इस मंदिर के पूर्व महंत गोलोकवासी प्रेमदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर काशी से आए जगद्गुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, मनोकामना सिद्ध श्रीरामजानकी हनुमान मंदिर के वर्तमान महंत रामदास, मंदिर के व्यवस्थापक अजय सिंह, अयोध्या से आए जानकीघाट मंदिर के राम बालक दास, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास, बलराम दास, हरिशंकर दास सहित बड़ी संख्या में साधु-संत उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने लक्ष्मण नारंग को दी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व पार्षद और सिंधी समाज के नेता रहे लक्ष्मण नारंग के घर जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरक्षपीठ के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले लक्ष्मण नारंग का विगत दिनों निधन हो गया था। गोरखपुर प्रवास के दौरान मंगलवार दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके गोरखनाथ मोहल्ले स्थित आवास पर पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय नारंग के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

## मनीष की पुण्य स्मृति पर ओपीडी निःशुल्क




इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रो. आ पी तिवारी तथा उमा तिवारी के सुपुत्र स्व. मनीष तिवारी की पुण्य स्मृति में श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में ओपीडी निःशुल्क रखी गई, जिसमें 90 लोगों का सभी जांचों समेत निःशुल्क परीक्षण हुआ तथा उन्हें दवाएं और चश्मे भी निःशुल्क दिए गए। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा करके दिवंगत मनीष तिवारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने कहा कि मनीष एक बहुत ही होनहार युवक थे इसलिए उनका अल्पायु में इस दुनियां से चला जाना केवल एक परिवार नहीं बल्कि समाज की बहुत बड़ी क्षति है। लेकिन उसकी पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा का लाभ समाज को दिलाकर उनके माता पिता ने वास्तव में उसकी कीर्ति को अमर बनाने का काम किया है। अस्पताल के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि अगले वर्ष स्व. मनीष की स्मृति में और बड़ा कार्यक्रम करके अधिक से अधिक लोगों को चिकित्सीय लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सालय संचालन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा, एस एन दुबे, घनश्याम तिवारी, संतोष मिश्रा शास्त्री, रमाकांत पाठक, नेत्र सर्जन डा. एसपी शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव, डा. प्रभाकर कटियार, डा. आदर्श राजौरे, अवधेश पचैरी, सुधीर मिश्र, अवधेश सविता, उमाकांत पाठक, शिवेंद्र यादव, मुजफ्फर अली, रघुवीर यादव, ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी का आभार मनीष के भाई आशीष तिवारी ने जताया। इस मौके पर स्व. मनीष की माताजी उमा तिवारी भी मौजूद रहीं।

## मुख्यमंत्री से मिलकर ग्राम प्रधान ने गांव में पीएचसी व बारातघर बनवाने की मांग



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा के क्षेत्र के रामपुर बघौरा की प्रधान अल्पना सिंह ने मंगलवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिवार संग मुलाकात कर गांव के विकास पर चर्चा की। तथा उनके समक्ष गांव के विकास के लिए पीएचसी व बारातघर बनवाने की मांग किया। मंगलवार को सुबह 10.15 बजे प्रधान अल्पना सिंह व पति अखिलेश सिंह परिवार के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुलाकात हुई। ग्राम प्रधान श्रीमती सिंह ने बताया कि 15 मिनट की मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री जी से गांव के विकास पर चर्चा हुई और उनका स्नेहिल आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। इससे पूर्व मंदिर की आकृति का स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन भी किया गया। गांव के विकास को लेकर उन्हें एक पत्रक भी सौंपा गया है। जिसमें गांव में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व बारात घर बनवाने की मांग की गयी है। इस उपलब्धि पर ब्लांक प्रमुख शिवाजी चन्द, अंकित चन्द, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, दीपक दिवाना, आशुतोष सिंह, विजय कन्नौजिया, दुर्गेश सिंह, अच्छेलाल यादव आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को किया गया प्रसाद वितरण




चौरीचौरा, गोरखपुर। ज्येष्ठ माह का हर मंगलवार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले हर मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को सरदार नगर क्षेत्र के टेल्हनापार में संकट मोचन पंप पर अर्जुन प्रसाद उपाध्याय द्वारा हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया। तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। श्री उपाध्याय ने कहा कि ऐसी मान्यता है कि जेस्ठ माह केमंगलवार पर ही भगवान राम से हनुमान जी की पहली बार मुलाकात हुई थी। इसलिए इस तिथि को हनुमान जी और प्रभु राम के मिलन की तिथि को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में सरदारनगर के हनुमान मंदिर पर समिति के सदस्यों द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया।

उक्त अवसर पर जयशंकर उपाध्याय, पवन उपाध्याय विनोद यादव रमानिवास पांडेय, पवन सिंह, राजू सिंह, किशन निगम, दयानंद पांडेय, रुद्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विद्युत हड़ताल को लेकर 56 मजिस्ट्रेट तैनात




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विद्युत हड़ताल को लेकर विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि सब स्टेशन के लिए दो-दो प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि 56 मजिस्ट्रेट की ड्यूटी विद्युत हड़ताल के मददेनजर लगाई गई है एवं उन्होंने सभी को ड्यूटी के बारे में विस्तार से अवगत कराया साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत विभाग एवं उनके एक्शिरन से समन्वय स्थापित करके विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक मजिस्ट्रेट को एक सब स्टेशन दिया गया है इसमें किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से समन्वय स्थापित करके विद्युत आपूर्ति को अवश्य सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत एक्शियन हनुमान प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पहले बेटे ने पुल से नदी में लगाई छलांग, खबर पाकर मां भी कूदी

- **बेटे के पुल से नदी कूदने की सूचना मिलते ही मां ने भी लगाई छलांग**
- **मां को डूबने से लोगों ने बचाया, बेटा लापता, तलाश जारी**



मझगांवा/गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के रकहट स्थित राप्ती पुल से एक युवक ने छलांग लगा दी। युवक के छलांग लगाते देख कुछ राहगीरों ने शोर मचाया व गगहा पुलिस को सूचना दी। युवक की तलाश में स्थानीय लोग नदी में उतर युवक की तलाश करने लगे तभी युवक की मां को अपने बेटे को नदी में कूदने के बारे जानकारी हुई तो वह भी रकहट स्थित राप्ती नदी के किनारे से छलांग लगा दी। महिला को नदी के किनारे से छलांग लगाते देख स्थानीय लोगों ने बचा लिया। वहीं युवक की तलाश में एनडीआरएफ की टीम नदी में उतरकर खोज रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सेमरवासा निवासी रामप्रवेश निषाद की 16वर्षीय पुत्र जितेंद्र निषाद मंगलवार को सुबह छह बजे घर से निकला था वह लगभग नौ बजे रकहट स्थित राप्ती पुल पर पहुंचकर पुल पर चप्पल और मोबाइल निकाल कर नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगाते देख कुछ स्थानीय शोर मचाकर मौके पर पहुंचे साथ ही गगहा पुलिस को सूचना दी। युवक का नदी में कूदने की जानकारी पाने पर 52वर्षीय मां सुतारी देवी दस बजे के करीब नदी के किनारे पहुंची और नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने सुतारी देवी को बचा लिया। लेकिन जितेन्द्र का अभी तक पता नहीं चल पाया है। एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर राप्ती नदी में युवक की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चला और तलाश जारी है।

रामप्रवेश निषाद के छह संतानों में जितेन्द्र निषाद पांचवें नम्बर का था। नदी में कूदने कारण के बारे में परिजन नहीं बता रहे। परिजन ने बताया की दूसरे बेटे शिवराज की शादी 29मई को सुनिश्चित था हम सब शादी के तैयारी में जुटे हैं। जितेन्द्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया हम सब को पता नहीं है।

इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम नदी में उतरकर युवक की तलाश कर रही है।

## ट्रक का टायर फटने से रिटायर्ड दरोगा की मौत

इटावा। सैफई करहल मार्ग पर सोमवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के रिटायर्ड दरोगा सदाबिहारी (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सहित चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सैफई पेट्रोल पंप के समीप तिहारे मोड़ पर हुआ, जब एक ट्रक का अचानक टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ऑटो से जा टकराया। रिटायर्ड दरोगा सदाबिहारी अपनी पत्नी सुहागा देवी (62) के साथ इलाज के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय आए थे। दवा लेकर लौटते समय यह हादसा हो गया। दर्दनाक टक्कर में सदाबिहारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। ऑटो को चला रहा 18 वर्षीय साहिल, निवासी उझियानी, जिसके साथ अन्य तीन सवारियां थीं। इनमें शामिल थीं विनीता देवी (40), निवासी भिंड (मध्य प्रदेश), और उनकी भतीजी रश्मि, निवासी धन्ना हार।

## जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित



चरगांवा, गोरखपुर। आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन उ0प्र0 की अति महत्वाकांक्षी जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डाक्टर दिग्विजय दास के नेतृत्व में उनके कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि प्रदेश में चार जिलों मे ही यह योजना शुरू की गयी है, जिसके अन्तर्गत जिले के 20 विकास खण्ड में एक एक चिकित्सालय को चिन्हित किया गया हैं। कार्यशाला में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक उपस्थित थें। जिसमें डा० दास द्वारा बताया गया कि इस योजना में मानसिक रूप से अस्वस्थ, असहाय एवं बुजुर्ग लोगो, अत्यन्त गम्भीर एवं जटिल रोगों से पीड़ित लोगों जैसे- कैंसर, स्ट्रोक, फालिस, अल्जाइमर्स, आर्गन, फेलियर, एड्स, मानसिक बिमारी, अवसाद, बच्चों में सेरेब्रल पालसी, इत्यादि रोगों से पीड़ित लोग को आयुष पद्धति द्वारा सुगम उपचार व प्रोत्साहन किया जाना हैं। प्रत्येक विकास खण्ड में एक-एक टीम बनाई गयी है, जो समय-समय पर क्षेत्र में भ्रमण करके ऐसे रोगियों का स्क्रीनिंग करके सुगम उपचार करेगी।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना :** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। 1. खुली अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी-02/2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, भरथना पर 100एम.वी.ए. 220/132 के.वी. परिवर्तक प्रोटेक्शन पैनल को बदलने एवं 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, दिबियापुर पर 33 के.वी. ट्रिपल फीडर कंट्रोल एण्ड रिले पैनल को बदलने तथा ढुलाई इत्यादि का कार्य। 2. खुली अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी-03/2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220/132के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित परिवर्तकों में लगे पंखों की सर्विसिंग, रिवाइडिंग एवं रिपेरिंग इत्यादि का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा। ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' (पत्रांक : 831, दिनांक 27.05.2025)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 17वाँ. (वि./याँ.) वृत्त लो.नि.वि.**

**96 महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ**

**पत्रांक :- 1094/11CBW-17E/M/2025.26** **दिनांक: 26.05.2025**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति के अन्तर्गत प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 30.05.2025 से दिनांक 14.06.2025 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 14.06.2025 अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में) | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद सीतापुर में नैमिषारण्य में भूतल पर 04 कक्षों के निरीक्षण भवन/गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य (भविष्य में जी+3) तल तक संरचनात्मक परिकल्पना सहित का विद्युतीकण का कार्य। | 20.45+ जी.एस.टी. अतिरिक्त | 2.05 | 06 Months | 854.00 | लो.नि.वि., में विद्युत कार्यो हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

शासनादेश सं.-1/2018/3070/78-2-2018/42आई.टी./2017(22) दिनांक 03/01/2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय विड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी ।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है ।

**(रंजीता प्रसाद)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**याँत्रिक खण्ड,**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

**(आर.एम. श्रीवास्तव)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**17वाँ. (वि./याँ.) वृत्त**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

UPID-234342 Date: 27.05.2025 Website : wwwupgovnicin

## समर कैम्प में बच्चों ने की मस्ती और सीखे योग के महत्व



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के सुअरज स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर आयोजित तीन दिवसीय समर कैम्प के दूसरे दिन प्राइमरी वर्ग के बच्चों ने जमकर आनंद उठाया। रैन डांस, जुंबा डांस व एरोबिक डांस में जमकर मस्ती की। तो पुल पार्टी का जमकर लुफ्त भी उठाया। योगासन कर जीवन में योग के महत्व को भी सीखा। कार्यक्रम के दूसरे दिन कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए विभिन्न कार्यकम जैसे पूल पार्टी, रैन डांस, जुंबा डांस, एरोबिक डांस, मूवी तथा आज का मुख्य आकर्षण योगासन एवं प्राणायाम रहा। जिसमें स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव एवं लाभ से छात्रों को अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में भाग लिए छात्र रामेश्वर श्याम कसौधन, पालकी तिवारी, कृति शुक्ला, गौतम मौर्य, रुद्रांशी, मानसी, आरुषि, सान्वी, सान्या, सौम्या मौर्य, स्मृति, शिखा, दिव्यांश, अंश, आदित्य, अनुराग, इत्यादि छात्रों ने आत्मसंतुष्टि का आनदं लिया, और समर कैंप के उद्देश्य की पूर्णतः सफल बनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य सेवक प्रदीप सिंह एवं शिक्षा निदेशिका श्रीमती रत्ना सिंह, प्रिंसिपल एस के मिश्रा, राहुल यादव व शिक्षक गण वीरेंद्र मौर्य, अमित दीक्षित, आकाश चंद, विशाल विशाल विश्वकर्मा, मुकेश प्रजापति, राजन, खुशबू, काजल, खुशबू चंद, फरजाना, शकीला, नीलू तिवारी, घनश्याम मौर्य तथा अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## तीन बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र में रविवार की रात्रि को भदामई नहर पुल के पास दंपती व उसकी बेटी के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले पल्सर सवार तीन बदमाशों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही मुठभेड़ में पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि गैंग का मुख्य सदस्य बलराम है। उसके ऊपर करीब 34 मामले दर्ज हैं जबकि दुर्वेश पर 17 व सौरभ पर 15 मामले दर्ज हैं। बसरेहर थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि दो बदमाशों के दाएं पैर में गोली लगी है जिससे वह घायल हो गए। एक सिपाही अरविंद चैधरी भी घायल हुआ है। उन्हें बसरेहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए आरोपित बलराम पुत्र रामरतन निवासी कोतवाली-मैनपुरी, दुर्वेश पुत्र करमचंद्र निवासी नगला पूठ करहल-मैनपुरी, सौरभ पुत्र बलवीर निवासी रामनगरिया कोतवाली मैनपुरी के रहने वाले हैं। बताया गया है कि भरथना व बसरेहर पुलिस द्वारा सोमवार की शाम को भदामई नहर पुल के पास सायं छह बजे चेकिंग की जा रही थी तभी तीन युवक पल्सर पर आए, उन्हें रोका गया तो उन्होंने फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की जिसमें बलराम व दुर्वेश घायल हो गए। सौरभ ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सिपाही अरविंद चैधरी भी गोली लगने से घायल हो गया। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। इनके पास से दंपती व उसकी बेटी से लूटे गए जेवरात भी बरामद हुए हैं। इन्होंने भरथना क्षेत्र में सात मई और 18 मई की घटना को करना स्वीकारा है।

संक्षेप

## घर में घुसकर विवाहिता के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के एक गांव में घर पर अकेली विवाहिता के साथ दो सभी भाइयों ने घर में घुसकर जबरन छेड़छाड़ करने के विरोध पर पिटाई कर दी थी। पुलिस ने पीड़िता की सास के शिकायत पर एक महीने बाद आरोपी दो सगे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता की सास ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया 30 अप्रैल को वह रिश्तेदारी में बारात गई थी उसकी बहू घर पर अकेली थी मौका पाकर गांव के सगे भाई सुल्तान और बसंत ने मौका पाकर रात 8 बजे करीब घर में घुसकर बहू को दबोच लिया और कमरे के अंदर खींचने लगे विरोध को लेकर चीख-पुकार मचाने पर बसंत ने सर पर डंडे से प्रहार कर दिया जिससे वह लहू लुहान हो गई थी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पति पर लगाया मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल)कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पति पर शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मुडिया कंचनपुर निवासी कांति देवी पत्नी रमेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पति रमेश शराब के नशे में आये दिन गाली गलौज करते हुये मारपीट करता है। महिला का कहना है कि कई बार समझौता हो जाने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और घरेलू कलेश करता रहता है, बच्चों को कोई खाना खर्चा भी नहीं देता है।

## किशोरी प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी एक 16 वर्षीय को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जिसकी मां ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी की मां ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पुत्री 21 मई को अपरान्ह तीन बजे बिना बताये घर से चली गई। खोजबीन के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा।

## बस चालक से मारपीट तीन पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल)हैदराबाद थाना क्षेत्र में एक बस चालक की कुछ लोगों ने पिटाई करते हुये बस में तोड़-फोड़ की। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हापुड़ जिले के ग्राम अटसैनी निवासी बस चालक कादिर पुत्र सत्तार ने हैदराबाद थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार की शाम 4 बजे वह बस लेकर अजान से दिल्ली जा रहा था। इसी दौरान आवला जंगल के पास मोहम्मदी निवासी खुर्शीद पुत्र गुड्डू, अफसर व कुर्री ने बस रूकवाकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर बस के शीशे तोडते हुये लात घूसों व लाठी डन्डों से मारने पीटने लगे। बुलन्दशहर निवासी बस स्टाफ फैजान पुत्र इमरान व सोनू पुत्र ज्ञानचंद बचाने आये तो उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बेलरायां और संपूर्णानगर चीनी मिल प्रबंध समिति की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सम्पूर्णानगर के सभागार में दो चरणों में क्रमशः सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि.बेलरायां और किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लि. सम्पूर्णानगर की प्रबन्ध कमेटी की बैठक ली। इस बोर्ड की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर विचार कर मोहर लगाई गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीनी मिल के सभापति एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम दोनों चीनी मिल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष और समस्त संचालक मण्डल के सदस्यो से उनके सुझाव और फीडबैक प्राप्त किए। इस दौरान पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि की गई।

बैठक के एजेंडे के अनुसार सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, बेलरायां के प्रधान प्रबंधक महेन्द्र प्रताप ने विभिन्न प्रस्तावों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि, वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्ताव, मा० कृषकों के लिए किसान भवन एवं कैंटीन के माध्यम से सस्ती भोजन व्यवस्था की सुव्यवस्था और बजट, आगामी पेराई सत्र हेतु गन्ना उपलब्धता व गन्ना सर्वे की प्रगति, मिल की अद्यतन आय-व्यय बैलेंसशीट की समीक्षा तथा ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति जैसे बिंदु शामिल रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रस्तुत सभी बिंदुओं की समिति सदस्यों के साथ गहन समीक्षा की और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की। बैठक में प्रधान प्रबंधक महेंद्र प्रताप, एसडीएम राजीव कुमार निगम, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह, संचालक सदस्य प्रगट सिंह, प्रेसेनजीत गर्गवंशी, संतोष कुमार, दयाशंकर, सर्वेश कुमार, ललिता देवी, सरोजनी देवी,मनोज कुमार, रेशम सिंह, साधना पाण्डेय, अशोक चौधरी, चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, चीफ केमिस्ट राजेश त्रिपाठी, मुख्य लेखाकार भुवनेश कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह मौजूद रहे।

### सम्पूर्णानगर जीएम ने प्रबंध समिति के समक्ष रखे प्रस्ताव

बैठक में एजेंडे के अनुसार किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लिमिटेड, सम्पूर्णानगर के सचिव एवं प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव ने सभी प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। इनमें पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि, वर्ष 2025-26 के बजट पर विचार, कृषकों हेतु कैन्टीन एवं किसान भवन के संचालन की योजना, गन्ना उपलब्धता एवं सर्वे की समीक्षा, आय-व्यय की बैलेंसशीट की स्थिति तथा ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति शामिल रही। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने समिति सदस्यों संग इन प्रस्तावों की आवश्यकता पर विस्तृत समीक्षा कर सहमति प्रदान की। बैठक में प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रदीप सिंह सहित सभी संचालक सदस्य मौजूद रहे।

## चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण सहित नगदी पर हाथ किया साफ

जंगबहादुरगंज खीरी। अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ किया है। जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज के सटे ग्राम मस्तीपुर निवासी तुलसीराम पुत्र दयाराम गुप्ता ने बताया कि मेरा मकान नेशनल हाईवे 30 के किनारे है जहां में कबाड़ का काम करता हूं बीती दिनांक 26 मई की रात अज्ञात चोर पड़ोस में खाली पड़े मकान के बाहरी जीने के सहारे मेरे घर के कमरे में घुस आए, जिसमें रखे बक्से व अलमारी में से लगभग 170 ग्राम सोने के आभूषण, तीन जोड़ी चांदी की पायल व कबाड़ को बेचे हुए दो लाख पचास हजार रुपए की नगदी चोर चूरा ले गए है घटना की जानकारी जाने सुबह जागने पर हुई तो मैने घटना की जानकारी जे बी गंज पुलिस चौकी को दी सूचना मिलते ही तुरंत जे बी गंज पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई पुलिस को घर से कुछ ही दूरी पर खेतों में खाली डिब्बी बड़ी मिली।

## भक्ति और सेवा के संग मना बड़ा मंगल

शाहजहांपुर। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामचरण लाल धर्मशाला परिसर में भक्ति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस पावन आयोजन में महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भागीदारी की सुबह से ही मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सामूहिक सुंदरकांड पाठ की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालु हराम नामह के गुणगान में लीन होकर भगवान हनुमान की भक्ति में मग्न नजर आए। इस संगीतमय अनुष्ठान का संचालन संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश के मार्गदर्शन में किया गया। पूजा-अर्चना व अनुष्ठान की मुख्य सेवा पंडित नीरज बाजपेई द्वारा विधिपूर्वक संपन्न कराई गई। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को ठंडा शरबत, लड्डू व ताजे फल वितरित किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में गौरव त्रिपाठी सोनू अवस्थी अतुल कुमार मीनाक्षी अग्निवेश नलिनी ओमर गरिमा बाजपेई वेद प्रभाव बाजपेई भावना तिवारी रमन गुप्ता सुमन अग्निहोत्री रंजना कश्यप पूजा रस्तोगी अनेक महिला श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## डीआईजी के सख्त निर्देश ,अपराध से करें तौबा

शाहजहांपुर। पहुंचे डीआईजी का अपराधियों को संदेश अच्छा कार्य करें, अपराध से करें तौबा, शांति व्यवस्था बनाए रखें अगर कोई कानून व शांति व्यवस्था प्रभावित करेगा तो निश्चित सख्त कार्यवाही की जाएगी। बरेली रेंज के नवागत डीआईजी अजय कुमार साहनी ने शाहजहांपुर पहुंचकर रिजर्व पुलिस लाइन,पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित कोतवाली सदर बाजार एवं तिलहर थाने का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसपी राजेश द्विवेदी सहित तमाम पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## विधायक ने कराया भण्डारा

निघासन-खीरी। जेठ माह के तीसरे मंगल के मौके पर कस्बे के हनुमान गढ़ी व दुर्गा मंदिर के गेट पर हनुमान भक्तों ने स्टाल लगा राहगीरो को चना, हलुआ, पूड़ी



आदि का भंडारा कर भोजन कराया। हनुमान गढ़ी गेट पर विधायक शशांक वर्मा ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। वही क्षेत्र के कईं जगहों पर हनुमान भक्तो ने ठंडा मीठा शर्बत पिलाया। इससे पहले हनुमान जी का पूजन किया गया। शर्बत पिलाने का यह कार्यक्रम पूरा दिन चला। वही हनुमान गढ़ी मंदिर,गुलरीपुरवा, हरसिंहपुर,खैरहनी बंगलहा कुटी मंदिर सहित क्षेत्र में बड़े धूमधाम से भक्तो ने जगह जगह भंडारे का आयोजन किया। इसके अलावा तहसील परिसर में राजस्व कर्मचारियो ने सामूहिक भंडारे का आयोजन किया और तहसील आने वाले फरियादियो को मीठा बूंद आदि खिलाकर हनुमान जी पूजा अर्चना की।

## संगठन सृजन अभियान के तहत नेहरू जी को दी श्रद्धांजलि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) संगठन सृजन अभियान के साथ-साथ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमाओं एवं चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए गोष्ठियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने पंडित नेहरू के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

मुहल्ला भारत भूषण कालोनी स्थित कैंप कार्यालय में कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के पौराणिक शिव मंदिर के निकट स्थित तीर्थ सरोवर पर स्थापित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सीजीएन पीजी कॉलेज पहुंच पंडित जवाहरलाल नेहरू की दोनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कांग्रेस के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ,प्रेम कुमार वर्मा ,इकबाल अहमद खान , केके मिश्रा, नबी उल्ला, मतीन शाह, प्रदीप सिंह रघुनायक, मनीष वर्मा, पंकज पटेल ,विक्रम पटेल, शेर सिंह वर्मा, अजय श्रीवास्तव सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## प्रगतिशील किसानों ने किया एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रगतिशील किसानों ने बजाज चीनी मिल के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भ्रमण किया।

प्रगतिशील 60 किसानों के दल को युनिट हेड नीरज बंसल व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें गोला चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम बंजरिया, पहाड़नगर, हजरतपुर व ग्रंट नम्बर 3 में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी। गोला मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान प्रमोद कुमार साहनी के फार्म पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।



मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी। किसानों ने कहा कि हमने यहां जो देखा वह अत्यन्त प्रेरणादायक है खेतों में गन्ने की स्थिति बेहद संतोषजनक है, पौधे स्वस्थ हैं, पत्तियां हरी भरी और खेतों की देखभाल अत्यंत वैज्ञानिक तरीके से की ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाएगा। हमारा लक्ष्य किसानों की आय को दो गुना करना है।

इस मौके पर प्रबन्धक गन्ना संजीव चैधरी, अपर प्रबन्धक गन्ना धीरज मिश्र, प्रगतिशील किसान अनिल वर्मा, मुन्ना लाल वर्मा, ओमप्रकाश यादव, राजीव वर्मा, दयाराम व क्षेत्रीय कामदार मौजूद रहे।

## बड़े मंगल पर लगी शर्बत की छबील

पिपरिया धनी, खीरी। रेहरिया पुलिस चौकी पर स्थित भैरव बाबा मंदिर पर तीसरे बड़े मंगलवार को शर्बत का स्टॉल लगाया गया। जिसमें गोला मोहम्मदी रोड



हाईवे पर आने जाने वाले राहगीरों को रोक रोक कर शरबत पिलाया गया। इस मौके पर रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह व ग्रंट साहबगंज ग्राम प्रधान सुदेश कुमार,कांस्टेबल अभिषेक कुमार,कांस्टेबल शशि कपूर,अमरजीत सिंह,संजू शुक्ला,महिपाल रमाकांत,गोपी सिंह,स्वामी दयाल,विनोद सिंह,नरेंद्र राज,धर्मेंद्र कुमार,अमन सिंह आदि लोग मौके पर मौजूद रहें।

# बिना लाइसेंस के चल रहे बायोडीजल पंपों पर हुई कार्रवाई, पंप सीज



शाहजहांपुर। डीएम ने बायोडीजल के नाम पर चल रहे अवैध और मानक विहीन पंपों पर कार्रवाई कर हड़कंप मचा दिया। लगातार मिल शिकायतों का संज्ञान लेकर बायोडीजल पंपों पर छापामार कार्यवाही कर डाली।

बिना लाइसेंस और सुरक्षा मानकों के संचालन कर रहे हैं इन पंपों पर बायोडीजल के नाम पर घटिया गुणवत्ता का डीजल-पेट्रोल बेचा जा रहा था, जिससे एक ओर राजस्व की हानि हो रही थी, वहीं दूसरी ओर वाहनों और कृषि उपकरणों को भी नुकसान पहुंच रहा था। इसी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर 27 मई को 9 टीमों का गठन कर जनपद भर में इन अवैध पंपों पर एक साथ छापेमारी की गई। हर टीम में एक उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार के साथ खाद्य विभाग, पूर्ति निरीक्षक और बाट माप विभाग के अधिकारी शामिल थे। इन सभी टीमों ने समन्वित रूप से 9 अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित पंपों को सील कर दिया। ग्राम देवकली (बण्डा-नभीची रोड) परिसर, टैंक व नोजल सील, पीसताला (सिधौली थाना के सामने, ग्राम कोटाबारी पुवायां रोड, ग्राम दलेलापुर 100 लीटर डीजल बरामद, ग्राम ढकिया तिवारी सीलिंग की गई, ग्राम जौराभूस जलालाबाद कटरा मार्ग 1008.73 लीटर डीजल व 414 लीटर पेट्रोल बरामद, ग्राम राजनपुर द्वितीय तिलहर 101 लीटर पेट्रोल बरामद, ग्राम राजनपुर तिलहर सीलिंग, ग्राम ताहरपुर महानंदपुर रोड 1300 लीटर डीजल व 220 लीटर पेट्रोल बरामद किया। इन सभी स्थलों पर पंप बिना किसी वैध दस्तावेज, अनापत्ति प्रमाणपत्र या लाइसेंस के संचालित पाए गए। यह न केवल एचएसडी कंट्रोल ऑर्डर 1981, एमएस कंट्रोल ऑर्डर 2005, बल्कि शासनादेश संख्या-1185 24 अगस्त 2023 का भी उल्लंघन है। इस आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 व अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। कुछ स्थलों पर मापन डिप रॉड की अनुपलब्धता के कारण नहीं हो सका, जिन्हें नियमानुसार सील खोलकर जांच टीम की उपस्थिति में मापा जाएगा। साथ ही, सभी स्थानों से लिए गए डीजल-पेट्रोल के नमूनों की सैंपलिंग कर लैब में जांच हेतु भेजा गया है। यह कार्रवाई न केवल जिले में कानून का भय स्थापित करने वाली है, बल्कि आने वाले समय में ऐसे अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है।

## प्राइवेट कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर को हटाये जाने का वकीलों ने चलाया अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में काम कर रहे प्राइवेट कर्मचारियों को हटाने को लेकर अभियान चलाया। जिसको लेकर कुछ अधिवक्ताओं ने अभियान चला रहे अधिवक्ताओं का विरोध भी किया। तहसीलदार सुखबीर सिंह ने बताया कि मामला शनिवार का है ,जब तहसील में कार्यरत कानून को अजब सिंह अपने मानसिक विक्षिप्त पुत्र को लेकर तहसील आए थे। इस दौरान मानसिक विक्षिप्त पुत्र तहसील परिसर में ही किसी कंप्यूटर ऑपरेटर की दुकान पर पहुंच गया। इस दौरान विवाद बढ़ गया और कंप्यूटर ऑपरेटर का लैपटॉप क्षतिग्रस्त हो गया। जिसको लेकर कुछ लोगों ने कानूनगो अजब सिंह के साथ अभद्रता की। जिसको लेकर तहसील प्रशासन के द्वारा बिना लाइसेंस के तहसील परिसर में बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर को हटाने को लेकर अभियान चलाया गया। जिस पर अधिवक्ताओं ने कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ तहसील परिसर के विभिन्न विभागों में काम कर रहे प्राइवेट कर्मचारियों को हटाए जाने की बात कह कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि कुछ अधिवक्ताओं ने कंप्यूटर ऑपरेटर और प्राइवेट कर्मचारियों को हटाने का विरोध भी किया। जिसको लेकर लगभग दो घंटे हंगामा चलता रहा। तहसीलदार सुखबीर सिंह ने बताया कि शनिवार को अधिवक्ता के किसी मुंशी कंप्यूटर ऑपरेटर का कानून गो के साथ विवाद हो गया था।

## आरसी से वसूली कर डीएम करवायें गन्ना भुगतान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सहकारी गन्ना विकास समिति के निरीक्षण में आये लखनऊ परिक्षेत्र के गन्ना उपायुक्त राजेशधर दिवेदी और जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह से राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बजाज ग्रुप की चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ पर लगभग 400 करोड़, खम्भार खेड़ा पर लगभग 264 करोड़ और पलिया कला पर लगभग 262 करोड़ का गन्ना भुगतान मांगा। जिस पर गन्ना उपायुक्त राजेशधर दिवेदी कहा कि जिले में बजाज की तीनों चीनी मिलों की आरसी जारी की गई है अब चीनी मिलों से वसूली कर डीएम और एसडीएम भुगतान करायेंगे। श्रीकृष्ण वर्मा ने गन्ना उपायुक्त से कहा कि जिले की बजाज ग्रुप की तीनों चीनी मिलों के बकाया गन्ना भुगतान में अनियमितता पाये जाने पर सरकार के निर्देश पर प्रदेश के गन्ना आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय ने नौ मई को आरसी जारी की थी। लेकिन आरसी जारी होने पर भी बजाज चीनी मिलें भुगतान नहीं कर रही हैं और न ही भुगतान में तेजी ला रही हैं।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**पत्रांक :-590/पी.आर.ओ/ज.क.वि./न.नि.-शाह./2025-26** **दिनांक-27.05.2025**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

15वां वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त टाइड ग्रांट की धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु समिति की बाइसरकुलेशन बैठक दिनांक 29.03.2025 का कार्यवृत्त पत्रांक-556/एस.टी. . न.आ./न.नि.शाह./15FC/2025 दिनांक 29 मार्च, 2025 के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 26/06/2025 की अपरान्ह 03.00 बजे तक द्वितीय वार अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद् दिनांक 06/06/2025 की अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. | GST धनराशि | वेबसाइट मेन्टीनेंस शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर 04 नग वाटर क्योस्क (Cooling tank capacity 500 ltr.) की आपूर्ति एवं 02 वर्ष के संचालन/अनुरक्षण सहित अधिष्ठापन कार्य। | 36,86,497.36 | 1,84,324.86 | 3687.00 | 664.00 | 250.00 | 03 माह |

ई-निविदा का निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहाँपुर के बैंक A/c No. 50200017927485, IFSC-HDFC0000869, HDFC, SPN एवं धरोहर धनराशि नगर निगम के खाता सं.-50265293184, IFSC कोड -IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा करने के उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा, जिसके लिये किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि को अवकाश आदि की स्थिति में अग्रिम कार्य दिवस माना जायेगा तथा किसी प्रकार के संशोधन की सूचना वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी।

**नगर आयुक्त**


# नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने निजी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों पर दैहिक शोषण के लगाये आरोप



शाहजहांपुर। जनपद में लगातार चर्चाओं में रहने वाले निजी मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों पर नर्सिंग छात्र छात्राओं ने फिजिकल हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा है।

दिए गए शिकायती पत्र में छात्र-छात्राओं ने वरुण अर्जुन निजी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग का कोर्स कर रहे हैं छात्र-छात्राओं ने दो गार्गी सहित डॉक्टर कृष्ण रेड्डी डॉक्टर शिवम डॉक्टर सीताराम डॉक्टर विपुल पर फिजिकल हैरेसमेंट करने के साथ बद्दी बद्दी गालियां देने और उनका उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। आपको बताते चलें कि यह वहीं निजी वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज है, जहां एक नहीं तीन तीन मेडिकल छात्र-छात्राओं की मौत हो चुकी है. जिसमें एक छात्र की मौत पर कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा भी पंजीकृत करवाया गया है। लेकिन ऊंचे अशोक और लंबी पहुंच वाले इन निजी मेडिकल कॉलेज के संचालक और डॉक्टर के विरुद्ध आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते आए दिन वहां छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न बढ़ता ही जा रहा है हद तो तब हो गई जब आज दर्जनों छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। जहां शिकायती पत्र देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कॉलेज में तैनात डॉक्टरों पर शारीरिक उत्पीड़न और मानसिक रूप से उन्हें टॉर्चर करने का आरोप लगाया गया है। वही सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर कमेटी गठित कर जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## नवनिर्वाचित सदस्य का हुआ स्वागत



निघासन-खीरी। मंगलवार को निघासन पहुंचे बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नव निर्वाचित सदस्य का चौराहें पर जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात लड्डुओं से तौलकर उनका मान सम्मान किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नव निर्वाचित सदस्य अजय कुमार शुक्ला एडवोकेट के निघासन प्रथम आगमन पर चौराहे पर पहुंचे अधिवक्ता संघ के तमाम वकीलों ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया, और चौराहे से तहसील पहुंचे अजय शुक्ला ने वकीलों की सीट पर पहुंचकर मुलाकात की और वकीलों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही वकील पुष्पेन्द्र कुमार सिंह ने उन्हें लड्डुओं सें तौलकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात अधिवक्ता संघ भवन में वकीलों ने बारी बारी उनका माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया और बधाई दी। वहीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नव निर्वाचित सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अम्बरीश श्रीवास्तव, मंत्री टीएल यादव, उपाध्यक्ष श्यामबाबू, संयुक्त मंत्री नवदीप सिंह, डीके सिंह, वीपी रुहेला, वीरेन्द्र भदौरिया, बीपी श्रीवास्तव, सुबोध पाण्डेय, विवेक, आरपी रुहेला, पंकज जायसवाल, श्यामकिशोर, मो० आमीन, चन्द्रकेश, रमेश गोस्वामी, प्रदीप कश्यप, राकेश,विमल,राजू गिरि,विनीत,पंकज, धर्मेश, सर्वेश, संजीव व हरिओम आदि तमाम वकील मौजूद रहे।

संक्षेप

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के आजमगढ़-जौनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित त्रिवेणी मोड़ के निकट बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। मंगलवार की सुबह पुल के नीचे एक व्यक्ति को मृत और दूसरे को घायल देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर पाकर फोरेंसिक टीम के साथ सीओ लालगंज और थानाध्यक्ष बरदह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पास से मिले आधार कार्ड से मृत और घायल व्यक्ति की पहचान हुई। दोनों तहबरपुर कस्बा के निवासी हैं। पुलिस ने सड़क दुर्घटना में बता रही है, जबकि ग्रामीण हत्या किये जाने की आशंका जता रहे हैं।

## मोटरसाइकिल के नहर में गिरने से दो की मौत

मीरजापुर। थाना अदलहाट क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने से सवार दो की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताते हैं कि पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोलना नहर पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतरा रहा है । सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना अदलहाट पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुँचकर घटना की जांच में मृतक की पहचान करन पुत्र रामधनी निवासी नेवादा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई तथा जो शादियों में स्टेज सजाने का कार्य किया करता था । बीती रात गांव के अपने एक साथी जयकुमार पुत्र स्व0 बहादुर निवासी नेवादा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर उम्र करीब 20 वर्ष के साथ मोटर साइकिल पर बैठ कर निकला था कि कोलना नहर पुलिया के पास उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी । जिसमें दोनों व्यक्तियों की नहर में डूबने से मृत्यु हो गयी । थाना अदलहाट पुलिस द्वारा घटना स्थल से उक्त मोटर साइकिल व दोनो मृतको के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई ।

## जन सेवा केंद्र संचालक को पीटा, लूटे 84 हजार

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के परसहां अंडरपास के पास सोमवार रात तीन सशस्त्र बदमाशों ने जन सेवा केंद्र संचालक को मारपीट कर 84 हजार रुपये, चेकबुक आदि सामान लूट कर फरार हो गए। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। कोटिया जहांगीरपुर गांव निवासी सुरेंद्र की बनगांव बाजार में जन सेवा केंद्र हैं। सोमवार की रात को वह करीब नौ बजे सुरेंद्र अपनी जनसेवा केंद्र बंद कर स्कूटी से घर जा रहे थे। रास्ते में परसहां अंडर पास के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी रोक लिए। मारपीट कर बदमाशों ने जनसेवा केंद्र संचालक के पास बैग में रखा 84 हजार रुपये नकद, चेकबुक, फिंगरप्रिंट मशीन व जरूरी दस्तावेजों लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के साथ तहबरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दिया। निजामाबाद थानाध्यक्ष हीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## कोतवाली सदर क्षेत्र से बदमाश कुंडल नोच कर फरार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के गोला रोड पर दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश महिला के कुंडल नोच कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर सदर कोतवाल हेमंत कुमार राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंच गए। पीड़ित महिला ने कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। मंगलवार को दोपहर करीब 12:00 बजे ब्रिज रानी पत्नी विवेक पांडे निवासी ग्राम बचेपारा बाइक से लखीमपुर की तरफ आ रहे थे। खंडेलवाल कोल्हू के पास गोला रोड पर सामने से बाइक सवार दो बदमाशों ने बृजरानी के कान में झपट्टा मारकर कुंडल नोच कर फरार हो गए। शोर शराबा की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। घटना की जानकारी होने पर सदर कोतवाल घटनास्थल पर पहुंचे लोगों से पूछताछ की। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित महिला का मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जा सका।

# बर्ड फ्लू क्षेत्र के आसपास न करें भ्रमण: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय एवियन इन्फ्लूएन्जा (बर्ड फ्लू) टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बर्ड फ्लू से बचाव हेतु अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने कहा कि सारे ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों के माध्यम से पशुपालकों एवं आम जनमानस को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी के माध्यम से भी लोगों को जागरूक कराया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि बर्ड फ्लू से बचाव के संबंध में आवश्यक गाइडलाइन का पंपलेट छपवाकर ग्राम प्रधानों/खंड विकास अधिकारी के माध्यम से वितरित कर जन सामान्य को जागरूक किया जाये। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में शत प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि अप्रत्याशित अधिक संख्या में पक्षियों की मृत्यु, काम्ब एवं बॉटल्स (कलगी) में सूजन व बैगनी रंग में परिवर्तित होना, पैरों में सूक्ष्म रक्त स्राव का होना, दस्त, नाक से स्राव एवं सांस लेने में परेशानी, अंडा उत्पादन में कमी बर्ड फ्लू के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होने कहा कि एविएन इनफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के संदेह की स्थिति में क्या करें के अन्तर्गत अचानक मृत पक्षियों की सूचना तत्काल जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 9454417172 या पशुपालन निदेशालय स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 0522-741991, 2741 992 एवं टोल फ्री नंबर 18001804151 पर सूचित करें। अच्छी तरह पकाए गए कुक्कुट मांस या अंडा आदि से बर्ड फ्लू नहीं फैलता है, इसलिए कुक्कुट या कुक्कुट उत्पाद अच्छी तरह पकाकर ही खाएं। उन्होने कहा कि पोल्ट्री/पक्षियों के पालने के स्थान/फार्म के आस पास बायो सुरक्षा का पालन करते हुए साफ सफाई रखें तथा पोल्ट्री फार्म को डिसइनफेक्टेंट से सेनीटाइज करते रहे। पक्षियों को हैंडल करने के पश्चात एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन से हाथ को अच्छी तरह से धोएं। बर्ड फ्लू से संक्रमित पक्षी के संपर्क के आने पर चिकित्सक की सलाह पर दवा खाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि बर्ड फ्लू से बचाव के लिए मृत पक्षी को न छुए, अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिन क्षेत्र में बर्ड फ्लू की सूचना प्राप्त हो उसके आसपास भ्रमण ना करें। संक्रमित पक्षियों के सीधे संपर्क में आने से बचें। पोल्ट्री, पोल्ट्री उत्पाद या अन्य पक्षियों को खुले वाहनों से परिवहन ना करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बर्ड फ्लू से बचाव के सम्बन्ध में जन जागरूकता करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, डीएफओ जीडी मिश्र, सीओ सिटी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा मुकेश गुप्ता, एसीएमओ, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सचेत मोबाइल एप्लीकेशन का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी वि/रा गम्भीर सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 8वीं शासी निकाय की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि सचेत मोबाइल एप्लीकेशन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि प्राकृतिक आपदा से समय रहते बचने के लिए आपदा चेतावनी पोर्टल (सचेत) का प्रयोग कर सकते हैं। यह ऐप बहुउपयोगी होने के साथ-साथ आपदा के संबंध में सटीक जानकारी उपलब्ध कराता है। इसका प्रयोग कर आम नागरिक अपने क्षेत्र में संभावित प्राकृतिक आपदाओं के खतरे से पूर्व में ही अवगत हो सकते हैं। दिन का तापमान व एक-एक घंटे की जानकारी इस ऐप पर उपलब्ध है, इसके डैसबोर्ड पर आगामी तीन दिन तक के मौसम की सटीक जानकारी रहती है। ऐप की स्कीन पर संभावित प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी चलती रहती है। इसका प्रयोग कर आम जन अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं। इस ऐप से पूरे देश के मौसम के बारे में जानकारी ली जा सकती है। यह न केवल प्राकृतिक आपदाओं से बचाता है, बल्कि इसका प्रयोग किसान बंधु फसलों को काटने, बोने व खाद के प्रयोग से पहले कर सकते हैं। किसी कार्यक्रम के आयोजन तिथि को मौसम कैसा रहेगा या किसी स्थान की यात्रा के समय मौसम कैसा रहेगा, यह एप के माध्यम से जाना जा सकता है। अपर जिलाधिकारी वि/रा ने जनपद वासियों से अपील किया कि इस ऐप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

## अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न



मीरजापुर। अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत नगर विधायक रत्नाकर मिश्र के अध्यक्षता में जनपद के कन्तित स्थित स्थित द रिट्रीट होटल में आयोजित विधानसभा व पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति-संसदीय अध्ययन समिति दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं सदस्य विधान परिषद उ.प्र. सुरेंद्र चौधरी ने सम्मिलित होकर उपस्थित जनों को संबोधित किया। तत्पश्चात नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को बतलाया कि राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे शासक होकर भी स्वयं को ‘जनसेवक’ मानती थीं। उन्होंने देशभर में अनेकों मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और सरायों का निर्माण कराया—काशी विश्वनाथ से लेकर द्वारका, गया, सोमनाथ, और रामेश्वरम तक—उनकी धार्मिक दृष्टि और राष्ट्र-भावना अद्वितीय थी।

उन्होंने कहा कि आज जब हम नए भारत की परिकल्पना को साकार करने की ओर अग्रसर हैं, अहिल्या बाई का जीवन हमें यह सिखाता है कि विकास, धर्म, और न्याय में कोई विरोध नहीं है—बल्कि वे परस्पर पूरक हैं। भारतीय जनता पार्टी का भी यही मूल मंत्र है—“सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास—और यह दर्शन अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों में भी स्पष्ट झलकता है। उनकी जयंती पर हम सभी उन्हें कोटिशः नमन करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाएँगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ,ब्लाक प्रमुख सुमन सिंह ,ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी सिंह , समाजसेवी अनिल सिंह ,जिला मंत्री भाजपा हेमंत त्रिपाठी ,जिला मंत्री भाजपा गौरव उमर ,कार्यक्रम संयोजक मनीष गुप्ता ,कार्यक्रम सह संयोजक अलंकार जायसवाल ,ग्राम प्रधान सतीश तिवारी मंडल अध्यक्ष गैपुरा संतोष पाठक ,मंडल अध्यक्ष पूर्वी डाली अग्रहरि ,मंडल अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा , सभासद सतीश उपाध्याय सहित भाजपा पदाधिकारीतथा अनेक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन आशुकांत चुनाहे ने किया।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे 10961 अभ्यर्थी, तैयारी पूरी

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र-2025-27 के प्रवेश हेतु उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2025 को सुचारू रूप से संचालित कराये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये हैं। यह भी अवगत कराया गया है कि उक्त परीक्षा 1 जून 2025 को प्रदेश के कई जनपदों में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करायी जायेगी, जिसका दायित्व बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी को दिया गया है।

जनपद आजमगढ़ में उक्त परीक्षा 1 जून 2025 को दो सत्रों में पूर्वान्ह 9 बजे से 12 बजे तक एवं अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक जनपद में निर्धारित 23 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होनी है, जिसमें कुल 10961 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार 2 परीक्षा केन्द्रो पर एक केन्द्र प्रतिनिधि तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किये जायेंगे। तत्क्रम में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की सुचिता बनाए रखने, परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं शान्ति/विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने व परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री पहुँचाने व परीक्षा के उपरान्त संकलन हेतु केन्द्र प्रतिनिधि एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। उक्त के अतिरिक्त केन्द्र प्रतिनिधियों की तैनाती आरक्षित के रूप में की गयी है, जो परीक्षा तिथि को प्रातः 5 बजे कोषागार कार्यालय परिसर में उपस्थित रहेंगे। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 30 मई 2025 को अपरान्ह 3 बजे जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, आजमगढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया है। सभी सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक/ केन्द्र प्रतिनिधि/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट उक्त बैठक में उपस्थित होंगे तथा बैठक के बाद अपने केन्द्र का भ्रमण करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस हेतु प्रत्येक केन्द्र पर कक्षों एवं फर्नीचर आदि को सैनिटाइज कराने की पर्याप्त व्यवस्था, प्रत्येक परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा से सम्बंधित अन्य कर्मियों का इन्फ्रारेड थर्मामीटर से तापमान लेने के उपरान्त मास्क लगाकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## गांव में फायरिंग, तीन बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्मावन के देवरिया पुरवे में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो दर्जन बदमाशों ने गांव में धावा बोल दिया और कई राउंड फायरिंग की। ग्रामीणों के अनुसार ये बदमाश गांव के एक अपराधिक प्रवृत्ति के युवक की हत्या के इरादे से आए थे।

बदमाशों की यह हरकत गांव में तांडव में तब्दील हो गई। इस दौरान भाग रहे तीन बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। बाइक पर सवार होकर पहुंचे बदमाश सीधे अनिल यादव के घर पहुंच गए। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों की नींद खुल गई और उन्होंने बदमाशों को घेरने की कोशिश की। खुद को घिरता देख बदमाश फायरिंग करते हुए भागने लगे। इस दौरान रास्ते में मिले एक युवक की ईंट-पत्थर से पिटाई कर दी, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। युवक का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। भागने के प्रयास में बदमाशों की तीन बाइक और तीन बदमाश ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। उन्हें पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव निवासी एक युवक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो आए दिन गांव में मारपीट और उत्पात करता है, लेकिन पुलिस उस पर कोई कार्रवाई नहीं करती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।पुलिस ने बताया कि तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। उनकी निशानदेही पर अन्य की तलाश की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह घटना पुलिस और कानून-व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है।

## तिहरे हत्या काण्ड में दो धरे गये, तीसरे पर इनाम

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्रा में ठेकेदार और उसके दो बेटों की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। तीनों देर रात काम के चलते दुकान पर ही रुके थे। सुबह जब बहनोई दुकान पर पहुंचे तो तीनों को खून से लथपथ पाया। इसके बाद पुलिस को वारदात की जानकारी दी। घटना रविवार देर रात जफराबाद के नेवादा बाईपास की देर शाम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे की तलाश जारी है।

शाम में एक ही चिता पर तीनों शवों को मुखाग्नि दी गई।सोमवार की शाम पुलिस शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर दो एम्बुलेंस वैन से लालजी, गुड्डू और यादवीर को लेकर उनके आवास पर लेकर पहुंची। तीनों की लाश घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। लाल जी की पत्नी प्रभावती वह गुड्डू की पत्नी सरिता लाश को देखते ही बेहोश हो गईं। शवों को मुखाग्नि देने के लिए पुलिस ने जेल में लालजी के मंझले बेटे जिलाजीत को 24 घंटे की पेरोल पर रिहाई दी। जिलाजीत कुमार ने जौनपुर के रामघाट पर तीनों शवों को मुखाग्नि दीं। तीनों शवों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान महमदपुर कांध गांव के लगभग 500 लोग रामघाट पर मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से विदाई दी। इस घटना को लेकर सोमवार रात गांव के एक भी घर में चूल्हा नहीं जला। लालजी जल निगम में ठेकेदारी का काम करते थे। इसके अलावा उनकी एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान भी है। उनके बेटे यदवीर (32) व गुड्डू (25) दोनों ही उनके साथ बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में ही काम करते थे। यदवीर की शादी हो चुकी है, उनकी पत्नी का नाम सरिता है। उनके बेटे अभी (5) और आर्यन (2) हैं। अब परिवार में लालजी की पत्नी प्रभावती, गुड्डू की पत्नी सरिता, दो बच्चे अभी-आर्यन और पुरुषों में एकमात्र लालजी का बेटा जिलाजीत शेष बचा है। जिलाजीत भी जेल में बंद है। ऐसे में परिवार को चलाने वाला कोई पुरुष फिलहाल नहीं बचा है। ग्रामीणों का कहना है ऐसे में प्रभावती और सरिता की जिंदगी कैसे कटेगी। पुलिस ने हत्या की जांच के लिए 8 टीमें गठित की हैं। सोमवार देर शाम पुलिस ने पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी पल्टू नागर और उसके दामाद नागमणि को हिरासत में लिया गया है। पल्टू का बेटा गोलू अभी फरार है। पुलिस ने फरार आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।घटना में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। हत्या से पहले की रंजिश को रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया था। इस कारण बीट पुलिस अधिकारी, हल्का प्रभारी और थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की निगरानी में विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# मण्डलायुक्त ने की परियोजनाओं की समीक्षा



मीरजापुर। विन्ध्याचल मण्डल के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मीरजापुर, सोनभद्र और भदोही जनपदों की एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही शिवाकान्त द्विवेदी, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, संयुक्त निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, उप निदेशक बेसिक शिक्षा, अपर निदेशक स्वास्थ्य सहित मण्डलीय अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश जल निगम अर्बन द्वारा मीरजापुर वाटर सप्लाई बैलेंस हाउस कनेक्शन की समीक्षा की, जिसमें मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण करने और 22% भौतिक प्रगति की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और सामग्री की सैंपल जांच कराने का निर्देश दिया। मीरजापुर वाटर सप्लाई योजना फेज-2 को जून 2025 तक पूर्ण करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निरीक्षण और जांच आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 50 सैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मड़िहान तहसील में 100 छात्र क्षमता के बालिका छात्रावास को अगस्त 2025 तक और नेगुरा के शंकर जी मंदिर के पर्यटन विकास कार्य को समय पर पूर्ण करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को गुणवत्ता जांचने का निर्देश दिया गया।सोनभद्र की परियोजनाएँ: उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, सोनभद्र इकाई द्वारा मेडिकल कॉलेज में मल्टीपर्पज हॉल के साउंडिंग और कूलिंग कार्य को 20 जून 2025 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।300 सैय्या मण्डलीय चिकित्सालय का मुख्य भवन कार्य पूर्ण होने और शेष कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीखड़ को 15 जून 2025 और अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को एक माह में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की तापीय परियोजना में 90% कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई, जिसे जून 2025 तक पूर्ण करने और सामग्री की लैब जांच कराने का निर्देश दिया गया। झीलो बीजापुर पेयजल योजना को मई 2025 और बेलाही पेयजल योजना को जून 2025 तक पूर्ण करने के लिए मैनपावर बढ़ाने का आदेश दिया गया यू० पी० आर० एन ०एस०एस० द्वारा एम.बी.एस. जिला चिकित्सालय भदोही के स्वतंत्र विद्युत निर्माण कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करने और तकनीकी समिति से जांच कराकर हैंडओवर करने का निर्देश दिया गया।

## रोटरी क्लब ने सात वर-वधू को दांपत्य सूत्र में बांधकर दिया आशीर्वाद

पलियाकलां खीरी। तहसील पलिया की नगर पंचायत भीरा के रोटरी क्लब के सदस्यों ने 07 निर्धन कन्याओं का विवाह नगर के औजला रिजॉर्ट में वैदिक रीति रिवाज से विधि विधान से समारोह पूर्वक संपन्न कराया । विधि विधान से आचार्य प्रशांत पांडे ने पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया । नगर वासियों का भी इसमें विशेष सहयोग रहा। जिन वर -वधुओं ने दांपत्य सूत्र ग्रहण किया उनमें (1) दीपा राठौर निवासी भीरा खीरी--रितेश कुमार निवासी रूपन पुरवा भानपुर खीरी (2) प्रीति निवासी कटैया पिपरिया भूड़--अरविंद कुमार निवासी संसारपुर खीरी,(3) अनुराधा देवी निवासी बांकेगंज -ग्रंट नंबर-10--रामपाल निवासी अंबारा पोस्ट अंबारा खीरी (4 )मुस्कान कुमारी निवासी पहाड़ नगर कुकरा ---सतीश कुमार निवासी बदरिया, संसारपुर खीरी ( 5) रागिनी देवी निवासी बैवहा ,सिकंदराबाद--- अनूप कुमार निवासी मूड़ा सवारान खीरी ( 6 )पेप्सी देवी निवासी लौकहा ,बिजुआ खीरी--- दीपू निवासी गोगांवा, गोला खीरी (7) पूनम निवासी शाहपुर, भानपुर खीरी ---अरविंद कुमार निवासी मैलानी, खीरी थे। लॉटरी क्लब संपन्न कारण विवाह समारोह में जेवर , बेड गद्दा चादर तकिया, मेज कुर्सी ,बक्सा, अलमारी श्रृंगारदान बर्तन ,चूड़ी ,सैंडल आदि सामग्री प्रदान की। क्षेत्र वासियों ने रोटीक क्लब के इस सामाजिक कार्यक्रम की बहुत ही प्रशंसा की रौटरी क्लब ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे।

## मासूम के साथ दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पड़ोसी युवक ने सोमवार की रात मासूम के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर परिवार के लोगों को आते देख आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी। सोमवार की रात पड़ोसी व रिश्ते में दादा लगने वाले 22 वर्षीय युवक ने 5 वर्षीय मासूम के साथ घर के बगल स्थित बाग मे सोने गया था। उसी दौरान युवक ने मासूम बालक के साथ घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बालक को उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय लाया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।पीड़ित के पिता दिलीप की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित विजय राजभर को गिरफ्तार कर लिया।

## महिला की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के देवापट्टी गांव में एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई, हालांकि पति का आरोप है कि उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि सोमवार की रामजतन कनौजिया, जो कि देवापट्टी गांव के निवासी हैं, ने थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वह गांव के ही जयभारत मिश्रा के यहां कार्य करते हैं। रामजतन के अनुसार, किसी बात को लेकर जयभारत मिश्रा ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से उनकी पत्नी फूलपत्ती को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रामजतन की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी जयभारत मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## नगर पालिका ने पोखरे को कचरा डंप स्थल बनाया



जौनपुर। सरकार जहां तालाबों और पोखरों की सफाई कराकर सुन्दरीकरण करा रही है वही उच्च प्राथमिक विद्यालय, अलीगंज, विकास खंड सिकरारा के परिसर में स्थित लगभग 50 वर्ष पुराना पोखरा वर्तमान में नगर पालिका द्वारा कचरा डंप करने का स्थल बना दिया गया है। इस कारण विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं पास-पड़ोस के बाजारवासियों को अत्यधिक दुर्गंध एवं गंदगी का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा कुल्हाना मऊ में करोड़ों की लागत से एक आधुनिक वेस्ट डिस्पोजल प्लांट का निर्माण किया गया है, जिसका समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके विपरीत, विद्यालय जैसे संवेदनशील स्थान के सामने कचरा फेंकना न केवल अस्वास्थ्यकर है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी एक खिलवाड़ है।

## पुलिस सहायता केंद्र के सामने चले लाठी-डंडे

जौनपुर।केराकत कोतवाली क्षेत्र के सिहौली चैराहा के पास उस समय हड़कंप मच गया जब दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले। सबसे चैंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरी



घटना हाल ही में बने पुलिस सहायता केंद्र के ठीक सामने हुई, लेकिन पुलिस की कोई मौजूदगी मौके पर नहीं दिखी।घटना का वीडियो किसी राहगीर द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, जो तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के लोग सड़क पर लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। लोगों के मुताबिक, सिहौली चैराहे के पास कुछ ही दिन पहले नया पुलिस सहायता केंद्र (पुलिस बूथ) स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में शीघ्र पुलिस सहायता मुहैया कराना था। लेकिन घटना के समय पुलिस बूथ बंद था और उस पर ताला लटका मिला। लोगों का कहना है कि कई बार पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा।ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पुलिस समय पर पहुंचती, तो झगड़ा टल सकता था और हिंसा की नौबत नहीं आती। झगड़े में कुछ लोगों के घायल होने की सूचना भी सामने आ रही है, हालांकि अभी तक पुलिस द्वारा कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठते हुए ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराने तथा जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पाकिस्तान के साइबर ठगों ने सिंगाही के युवक से की ठगी

सिंगाही -खीरी। कस्बे में साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इसमें पाकिस्तान के कोड का इस्तेमाल किया गया है। इसमें दो अलग-अलग नंबरों से काल कर डालर और लाटरी का लालच देकर एक युवक से सात हजार रुपए ठग लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराकर थाने में तहरीर दी है। कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा के रहने वाले मोहन दिवाकर ने बताया की सोमवार को उसके फोन पर पहले 923709760388 नंबर से काल आई जिसमें बताया यह काल कनाडा से है और उसको दो लाख के डालर मिलेंगे इसके इसको लेने के लिए उसे दो हजार आनलाइन भेजने होंगे डालर के लालच में मोहन ने दो हजार रुपए दिए गए बार कोड पर भेज दिए। इसके करीब एक घंटे बाद 923487978728 नंबर से काल आई जिसके कालर ने कहा कि उसकी पांच लाख की लाटरी लगी है। इसके बदले उसे पांच हजार रुपए आनलाइन देने होंगे यह रकम उसको उसी दिन मिल जाएगी मोहन ने दोबारा लालच में पांच हजार रुपए दोबारा भेजे गए बार कोड भेज दिए। इसके बारे में जब उसने आसपास के लोगों से चर्चा की तो उसे उन लोगों नंबर देखा जो कि पाकिस्तान के कोड से आया था। जिस पर उसे एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुका है। इसके बाद उसने घटना की आनलाइन शिकायत दर्ज कराई और सिंगाही थाने जाकर ठगी की तहरीर दी है।एस ओ अजीत कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जो कि साइबर ठगी का मामला है। जिसको साइबर क्राइम की जांच के लिए बता दिया गया है।

## ग्रामीण पत्रकारों के रहनुमा थे बालेश्वर लाल

जौनपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 38वीं पुण्यतिथि मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार संघ भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई । पत्रकारों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये संस्थापक के प्रति स्वरांजलि दी। जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना ने कहा कि बाबू जी अपने निश्चय के धनी व्यक्ति थे। यदि किसी बात का विरोध कर लेते तो चाहे कुछ भी हो जाय, उससे हारने का नाम नहीं लेते थे और अनीति और अन्याय तो उन्हें किसी भी दशा में पसंद नहीं था। वह अपनी लेखनी के बल पर हमेशा अन्याय, अत्याचार और शोषण की नीति का विरोध करते रहे। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के समाचार को प्रकाशित करने का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के जिम्मे रहता है। प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में संवेदनशीलता रहती है। मानव मन में बसी इस संवेदना को स्वाभाविक रूप से उदिप्त करने से सेवा की मानसिकता का निर्माण होता है। सदर तहसील अध्यक्ष देवेंद्र खरे ने कहा कि बालेश्वर जी कहा करते थे कि उसका व्यवहार ही बड़े महत्व का है। अपने व्यवहार द्वारा असाध्य को साध्य किया जा सकता है। वह तो कार्य में प्राण फूंकने की संजीवनी है। यह हमारे दया भाव से नहीं, कर्तव्य भाव से हो, यही जीवन की दिशा है।महामंत्री लक्ष्मी नारायण मौर्या ने कहा कि बाबू जी एक जुझारू व्यक्तित्व के साथ कर्मठ पत्रकार भी थे। पत्रकारिता क्षेत्र के प्रगति पर गर्व करते हुए उन्होंने पत्रकार की महत्वाकांक्षा का परिणाम बताया है। संरक्षक श्याम रतन श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। संचालन संगठन मंत्री प्रशांत विक्रम सिंह ने किया। राज कुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव, आनंद सिंह, अजित सिंह, अजित बादल, जुबेर अहमद, संजय चौरसिया, भोला विश्वकर्मा, सुनील सिंह, अरुण श्रीवास्तव चन्द्र शेखर यादव, तबरेज नियाजी, पंकज प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सेना के शौर्य का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर

**देवरिया**। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला कार्यालय से हुआ। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के साथ हाथ मे तिरंगा और फावड़ा लेकर पुरवा चौराहा, कोआपरेटिव चौराहा, नगरपालिका रोड होते हुए, सुभाष चौक तक पहुँचे और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते भर उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और वन्देमातरम का नारा लगाया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी मंसूबो को ध्वस्त करते हुए उनके आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा की किसान मोर्चा ने भारतीय सैनिकों के सम्मान में किसान मोर्चा ने शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन कर यह संदेश दिया है की देश का किसान भारत की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए भारतीय सेना के साथ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवान यादव, मुकेश राय, हृदयालाल शर्मा, विजेंद्र चौहान, सुब्रत सिंह, बलवन्त सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बीज व भूमि शोधन अवश्य करायें

**कुशीनगर**। जिला कृषि रक्षा अधिकारी बताया कि वर्तमान में खरीफ की बुआई का समय आ गया है, कृषक भाइयों को सूचित करना है खरीफ की फसलों में मिथ्या कंडुआ रोग, झोंका रोग, शीथ ब्लाइट, तुलासिता रोग, कंडुआ, उकठा आदि बीज जनित बीमारियों के लगने की प्रबल सम्भावना रहती है अतएव बुआई से पहले बीज शोधन अवश्य किया जाय। बीज शोधन कार्बेन्डाजिम 50% डब्ल्यूपी या थीरम 75 प्रतिशत डब्ल्यूएस 2.5 ग्राम से 3 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से अथवा ट्राइकोडर्मा बायो रसायन को 4 से 5 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से किया जाता है। भूमि शोधन के लिए 2.5 किग्रा० ट्राइकोडर्मा 2 प्रतिशत डब्ल्यूपी या ब्यूवेरिया वैसियाना 2 प्रतिशत डब्ल्यूपी को 70 से 75 किग्रा. सड़ी हुई गोबर की खाद में मिलाकर 10 से 12 दिन तक छायायुक्त स्थान पर रख कर साफ पानी का प्रतिदिन हल्का छींटा मारते रहें उसके पश्चात सम्पूर्ण खाद जो बायोपेस्टीसाइड में तब्दील हो चुकी है अन्तिम जुताई के साथ सायंकाल में भूमि में मिला देना चाहिए।

## साइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में मौत

**कुशीनगर**। जिले के हाटा क्षेत्र के गौरी बाजार मार्ग पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मृतक साइकिल से अपने घर जा रहा था और उसे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जितेन्द्र प्रसाद पुत्र गेनू प्रसाद के रूप में हुई है। यह हादसा सुबह 9 बजे उस वक्त हुआ जब वह घर लौट रहे थे। बलुआ गांव के पास यह टक्कर हुई। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक-बोलेरो की भिड़ंत में दो की मौत, छह घायल

## सोमवार की देर रात मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे लोग

- स्थानीय लोगों ने घायलों को कसया सीएचसी भेजवाया



**कुशीनगर**। जिले के कसया नगर के देवरिया मार्ग पर सोमवार की देर रात मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हों गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को कसया सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी एक घायल को गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। वही बाकी घायलों को पडरौना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

कसया थाना क्षेत्र के परसौनी निवासी मुनीब अंसारी के लड़की का शादी 25 मई को देवरिया जिले के पथरदेवा ब्लॉक के भेली पट्टी में हुआ था। 26 को विदाई होने के बाद परिवार और रिश्तेदार चौथा लेकर वलीमा में शामिल होने गए थे। वहां से देर रात को भोजन करने के बाद घर के लिए लौट रहे थे तभी कसया देवरिया मार्ग पर सिसवा महंथ गोदाम के समीप ट्रक और बोलेरो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें अवकाश प्राप्त शिक्षक रहीम अंसारी उम्र 70 वर्ष, रफीउद्दीन उर्फ बबलू उम्र 40 वर्ष की मौत हो गई। वही बोलेरो में सवार अन्य छह लोग बुरी तरह घायल हो गए, घायलों में सैनुल्लाह अंसारी पुत्र नबी हसन उम्र 45 वर्ष, जमीला पत्नी सैनुल्लाह अंसारी उमर 42 वर्ष, इकबाल अंसारी पुत्र वाहिद अली उम्र 44 वर्ष, समीर अंसारी पुत्र इकबाल उम्र 11 वर्ष, फैजान पुत्र सनिउल्लाह उम्र 13 वर्ष,

सोहराब पुत्र सिराजुद्दीन उम्र 17 वर्ष शामिल है। गंभीर रूप से घायल सोहराब की नाजुक हालात देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिलक कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्मार्टम के लिए भेजा। दुर्घटना को लेकर पुलिस कागजी/विधिक कारवाई में जुटी हुई है।

## डीएम ने संभावित हड़ताल के मद्देनजर भटवलिया विद्युत उपकेंद्र का किया निरीक्षण

**देवरिया**। डीएम दिव्या मित्तल ने 29 मई को प्रस्तावित विद्युतकर्मियों के कतिपय संगठनों की संभावित हड़ताल को देखते हुए भटवलिया स्थित विद्युत उपकेंद्र, स्टोर एवं वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में विद्युत आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया हड़ताल की स्थिति में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी 43 विद्युत उपकेंद्रों (33/11 केवी) व 4 उच्च क्षमता उपकेंद्रों (132/33 केवी) पर शिफ्टवार ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है।

डीएम ने बताया कि विभिन्न विभागों से वैकल्पिक संसाधनों के रूप में कुल 110 अभियंताओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिनमें लोक निर्माण विभाग के 32, आरईएस के 21, बाढ़ खंड के 20, नलकूप विभाग के 18, जल निगम (ग्रामीण व शहरी) के 5-5 तथा सिंचाई विभाग के 9 अभियंता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विद्युत कार्यों में दक्ष 33 पूर्व सैनिकों तथा 350 आईटीआई छात्रों को चिन्हित कर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिन्हें शिफ्टवार तैनात किया जाएगा।

जनसामान्य को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, जलापूर्ति केंद्रों तथा अन्य जनोपयोगी संस्थानों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। सभी विद्युत उपकेंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न न हो। नगर निकायों को पेयजल टंकियों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं और लोक महत्व के स्थलों पर जनरेटर सहित अन्य वैकल्पिक संसाधनों को तैयार रखा गया है। डीएम ने बताया कि संभावित हड़ताल के दृष्टिगत प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार के निकट एक तकनीकी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे कार्य करेगा। यह नियंत्रण कक्ष तीन पालियों में संचालित होगा–प्रथम पाली सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक एवं तृतीय पाली रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक संचालित होगी। नोडल अधिकारी के रूप में अपर उप जिलाधिकारी (सदर) श्री अवधेश कुमार निगम को नामित किया गया है, जिनका मो.नं. 8887894561 है।

## श्रद्धापूर्वक मनी जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि



**देवरिया**। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में देश के प्रथम प्रधानमंत्री मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निमाता थे। अगस्त 1947 से मई 1964 तक जब वे प्रधानमंत्री थे तो उस वक्त देश के पास बहुत कुछ नहीं था। इनकी दूरदर्शिता की वजह से आज भारत उस मुकाम को पा चुका है, जिसके बारे में दुनिया सोच भी नहीं सकती थी। हम कांग्रेसी जन अपने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आधुनिक भारत के शिल्पकार भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, शिक्षा, औद्योगिक और विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी स्वतंत्र भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और हमारे प्रेरणा स्रोत पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है इस मौके पर पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्ला लारी, मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद, पूर्व शहर अध्यक्ष ऋषिकेश मिश्रा, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, सुभाष राय, जवाहरलाल चौहान, विजय शंकर मिश्रा, सत्यप्रकाश मणि, सुनील कुमार तिवारी, शहनाज जफर, जूलेखा खातून, संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, जवाहरलाल बरनवाल, महेंद्र अंबेडकर, अब्दुल जब्बार, धर्मेंद्र पाण्डेय, रत्नेश मल्ल पिंटू, मधु शर्मा, रीता देवी, उपेंद्र प्रसाद, आलोक त्रिपाठी, मानवेन्द्र तिवारी, मनोज मणि त्रिपाठी, डॉ. रमेश कुशवाहा, शेषनाथ गौड़, रजनीश प्रसाद, व्यास दुबे, अशोक गोंड आदि कांग्रेस जनों ने पुष्पांजली अर्पित करते हुए याद किया। 29 मई को आयोजित होने वाले संविधान बचाओ सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष मल्ल ने बताया कि 29 मई 2025 को 11 बजे संस्कृति मैरेज हॉल भिखमपुर रोड देवरिया में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बैठक में कार्यकताओं का आह्वान किया कि सम्मेलन ऐसा होना चाहिए जिसकी गूंज उत्तर प्रदेश ही नहीं दिल्ली तक सुनाई दे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में बड़े मंगलवार के अवसर पर भंडारे का आयोजन



**देवरिया**। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर आयोजन की शुरूआत की। भंडारे में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में भक्ति, सेवा और सौहार्द का वातावरण व्याप्त रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री अरुण कुमार राय, कोषाधिकारी श्री अतुल पांडेय सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण एवं आयोजन की व्यवस्था में सहभागिता निभाई। जिलाधिकारी श्रीमती मित्तल ने कहा कि आस्था और जनसेवा के ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बल मिलता है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों को सफल संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कसाडा बोर्ड व विनियमित क्षेत्र पडरौना के सदस्यों के साथ डीएम ने की बैठक

**कुशीनगर**। डीएम ने कसाडा बोर्ड तथा विनियमित क्षेत्र पडरौना के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान रेगुलेटरी वर्क एवं विप्रा के अन्तर्गत कराए जाने वाले कार्यो, उनकी सीमाए, विभिन्न प्रकार के शुल्कों के बारे में सभी का विस्तार पूर्वक बताया गया।

एसडीएम सदर ने विनयमित क्षेत्र पडरौना के अन्तर्गत सम्मिलित गॉवों, उनके विकास के पहलुओं, आधारभूत मानचित्र, समय-समय पर परिवर्तन होने वाले शुल्कों, दाखिल मानचित्रों के सापेक्ष निस्तारित विवरण, अवशेष व निरस्त हुए नक्शे (भवनों का) के बारे में डीएम को अवगत कराया। 2024-25 मे सर्वे ऑफ इण्डिया के द्वारा किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी दी गई। 2024-25 में 342 दाखिल भवनों के मानचित्र के सापेक्ष 321 स्वीकृत भवन मानचित्र, 13 निरस्त, 8 अवशेष तथा कारण बताओं नोटिस 6 को जारी हुए है। व्यवसायिक भवनो के मानचित्र अनुमोदन प्रक्रिया के बारे में यथा आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई।



जिलाधिकारी ने धारा 10 में जारी कारण बताओं नोटिस की संख्या काफी कम होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने कहा कि जहॉ पर नक्शा पास हो सकता था लेकिन नही कराया गया तो उसे यथा आवश्यक नोटिस या अन्य कार्यवाहियॉ भी किया जाना चाहिए। कुशीनगर विशेष क्षेत्र महायोजना 2041, पडरौना विनयमित क्षेत्र 2031 व 2041 पर गहनता से बोर्ड के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि हम सुनियोजित ढ़ग से कार्य करके पर्यटन के दृष्टीकोण इस वृहद स्तर पर विकसित कर सकते है। कसाडा का गठन भी इसीलिए हुआ था कि जनपद में कसया, कुशीनगर क्षेत्र में विकासात्मक कार्यो को धरातल पर मूर्त रूप देने के साथ-पर्यटन के दृष्टिकोण से उसे बहुआयामी रूप से विकसित करे। कुशीनगर पर्यटक क्षेत्रों को लोगो के डेस्टीनेशन क्षेत्र हम सब को मिलकर बनाना है। अगर कोई पर्यटक यहॉ आता है अधिक से अधिक समय तक यहॉ रूके। यहॉ के विभिन्न स्थानों पर एक्सप्लोर करे। डीएम ने विभिन्न परिक्षेत्रों में लगने वाले आवासीय व व्यवसायिक भवनों के निर्मित क्षेत्रफल पर नक्शा प्रोसेसिंग शुल्क प्रति वर्ग मीटर, विकास शुल्क, अनुज्ञा शुल्क की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

## पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित

**देवरिया**। जिला पंचायत सभागार में भाजपा द्वारा देवरिया विधानसभा के पंचायत प्रतिनिधियो के सम्मेलन का आयोजन पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दि वर्ष के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये अहिल्याबाई को नारी सशक्तिकरण और सुशासन की प्रतीक बताया। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने देश भर में मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और अन्नक्षेत्रों का निर्माण करवाया। उनकी सेना में महिलाओं का नेतृत्व एक अनूठा उदाहरण था। अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में शिक्षा, औद्योगीकरण और संस्कृति संरक्षण को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम आयोजक विधायक देवरिया सदर डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकताओं से त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन समाज के लिये समर्पित रहा।वे हम सभी के लिये आदर्श है। अभियान के जिला संयोजक संजय सिंह एडवोकेट ने सभी से अहिल्याबाई होल्कर के जीवन यात्रा को जन-जन तक पहुचाने का आग्रह किया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष अजय शाही ने तथा संचालन विधानसभा कार्यक्रम प्रमुख नवीन सिंह ने किया। इस दौरान प्रमोद शाही, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, हेमंत मिश्रा, निर्मला गौतम, रामाज्ञा चौहान, विनय जायसवाल, प्रभाकर राय, सुनील निषाद, विश्वजीत सिंह सैथवार, बबिता चौहान, पिंटू गुप्ता, भारती शर्मा, राजन सोनकर, दुर्गेश पाण्डेय, प्रेम अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह आजाद, अर्चना पाण्डेय, अम्बिकेश पाण्डेय, सीमा जायसवाल, अभिजीत उपाध्याय, संजय पाण्डेय, रमेश वर्मा, बृजेश गुप्ता, राजेश निषाद, अंकुर राय, अरविंद चौहान, राधेश्याम शुक्ला, टुन्नू सिंह, गोविंद चौरसिया, शुभम मणि, दुर्गेश सिंह, रणविजय सिंह आदि रहे।

# महिलाओं की सत्ता में भागीदारी का आदर्श हैं अहिल्याबाई : सुनीता श्रीवास्तव

- जनाकांक्षाओं पर काम करें पंचायत प्रतिनिधि : सुरेंद्र चौरसिया



**देवरिया**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाहिलपार मंदिर परिसर में विधानसभा रामपुर कारखाना का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, बी डी सी सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन महिलाओं एवं सभी जनप्रतिनिधियों को राजनैतिक और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए एक आदर्श है, उसे ध्यान में रखकर जनता की सेवा करने वाले प्रतिनिधि नरेंद्र मोदी एवं योगी नेतृत्व की भाजपा सरकार की मंशा के अनुसार अपने कार्यों में सफल साबित होंगे।

रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत सफलता के लक्ष्य के साथ मैदान में डटना होगा। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से जनता के कार्यों के प्रति संजीदा रहने की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास करना ही सभी पंचायत प्रतिनिधियों का लक्ष्य होना चाहिए। भाजयुमो के पूर्व प्रदेश सदस्यता प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता आनन्द शाही ने देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन धर्म और नैतिकता के रास्ते पर चलते हुए जनता की सेवा करने का एकमात्र उदाहरण है जो भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत से जुड़ा हुआ है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कुशवाहा ने मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए आम जनता को सरकार के कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा, संचालन शशिभूषण मिश्र और कार्यक्रम संयोजक रमेश यादव ने किया।

इस अवसर पर भटनी के मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्र, बैकुठपुर के राजेश कुशवाहा, बरियारपुर मंडल अध्यक्ष दिवाकर यादव, रामपुर कारखाना के सत्यप्रकाश पांडेय, जिला पंचायत सदस्य उपेन्द्र तिवारी, रामपुर कारखाना नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश वर्मा, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रोहित राय, जिला प्रतिनिधि नागेश पति त्रिपाठी, कॉपरेटिव बरियारपुर के निदेशक रामनिवास पांडेय, सत्यप्रकाश शाही, डॉक्टर शिवहरि मिश्रा, प्रमोद यादव, सुनील मद्धेशिया, कृष्णानंद गिरि, मार्कण्डेय गिरि, तेजपाल सोनू, राहुल कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विद्युत कर्मियों की संभावित हड़ताल के दृष्टिगत मजिस्ट्रेटों की लगी ड्यूटी

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी के द्वारा विद्युत कर्मचारी संघ समिति उत्तर प्रदेश के अंतर्गत कार्य बहिष्कार तथा दिनांक 29.5.2025 से संभावित अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं शांति बनाए रखने के दृष्टिगतर अधिकारियों/मजिस्ट्रेटों को विद्युत उपकेंद्रवार अग्रिम आदेश तक ड्यूटी लगाई गई है। यह आदेश विद्युत कर्मियों की हड़ताल पर जाते ही तत्काल रूप से प्रभावित हो जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा विद्युत उपकेंद्रवार अधिकारियों की तैनाती की गई है इसके अंतर्गत 16 सब डिविजन तथा 35 सब स्टेशनों पर 66 अधिकारियों/ मजिस्ट्रेट की तैनाती शिफ्टवार लगाई गई है। जिलाधिकारी ने सभी उपकेंद्रों पर दो शिफ्टों में प्रातः 8.00 से रात्रि 8.00 बजे तक एवं रात्रि 8.00 बजे से प्रातः 8.00 बजे तक अधिकारियों की तैनाती की है।

## माता रमा बाई ने बहुजन हितार्थ पारिवारिक हितों की बलि चढ़ा दी : चंद्रभूषण सिंह

**देवरिया**। माता रमा बाई आंबेडकर जैसी शायद ही कोई महिला होगी जो अपने वर्गीय चेतना से इस कदर प्रतिबद्ध होगी कि भले ही उनकी अपनी संताने मर -मिटे लेकिन उनके समाज की 07 करोड़ संताने महफूज रहते हुए सम्मान की जिंदगी पाएं इस निमित्त अपने पति को परिवार की चिंता छोड़ समाज के हितार्थ कार्य करने की खुली छूट देते हुए प्रेरित करें, उक्त बातें माता रमा बाई आंबेडकर के स्मृतिदिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सपाईयों को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि रमा बाई त्याग, बलिदान और प्रेरणा की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं जिन्होंने बहुजन हितार्थ अपने पारिवारिक हितों की बलि चढ़ा दी।

## न्यायप्रिय व्यक्तित्व था अहिल्याबाई होल्कर का : डॉ. शलभ मणि



**देवरिया**। अहिल्याबाई एक धार्मिक और परोपकारी महिला थीं। उन्होंने कई धार्मिक स्थलों पर मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। उन्होंने काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका, रामेश्वरम, बद्रीनाथ, केदारनाथ, अयोध्या, उज्जैन जैसे कई धार्मिक स्थलों पर मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। उक्त बातें मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रि शताब्दी स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित विधानसभा पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू ने कहीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य में कुशल प्रशासन स्थापित किया। उन्होंने एक मजबूत सेना बनाई, न्याय प्रणाली की स्थापना की, और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन अध्यात्म, न्याय और सामाजिक समरसता के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर न्याय, अनुशासन और लोकसेवा के लिए प्रतिबद्ध थीं, उन्होंने भारत की आध्यात्मिक परंपरा को गति देते हुए सनातन धर्म का झंडा बुलंद किया। उनकी न्याय प्रणाली और लोकसेवा के किस्से आज भी शासन प्रशासन के कार्यों के लिए प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजय शाही ने किया। इस दौरान अभियान संयोजक व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, प्रेम अग्रवाल, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, अंकुर राय, दुर्गेश पांडे, शैलेन्द्र सिंह आजाद, चंद्र प्रकाश सिंह, संजय पांडे, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, मनीष सहाय, वीरेंद्र सिंह, अभिजीत उपाध्याय, बबीता चौहान, विपिन यादव, यशवंत शाही सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बरसात से पूर्व समस्त नालों व ड्रेनों की सफाई कराने के डीएम ने दिये निर्देश

**कुशीनगर**। मंगलवार को डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ खंड, मनरेगा, सिचाई बन्धु की संयुक्त रूप से बैठक की गई। बैठक दौरान बरसात से पूर्व समस्त 84 वृहद व छोटे नालों व ड्रेनो की साफ-सफाई बाढ़ खण्ड, मनरेगा व जनपद में संचालित चीनी मिलों की सहायता से कराने के निर्देश डीएम ने दिए। उन्होने समस्त चीनी मिलों के उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील भी किया कि वे गन्ना बुआई क्षेत्रों में किसानों के हितार्थ में इस सफाई अभियान में सहायता प्रदान कर सकते है। बाढ़ खण्ड के अधिकारी तथा जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में छोटी-बड़ी 84 ड्रेन है। पानी के सकुशल निष्कासन हेतु इन ड्रोनों की सफाई नितान्त आवश्यक है। जिसपर जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को 32 नालों/ड्रेनो बशर्ते कि उन ड्रेनो/नालों की सफाई विगत 3 वर्षों के अन्दर मनरेगा से न हुई हो। इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने सेवरही चीनी मिल, ढ़ाढ़ा चीनी मिल अवध शुगर हाटा, त्रिवेणी चीनी मिल तथा अन्य से इस सम्बन्ध में आवश्यक सहायता की बात भी कही। जिलाधिकारी ने बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने स्तर से सभी प्रकार आपत्ति पत्र भी निर्गत करें इसमें लापरवाही न हों। इस वृहद सफाई कार्य हेतु नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी भी नामित किए जाए जो बेहतर समन्वय कर सकें। इसमे साथ ही हिरण्यावती तथा बासी नदी को सदानीरा बनाने की दिशा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिशसी अभियन्ता सिचाई को दिए। उन्होंने कहा कि उन दोनों स्थानीय नदियों में राजवाहा व पानी के अन्य श्रोतों से जोड़ने का प्रयास सुझाए जिससे को इसमें पानी वर्षपर्यंत रहे सकें। इस दौरान सीडीओ गुजंन द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी डीके सैनी, अधिशासी अभियन्ता सिचाई बीराम, बाढ़ खण्ड के अधिकारी सहायक अभियन्ता गण, चीनी मिल के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनी ग्रापए के संस्थापक की पुण्य तिथि

- ग्रामीण पत्रकारों की बुलन्द आवाज थे बाबू बालेश्वर लाल

पौहारी शरण राय

**देवरिया**। ग्रामीण पत्रकार एसो. के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय के शास्त्री नगर पूर्वी स्थित कैंप कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रापए के पदाधिकारी, सदस्य, स्थानीय नागरिक ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालेश्वर लाल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। जिला अध्यक्ष पौहारी शरण राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओ ने बाबू बालेश्वर लाल द्वारा पत्रकारिता में योगदानसंगठन की स्थापना ग्रामीण पत्रकारों को पहचान और आवाज देने में उनकी भूमिका को याद कियाऔर कहा आज न केवल प्रदेश में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का तेजी से विस्तार हो रहा है। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जागरण के जिला प्रभारी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारों के प्रेरणाश्रोत रहे बालेश्वर लाल के संकल्पों को पूरा करने के लिए काम करने और अपनी विश्वसनीयता की पहचान बनाए रखें की अपील की। उन्होंने कहा गलत सूचना से पूरा पत्रकार जगत की छवि धूमिल होती है। जल्दी बाजी में अपूर्ण समाचार हमारी विश्वनियता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के सादा जीवन, दृढ़ संकल्प उच्च विचार के गुणों को आत्मसात करने पर बल दिया। ग्रापए के निरंतर विकास और प्रभावी होने की पहचान को बनाए रखने की अपील किया। मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष, रामनवल सिंह, विपिन द्विवेदी, सिंहासन यादव, प्रमोद राय, गंगा शरण पांडे आदि ने वर्तमान दौर में पत्रकार एकता को आवश्यक बताते हुए अपने कार्य क्षेत्र में अपनी साफ सुथरी निष्पक्ष पहचान बनाए रखने की पत्रकारों से अपील किया। जिला अध्यक्ष ने संगठन द्वारा पत्रकार उत्पन्न को लेकर किए गए संघर्षो को याद दिलाते हुए संगठन को और सशक्त बनाए रखने के लिए कार्य करने की अपील किया। अंत मे दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। संचालन जिला मंत्री डॉ. हरिश्चंद्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर आदित्य कुमार मिश्रा नवनीत मिश्रा विजय यादव विवेकानंद उपाध्याय शिवम मिश्रा प्रवीण शुक्ला सत्येंद्र दुबे सुहेल अंसारी जगदंबा यादव इश्तियाक अहमद अनिल कुमार राय, प्रियांशु, अश्वनी कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**देवरिया**। एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को जनपद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। एडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक यातायात संकेतक लगाने, घुमावदार मोड़ों पर इंडिकेटर लगाने और हॉटस्पॉट पॉकेट्स का विश्लेषण कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रोड सेफ्टी आइकॉन्स को प्रोत्साहित करने तथा ह्यगुड सेमेरिटनह्न को सड़क सुरक्षा कोष से 5,000 की प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी दी। एडीएम ने नागरिकों से घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की।

संक्षेप

## एसडीएम के निर्देश अतिक्रमण वाली जमीन की होगी पैमाइश

सिधौली-सीतापुर। बनियानी की गांवसभा की सरकारी नवीनपरती भूमि पर किए गए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। उप जिलाधिकारी राखी वर्मा ने तहसीलदार को निर्देशित किया है कि राजस्व टीम गठित कर गाटा संख्या 509 की भूमि की पैमाइश कर 28 मई025 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बताते चलें द कि कोतवाली क्षेत्र के बनियानी गांव निवासी रोहित गौतम, पाटन दीन यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा था। इसमें आरोप लगाया गया था कि गांव की गाटा संख्या 509 की 0.392 हेक्टेयर भूमि, जो गांवसभा की सरकारी नवीन परती भूमि है । जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है, उस पर कुछ लोगों द्वारा लकड़ी के पोल लगाकर बेरिकेडिंग कर अतिक्रमण किया गया है।आरोप है कि संत लाल व पाटन दीन द्वारा उक्त भूमि पर घूरा भी डाला गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राजस्व टीम स्थल का निरीक्षण कर यथाशीघ्र स्थिति स्पष्ट करे। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह अम्बेडकर के अनुयायि और हिन्दू संगठनों के लोग इस विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे।स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए नायब तहसीलदार आलोक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।नायब तहसीलदार के नेतृत्व में तत्काल बेरिकेडिंग हटवाई गई और अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन की मोहलत दी गई थी।

## जनपद में जल्द दौड़ सकती है तबादला एक्सप्रेस

सीतापुर।योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में जहां एक तरफ तबादला एक्सप्रेस सरपट दौड़ रही है और कई बड़े पदों पर फेर बदल किया जा चुका है सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानान्तरण नीति 2025 आने के बाद जनपद के कई विभागो में जिम्मेदारों के द्वारा एक बड़ी रणनीति तैयार की जा रही है और जिम्मेदारों के द्वारा जल्द ही तबादला एक्सप्रेस दौड़ाई जा सकती है।कई विभाग व पटल ऐसे है जहां वर्षो से जमे पटलों में फेलर बदल किया जा सकता है तो कई ऐसे भी विभाग है जिनका जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है बेहतर कार्यशैली न होने की वजह से भी कई जिम्मेदार पटल व अधिकारियों का फेर बदल किया जा सकता है। क्योकि स्थानान्तरण नीति 2025 पर अगर गौर किया जाये तो बहुत से ऐसे अधिकारी वर्षो से एक ही स्थान पर तैनात है जिनकी नियुक्ति नहीं की गई है स्थानान्तरण नीति के तहत वह सब तबादला सूची में आ सकते है।

## परसेण्डी चिकित्साधिकारी को कारण बताओ नोटिस

सीतापुर । टीकाकरण में खराब प्रगति पर प्रभारी चिकित्साधिकारी परसेंडी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।डीएम ने सभी सत्रों में आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी आदि की उपस्थिति भी सुनिश्चित के निर्देश दिये साथ ही समस्त वी0एच0एन0डी0 सत्रों का सुपरवाइजरी विजिट भी सुनिश्चित किया जाये।सुपरवाइजरी विजिट न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एनआरसी में रेफरल बढ़ाया जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाले विकास खण्डों को सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाये।उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मानकों के अनुरूप हाट कुक्ड मील उपलब्ध कराया जाये।उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा हेतु मानकों के अनुरूप प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया के मामले पाए जाएं, उनमें तत्काल फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाये।शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी केंद्रों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध करायी जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीजों से अच्छा व्यवहार करें एवं उन्हें आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करायी जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने की सुख-समृद्धि व सौहार्द की मंगल कामना



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर । बड़ं मंगलवार को पूरे जिला राम और हनुमान धुन में लयलीन रहा हैं।पूरे शहर में जगह जगह भण्डारे का आयोजन किया गया।

सुबह से लेकर देररात में मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही। हरदोई चुगी, कैचीपुल, मन्नी चौराहा, श्यामनाथ पुलिस लाइन, लालबाग, जेलरोड, ट्रान्सपोट, लोहारबाग, आवास विकास कांशीराम कालोनी सहित जगह जगह स्टाल लगाकर भण्डारे का आयोजन किया गया।इसी क्रम में लोक आस्था एवं सेवा भावना से ओतप्रोत बड़े मंगल के पुनीत पर्व पर जनपद सीतापुर की सदर तहसील परिसर में एक भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा, स्नेह और उत्साह के साथ किया गया।यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि जनसेवा, सामाजिक समरसता एवं प्रशासनिक सहभागिता का भी एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है।भंडारे का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा मंत्रोच्चार एवं वैदिक विधियों के साथ पूजन-अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित करते हुए जनकल्याण, सुख-समृद्धि एवं सामाजिक सौहार्द की मंगलकामना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, तहसीलदार सदर अतुलसेन सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता गण, पत्रकारगण, समाजसेवी, तहसील प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, सुचारु प्रसाद वितरण व्यवस्था एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को एक दिव्य एवं गरिमामय वातावरण की अनुभूति हुई। यह आयोजन प्रशासनिक समर्पण, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम संगम बनकर उभरा।

## मुस्तफाबाद में ब्रह्मदेव स्थान पर हुआ भण्डारा

ऐलिया-सीतापुर।विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अड़बेनिया ग्रण्ट के मजरा मुस्तफाबाद में ब्रह्मदेव स्थान पर महेश जायसवाल के द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।उक्त भण्डारे में हाजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।जिसमें ग्रामीणों के साथ साथ दूर दराज से आये साधू संतो व राहगीरों ने रूककर महाबली का प्रसाद ग्रहण किया और रामभक्त हनुमान के जयघोषो से ब्रम्हदेव स्थान गूंज उठा। भण्डारे का शुभारम्भ महेश जायसवाल व क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगो के द्वारा कराया गया। उक्त अवसर पर नेरी कला पूर्व प्रधान दुर्गेश राठौर, प्रधान बिकटोरिया ग्रण्ट शरीफ, धीरेन्द्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र शुक्ला, बब्लू अग्रवाल, आदि हजारों हुनमान भक्त मौजूद रहे।

## बीडीओ ने किया भण्डारे का आयोजन

सीतापुर। ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को रामपुर मथुरा विकासखंड में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल व जे ई कमलेश मौर्य के द्वारा हनुमान जी की पूजा प्रतिष्ठाकर पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण किया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद पाकर हनुमान जी की जय जयकार किया वही थाना परिषद में इंस्पेक्टर कृष्णानंद तिवारी के द्वारा सुंदर पाठ का आयोजन कर बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। मौर्या मेडिकल स्टोर पर शरबत पिलाया गया । टीवीएस मोटरसाइकिल एजेंसी पर पूडी सब्जी तथा हनुमान मंदिर पर बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। तुलसीपुर खरिका हनुमान मंदिर पर भी बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया वही बहादुरगंज भगवतीपुर बांसुरा आदि जगहों पर भी पूरी सब्जी व बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया लोग प्रसाद पाकर हनुमान जी की जय जयकार के नारे लगाए।

# पवन तनय संकट हरन...



महोली/ सीतापुर- जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने हनुमानजी के चित्र पर पूजन अर्चन कर पूड़ी सब्जी, छोला चावल, शरबत व बूंदी का प्रसाद वितरित किया।महोली तहसील में आयोजित भंडारे का शुभारंभ एसडीएम शशि बिंदु द्विवेदी ने पूजन अर्चन कर किया।

सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, महासचिव जगजीवन भारती, पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित,हरिकरन दीक्षित तहसील के अधिवक्ता, पत्रकार व तहसील कर्मियों ने सहयोग किया। महोली ब्लाक परिसर में पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। कस्बे के बड़ागांव रोड पर जगह-जगह भक्तों ने पंडाल सजाकर प्रसाद वितरित किया वहीं कोतवाली से लेकर तहसील तक एक दर्जन से अधिक जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गय। भंडारे में युवाओं बच्चों ने उत्साह के साथ राहगीरों का रास्ता रोककर उन्हें प्रसाद देते दिखाई दिए।प्रति वर्ष ज्येष्ठ मास के सभी मंगलवार को जगह जगह प्रसाद वितरण के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं श्रद्धालु उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल होते हैं।महोली विधायक शशांक त्रिवेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला कस्बे मे जगह जगह भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए।तहसील परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधायक शशांक त्रिवेदी, बाराबंकी के पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, एसडीएम शशीविंद द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता, इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे,ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, ऐलिया संजू सिंह, पिसावा मिथिलेश यादव ,सभासद सोनू दीक्षित नायब तहसीलदार व तहसील के समस्त कर्मचारी अधिवक्ता समेत राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान महोली नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति मय माहौल रहा।

## 32 साल बाद आया कत्ल की घटना का फैसला

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर दिनां। जनपद सीतापुर की विशेष एस.सी./एस.टी. अदालत ने 32 वर्ष पुराने हत्या व जातीय उत्पीड़न के बहुचर्चित प्रकरण में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अभियुक्त मुनुआ महराज को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।मामला वर्ष 1993 का है, जब थाना रामपुरमथुरा क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी मधई हरिजन अपने खेत में मसूर काट रहे थे।

इसी दौरान अभियुक्त की गायें खेत में घुस आईं और जब मधई ने उन्हें हांकने का प्रयास किया तो अभियुक्त मुनुआ महराज (जाति ब्राह्मण) ने उन्हें जातिसूचक गालियाँ दीं और बेरहमी से मारपीट कर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। इस जघन्य घटना की रिपोर्ट मृतक के पुत्र रामधीरज ने तत्काल थाने में दर्ज कराई थी।लंबे समय तक चले विचारण के उपरांत विशेष न्यायाधीश मोहम्मद शफीक ने दोषसिद्ध अभियुक्त को निम्न दंड सुनाया। धारा 302 भा.द.सं.- आजीवन कारावास व रू0 12,000 अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास)।धारा 504 भा.द.सं.-1 वर्ष का सश्रम कारावास व रू0 2,000 अर्थदंड (व्यतिक्रम पर 15 दिन कारावास)।धारा 3(2)(अ)

● हत्या व जातिगत हिंसा के दोषी को आजीवन कारावास

एस.सी.ध्एस.टी. अधिनियम- आजीवन कारावास व रू0 12,000 अर्थदंड ,अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास। सभी सजाएँ साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी एवं सजायाफ्ता को तुरंत जेल भेजा जाए।विशेष लोक अभियोजक ने इसे समाज के कमजोर वर्गों पर होने वाले अत्याचार का गंभीर उदाहरण बताया और अधिकतम दंड की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकारते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि जातीय हिंसा और हत्या जैसे अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## वटवृक्ष की पूजा कर पति की मांगी लम्बी उम्र



उन्नाव। शहर, गांव, कस्बों में वट सावित्री व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पति की दीघार्यु और अखंड सौभाग्य की कामना लिए सुहागिन महिलाओं ने पारंपारिक वेशभूषा में वटवृक्ष की पूजा की और पूरे दिन व्रत रखा। सुहागिनों ने वट वृक्ष पर जल चढा घर से पूड़ी, खरबूजा, आम, सीताफल, बैंगन, गेहूं, और कच्चा धागा से पूजा कर वटवृक्ष की परिक्रमा की। इस अवसर पर सावित्री- सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया गया। सुमेरपुर क्षेत्र की सुहागिनों में मनोरमा, मालती, रुबी, कंचन, तनू, हर्षिता आदि ने बताया कि सभी ने विधिवत वट सावित्री का पूजन कर पति के लम्बी उम्र की कामना की है।

## भाकियू ने ग्रामीण समस्याओं को लेकर डीएम को भेजा ज्ञापन

सिधौली-सीतापुर। ग्रामीण समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के लोगों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित उपजिलाधिकारी के अवकाश पर होने के चलते तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा को देते हुए संगठन ने ज्ञापन में कई गंभीर जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए जल्द समाधान की मांग की।



भाकियू के लोगों दिए गए ज्ञापन में कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ध्वस्त बिजली व्यवस्था को रोस्टर के अनुरूप दुरुस्त किए जाने, आवारा गोवंशों को नियंत्रित कर उन्हें गौशालाओं में सुरक्षित रखने, जल जीवन मिशन के तहत गांवों व गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों को मौसम के अनुकूल छाया, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने और ग्राम पंचायत बहरी मऊ के मजरा ग्राम गौरा से सोनबरसा तक जर्जर खड़ंजे को डामर युक्त कराए जाने की भी मांग उठाई गई ज्ञापन में नेशनल हाईवे-24 के खैराबाद से इटौंजा टोल प्लाजा के बीच एंबुलेंस और हैड्रा को सुरक्षा वाहनों की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा मानकों के अनुरूप दो-दो किए जाने की भी मांग शामिल रही।यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मांगे समय से पूरी नहीं हुईं तो संगठन आर-पार की लड़ाई लड़ेगा इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष गौरव प्रताप सिंह के नेतृत्व में संतोष कुमार राजपूत, ताराचंद, राकेश, शैलेन्द्र सहित बड़ी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



पाटन, उन्नाव। ज्येष्ठ मास के तीसरी बड़े मंगलवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के आसपास के क्षेत्रों में आस्था की बयार बहती नजर आई।

इस पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों सहित निजी प्रतिष्ठानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और हनुमान अष्टक का पाठ श्रद्धा भाव के साथ किया गया।सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना में लीन नजर आए।इस विशेष दिन पर जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी, बूंदी, हलवा सहित श द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त बिहार थाना प्रभारी के द्वारा हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही सुमेरपुर तिराहा, पाटन कस्बे के तकिया मेला स्थित हनुमान मंदिर, सुमेरपुर, मनिकापुर, ऊंच गांव, बाबू खेड़ा और भगवंतनगर सहित कई स्थानों पर विशाल भंडारे आयोजित किए गए।हर जगह श्रद्धालुओं की लंबी कतारें और सेवाभाव से जुटे आयोजकों का समर्पण देखने को मिला।मंदिरों में संध्या के समय भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने भगवान हनुमान की स्तुति में मधुर भजन प्रस्तुत किए।क्षेत्र का वातावरण जय श्री राम और बजरंगबली की जय के नारों से गुंजायमान होता रहा। पूरे आयोजन में शांति, सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। भक्तों की भारी भीड़ के बावजूद सभी कार्यक्रम संयम और श्रद्धा से संपन्न हुए, जिससे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

# भिनकीपुर हनुमान मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन

सफीपुर, उन्नाव।प्रभु श्रीराम जी के सेवक श्री हनुमान जी की आराधना को समर्पित जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को हनुमान भक्तों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में



अनगिनत स्थानों पर सरबत, बूंदी, पूड़ी सब्जी व खीर आदि प्रसाद का वितरण किया।क्षेत्र के हनुमान मंदिरों पर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।जहां दर्शन पूजन के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब।सुंदरकांड पाठ,हनुमान चालीसा, रामचरित्र मानस के पाठ , हवन पूजन के चल रहे धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र के भिनकीपुर धाम स्थित हनुमान मंदिर, सिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर दिनेश के नेतृत्व में अधिष्ठात्री मां शंकरी देवी मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में पूड़ी सब्जी प्रसाद का वितरण किया गया। सराय सकहन के प्राचीन हनुमान मंदिर, सकहन राजपूतान स्थित हनुमान मंदिर, महावीर मंदिर सहित विभिन्न हनुमान मंदिरों एवम अनगिनत देवस्थलो पर आस्थावान श्रद्धालुओ की लगी लंबी कतारें।जहां जगह जगह आस्थावान श्रद्धालु भक्त कर रहे प्रसाद वितरण।जय हनुमान एवम जय श्रीराम के जय घोष से गुंजायमान वातावरण।इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अधीक्षक डॉक्टर राजेश वर्मा के नेतृत्व में पूड़ी, सब्जी व बूंदी भंडारे का आयोजन किया गया।जहां भारी मात्रा में मरीजों, तीमारदारों व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर डॉक्टर ब्रजेश सिंह, लवकुश शुक्ला, कुँवर सिंह, सचिन दीक्षित, सचिन सिंह रणधीर सिंह, मुन्नर आदि समेत सीएचसी स्टॉप मौजूद रहा।

## तीसरे मंगल पर पूड़ी सब्जी व शर्बत का वितरण



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र में आज जेष्ठ मास के तृतीय मंगलवार को श्रद्धालुओ ने मंदिरों तथा सड़क मार्गों पर सरबत पूड़ी सब्जी बूदी का प्रसाद वितरण किया। क्षेत्र के अंतर्गत आज ज्येष्ठ मास के द्वितीय मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों तथा सड़क मार्गों पर जगह जगह शरबत पूड़ी सब्जी बूंदी का प्रसाद वितरण किया कस्बा ऊगू मे मोहल्ला सोनिका मे जयशंकर व रवीशंकर ने शरबत का प्रसाद वितरण किया। फतेहपुर चौरासी मे मोनू मिश्रा ने आध्यात्म मानस मंडल द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जिसके संचालक हर्ष शुक्ला अपने सहयोगी मित्रों के साथ संगीत मय पाठ किया।जिसमें शोभित शुक्ला, धीरू द्विवेदी सुमित मिश्रा आदि ने मंत्र मुग्ध कर दिया तथा दोस्तपुर शिवली मे स्थिति त्यागी बाबा मंदिर मे रघुनाथ प्रसाद शास्त्री ने पूडी सब्जी प्रसाद वितरण किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके प्रधान पवन पाल मौजूद रहे।

## सरस्वती मेडिकल कालेज में स्तन निरीक्षण क्लीनिक का शुभारंभ किया

नवाबगंज, उन्नाव।सरस्वती मेडिकल कॉलेज में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्तन निरीक्षण क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।इस क्लीनिक का शुभारंभ जेफिगो और लॉस के सहयोग से स्त्री प्रसूति विभाग में किया गया।इस अवसर पर कॉलेज के




प्रिंसिपल डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव ने कहा कि यह पहल स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एक अहम कदम है। इस स्तन क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना है।इस नए क्लीनिक में स्तन संबंधी समस्याओं से जूझ रही महिलाओं को प्रारंभिक जाँच और परामर्श की सुविधा मिलेगी।इस क्लीनिक में स्तन संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक जाँच और परामर्श की सुविधा होगी।स्तन कैंसर के मरीजों के लिए आगे की विस्तृत जाँच और उपचार की व्यवस्था भी की गई है।आवश्यकता अनुसार राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भेजने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।इस शुभारंभ के दौरान डॉ. ऋषिका राज, डॉ. निधि जौहरी, डॉ. ऋचा पांडेय, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. चित्रांगदा गुप्ता, डॉ. ऋचा यादव और डॉ. साक्षी राय उपस्थित रहे, जिनका योगदान इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा।

## शिक्षक नेता रमेशचन्द्र के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

सीतापुर।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के संस्थापक सदस्य प्रान्तीय कोषाध्यक्ष रमेश चन्द मिश्रा के निधन पर बी आर सी गोंदला मऊ संदना सीतापुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला के निर्देश पर पूरे प्रदेश में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसके तहत जनपद सीतापुर इकाई ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा स्वर्गीय श्री मिश्रा जी के संघर्ष को याद किया गया शोकसभा का आयोजन संघ के जिला अध्यक्ष रामसेवक पाल ने किया तथा इस दौरान दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ।सभा में खण्ड शिक्षा अधिकारी ा गोंदला मऊ तथा ब्लाक अध्यक्ष अवधेश राज बंशी जिला महामंत्री अभय सिंह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बिबेक सिंह जिला प्रवक्ता राजअम्बा दत्त त्रिपाठी हरिपाल पाण्डेय शुशील शुक्ला संदीप बाजपेई बिजय सिंह दिनेश मिश्रा बिजय भट्ट बिश्राम लाल बालक राम मनोज कुमार सुषमा मिश्रा ललित कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पशु चिकित्सालय पर लटका ताला

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र के ऊगू पशु चिकित्सालय के घूस लेते पकड़े गए डाक्टर सोमेश निगम को सतर्कता अधिष्ठान की टीम द्वारा पकड़ कर ले जाए जाने के बाद मंगलवार को पशु चिकित्सालय का ताला तक नहीं खुला




जिससे पशुपालक दवा इलाज के लिए भटकते रहे।सोमवार को क्षेत्र के गांव सराय अख्तियार पुर निवासी अभिषेक कुमार की पशु धन ऐप की आई डी एक्टिव करने के लिए डॉक्टर सोमेश निगम द्वारा पच्चीस हजार रुपए की घूस मांगने की सतर्कता अधिष्ठान में की गई शिकायत पर अधिष्ठान टीम ने कार्यवाही करते हुए सोमवार को डॉक्टर को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया और विधिक कार्यवाही करते हुए टीम अपने साथ ले गई थी।जिसके चलते मंगलवार को पशु अस्पताल का ताला तक नहीं खुला जिससे पशुपालक दवा इलाज के लिए भटकते रहे। पशुधन विभाग ने न तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था की और न ही पशुओं के इलाज आदि के लिए किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई।

## अब टपक सिचाई पद्धति से बढ़ेगी पैदावार

सीतापुर । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि (गन्ना, गेहूं, सरसों आदि)/औद्यानिक (शाक भाजी, आलू, मटर, आम आदि) फसलों में कृषकों को कम लागत में गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन, रोग रहित फसल, सिंचाई की लागत में कमी, खरपतवार पर नियंत्रण के साथ-साथ पानी में उर्वरकों को मिलाकर फसलों को पोषक तत्व देने में आसानी आदि के लिये ड्रिपस्प्रिंकलर के जरिए फौव्वारा व टपक सिंचाई पद्धति के लिए जनपद में कुल 2012 हेक्टेयर में उद्यान विभाग सिंचाई के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन आदि सिंचाई उपकरणों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा।इसके जरिए सिंचाई करने पर भूगर्भ जल की बचत होगी।ड्रिपध्स्प्रिंकलर सिस्टम के सेट पर लघु, सीमांत किसानों को 90 व सामान्य किसान को 80 फीसद अनुदान दिया जाएगा।जनपद-सीतापुर गन्ना उत्पादन का क्षेत्र है जिससे गन्ना उत्पादन के कृषक इस योजना का लाभ लेकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते है।

## दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा घायल

सीतापुर। जनपद के मानपुर थाना क्षेत्र में जुद्दीनपुर निवासी विनय (23) अपने चचेरे भाई आशुतोष के साथ ठेलिया पर भूसा लादकर बिसवां बेचने जा रहे थे।इसी दौरान दोनों लालपुर कोठी के पास डायल 112 के वाहन की चपेट में आ गए। ठेलिया में पीआरवी पीछे से टकराई, तभी विनय छिटककर सड़क पर जा गिरे।विनय और आशुतोष घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी बिसवां लाया गया।यहां डॉक्टरों ने विनय को मृत घोषित कर दिया।साथी कृष्णा ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि विनय सड़क पर गिर गया। वहीं, आशुतोष खड्ड में जा गिरे।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थानाध्यक्ष मानपुर मुकेश वर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों ने तहरीर दी है।

संक्षेप

## भाकियू ने आयुक्त को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

बाँदा। भाकियू की मंडलीय बैठक कृषि परिसर में आयोजित की गई जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किए जाने के बाद आयुक्त को समस्याओं के निदान के लिए 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। मंडल अध्यक्ष कमलनयन सिंह पटेल के नेतृत्व में आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में निजी नलकूपों को विद्युत आपूर्ति बढ़ाकर 15 घंटे की जाए। ताकि किसान कृषि सिंचाई का समुचित लाभ उठा सके। साथ ही जर्जर विद्युत लाइनों को बदला जाए। ग्राम खुरहंड में ट्यूबवेल नंबर-16 का लीकेज न बनने के कारण सिंचाई बाधित बनी हुयी है। जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो रही है। जिसका मंडल के सभी जनपदों में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जलापूर्ति की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार से उन्होंने मंडल के अन्य जनपद हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट की विविध समस्याओं को रखा और निदान की मांग की है। ज्ञापन देने में बैजनाथ अवस्थी, प्राची सिंह, अनीता सिंह, मनरूप सिंह परिहार, अवधेश सिंह पटेल, महेश तिवारी, शैलेंद्र सिंह, माधुरी दीक्षित समेत बड़ी संख्या में भाकियू के पदाधिकारी शामिल रहे।

## जमीन पर अवैध कब्जा कर दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम अण्डेला निवासी सगुन पत्नी जाहर रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 23 मई की अपराह्न करीब 2 बजे उसकी जमीन नं. 1094, 1098, 1012/19 जो ग्राम मैनवार में है। बताया कि जमीन पर मैनवार निवासी स्वामी पुत्र नंदलाल, जयहिन्द पुत्र स्वामी, भगतराम व गनेश पुत्रगण गोकल ने उसकी व उसकी सास की पांच एकड़ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। बताया कि ट्यूबबेल बोरिंग पर मूंग की रखवाली कर रही थी। पीड़िता ने अपनी जमीन पर ट्रैक्टर चलते हुये देखा तो और रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे उसे काफी चोट आयीं। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 329 (3), 352, 115 (2), 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जहरीला पदार्थ निगलने से मासूम की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। जहरीला पदार्थ खाने से मासूम बालिका की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ने मंगलवार सुबह बालिका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली के पूरे चोप सिंह गांव निवासी अमित सिंह की पत्नी कल्पना ने अपनी छः वर्षीया पुत्री अंजलि के साथ सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। लालगंज ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हालत में सुधार होने पर कल्पना को चिकित्सकों ने घर भेज दिया था। वहीं हालत गंभीर देख उसकी पुत्री अंजलि को स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया था। स्वरूपरानी मेडिकल कालेज में हालत में सुधार होने पर परिजन अंजलि को लेकर रात में घर आ गये थे। लेकिन यहां अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ गयी। परिजनों के अस्पताल पहुंचने से पहले ही अंजलि की सांस थम गयी। बिना पुलिस को सूचना दिये परिजनों ने मंगलवार सुबह मासूम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# जल जीवन मिशन पर निगरानी बढ़ेगी

### सांसद ने की जल आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा, पारदर्शिता और तीव्रता पर दिया बल



झांसी/ललितपुर। झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने जल निगम (शहरीय- ग्रामीण) एवं जल संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य था क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की गहन समीक्षा करना तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना। बैठक में सांसद ने जल जीवन मिशन, अमृत पेयजल योजना, और टैंकर आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सांसद ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक नगर पालिका और नगर पंचायत में बिछाई जा रही पाइपलाइन व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से उन स्थानों की पहचान की जहां कार्यों में अत्यधिक विलंब हो रहा है। इस देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक क्षेत्र में कार्य की प्रगति की नियमित निगरानी करें और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

सांसद ने अमृत पेयजल योजना (फेस-1 और फेस-2) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ये कार्य जनहित से सीधे जुड़े हैं, अतः इसमें कोई भी लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने इन कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर बल दिया। बैठक के दौरान सांसद ने यह भी कहा कि जिन कंपनियों द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कार्य में ढिलाई या सुस्ती बरती जा रही है, उन्हें चेतावनी दी जाए और आवश्यकता होने पर वित्तीय दंड (जुमार्ना) लगाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की धीमी गति जनहित में बाधक है और इसे कतई सहन नहीं किया जाएगा। सांसद ने निर्देश दिया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान जिन स्थानों पर सड़कें खोदी गई हैं या क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां तुरंत मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कें और यातायात व्यवस्था आमजन की दैनिक जरूरत से जुड़ी हैं, अतः इनकी शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। सांसद ने यह भी जनता से आग्रह किया कि यदि किसी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है या जलापूर्ति बाधित होती है, तो इसकी जानकारी तत्काल उनके संसदीय कार्यालय या जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता, झांसी (मोबाइल नंबर 7991535341) को दी जाए। उन्होंने कहा कि सहयोगात्मक प्रयासों से ही हर घर तक जल पहुंचाना संभव होगा।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। मंगलवार को विश्वकर्मा समाज के लोगों ने सर्किट हाउस में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कुलदीप विश्वकर्मा के जिले में पधारने पर फूलमालाओं से स्वागत कर औपचारिक भेंट की। इस दौरान जिले के विश्वकर्मा समाज के लोगों ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य से कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की और ज्ञापन देकर जिले में विश्वकर्मा भगवान के नाम पर द्वार व मार्गों के नामकरण कराने की मांग की। ज्ञापन मे बताया गया की जिले में भगवान विश्वकर्मा के नाम से अभी तक कोई भी द्वार या सार्वजानिक स्थान नहीं है जबकि जिले में काफी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग हैं। ललितपुर जिले में धार्मिक और महापुरुषों के नाम पर बहुत से द्वार व सार्वजनिक स्थान बनाये गए हैं लेकिन विश्व के निर्माणकर्ता एवं प्रथम इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा के नाम पर ललितपुर जिले मे अभी तक किसी भी सार्वजनिक स्थान द्वार या मार्ग का नामकरण नहीं किया गया। मांग की गई की जिले मे भगवान विश्वकर्मा के नाम से द्वार व मार्ग का निर्माण किया जाये जिससे जिले का समस्त विश्वकर्मा समाज गौरवान्वित हो। इस अवसर पर हरिराम निरंजन, जिलाध्यक्ष वी-5 विजय ड्योढिया, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, अनूप ताम्रकार, विनोद कुमार झा, राहुल बाबा आदि उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन 29 मई को नजीबाबाद में करेंगी जन-सुनवाई

बिजनौर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नेहा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन द्वारा जनपद बिजनौर में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक-आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत तहसील नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड नजीबाबाद के सभागार कक्ष में आगामी 29 मई की सुबह 11 बजे से महिला जन-सुनवाई की जानी प्रस्तावित है। जिला प्रोबेशन अधिकारी नेहा पाण्डेय ने कहा कि जन- सुनवाई के बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन के द्वारा जिला कारागार पहुंचकर महिला बन्दी गृह, बालक/बालिका गृह एवं आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जायेगा।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का नवीनीकरण 31 मई तक होगाः बैंक प्रबंधक

बिजनौर। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अखिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मानित बैंक ग्राहकों को रुपए 02 लाख का बीमा कवर प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं संचाालित हैं। विदित है कि इन योजनाओं का प्रत्येक वर्ष मई के महीने में नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध किया है कि इन योजनाओं की निरन्तरता बनाये रखने के लिये इस मई के महीने में आगामी 31 मई तक अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के नवीनीकरण के लिए 436 रुपए एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नवीनीकरण के लिए 20 रुपए और दोनों योजनाओं में नामांकित व्यक्तियों को 456 रुपए अर्थात लगभग 500 रुपए का न्यूनतम बैलेन्स अवश्य बनाये रखें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में प्रतिवर्ष शामिल होने की आयु सीमा 18 से 50 वर्ष तक एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में प्रतिवर्ष, शामिल होने की आयु 18 से 70 वर्ष तक। अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक ने ऐसे पात्र बैंक खाताधारक, जिन्होंने अभी तक उपरोक्त दोनों योजनाओं में बीमा नही कराया है, से इन कल्याणकारी योजनाओं में नामांकन कराने एवं 02 लाख का सुरक्षा कवच प्राप्त करने का आहवान किया है।

## लूट करने वाले हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार



बांदा। फेरी लगाकर कालीन बेंचने वाले के साथ लूट करने वाले हिस्ट्री शीटर सहित दो को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाक्षेत्र के जौरही गाँव में फेरी लगाकर कालीन बेंचने आये इमाम खां पुत्र गुलाब खां से गाँव के ही हिस्ट्रीशीटर निरंजन पुत्र स्वयंवर सिंह व भूरा विश्वकर्मा पुत्र दयाराम निवासी जौरही ने मारपीट कर उसके कालीन व जेब में पड़े रुपये लूट लिए थे। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट की घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को मंगलवार को जौरही गाँव से गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि गिरफ्तार आरोपी निरंजन सिंह क्षेत्र का शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इस पर लूट, डकैती और हत्या के प्रयास, गुन्डा ऐक्ट व आर्म्स ऐक्ट सहित डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा गया एक कालीन व 5 हजार रुपये के अलावा मोटरसाईकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अनूप कुमार दुबे, उप निरीक्षक अरविन्द कुमार, अशोक कुमार, कांस्टेबल अनमोल गौतम, रवि कुमार, सचिन पटेल एवम ओमप्रकाश रहे।

# व्यापारी आंदोलनों में शहीद 14 व्यापारियों को दी श्रद्धांजलि

ललितपुर। उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में स्थानीय एक होटल में कार्यक्रम आयोजित कर व्यापारी आंदोलनो में शहीद हुए 14 व्यापारियों को दी गई श्रद्धांजलि एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए योगदान के प्रति 11 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इस वंदना के उपरांत व्यापार मंडल के पुरौधा पंडित श्याम बिहारी मिश्रा, लाल विशंभर दयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पं.श्याम बिहारी मिश्रा, लाल विशंभर दयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। व्यापारी नेताओं ने शहीद व्यापारी नेताओं में हरिश्चंद्र अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, नित्यानंद कौशिक, अशोक कुमार खंडेलवाल, शिव सिंह, मुन्ने मियां, लवकेश ओमर, अशोक राय, कमल जैन, रमेश बिंदल, अजय गुप्ता, अमित गुप्ता, राकेश पवार, गोपाल पोद्दार आदि शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके वचनों पर चलने का निर्णय लिया। प्रदेशीय निदेर्शानुसार शीलचंद जैन, प्रेमचंद जैन, कपूर चंद्र, सुरेश सराफ, शिखर चंद, प्रभात सराफ, करतारचंद, रामसेवक साहू, अरविंद जैन, नवीन समैया, जिनेंद्र जैन आदि को भामाशाह सम्मान दिया गया। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर व अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने संबोधित किया। संचालन महामंत्री अनिल जैन ने किया। कार्यक्रम में नवीन सिंघई, अशोक जैन, महेश जैन, अनिल अंचल, डा.प्रीतम सराफ, अभय जैन एड., राजीव सुडेले, उदयभान सिंह, मनोज सोनी, पंकज जैन, मुकेश जैन, संजीव जैन, राजेंद्र जैन, जयनारायण शर्मा, अंकित सतभैया, अवध बिहारी, विनय जैन, वीरेंद्र जैन, हरीश सिंघई, आनंद जैन, अवनीश जैन, सतीश, धर्मेंद्र जैन, राहुल मोदी, मनोज जैन, पदमचंद जैन, पवन जैन, दीपक सिंघई, ज्ञानप्रकाश, सुमत जैन, रिक्की जैन, निलेश जैन, सोनम सिंघई, उपेंद्र जैन, हेमंत जैन, मनमोहन, अविनाश जैन आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बने गंधर्व सिंह

### राजाराम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जयशंकर महासचिव एवं गिरजा शंकर बने कोषाध्यक्ष



ललितपुर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की पूर्व निर्धारित बैठक मे चुनाव से संबंधित जिसकी प्रक्रिया 6 अप्रैल से प्रारंभ होकर 4 मई तक विधिवत की गई थी। समिति के अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता एवं समिति के महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी के संचालन में जिला पंचायत सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक उपरांत चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश नारायण देवलिया के द्वारा समिति का चुनाव संपन्न कराए गया। बैठक में तीन वर्षों मे किए गए कार्यों का लेखा-जोखा महासचिव ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष के अनुपस्थित होने के कारण समिति के अध्यक्ष की सहमति से महासचिव ने ही प्रस्तुत किया। समिति अध्यक्ष गंधर्व सिंह लोधी ने समिति के कार्यों पर अनुमोदन करते हुए ध्वनि मत से संतोष व्यक्त कर कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यकारिणी भंग की घोषणा की गई। चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी एड. प्रकाश नारायण देवलिया को मंच सौंप कर उनसे चुनाव संपन्न करने का अनुरोध समिति ने किया। चुनाव अधिकारी ने समिति के पदों की घोषणा करते हुए क्रमशः एक-एक कर पद पर नाम आमंत्रित किए। सर्वसम्मति से निम्न पदों पर निर्वाचन संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष गंधर्व सिंह लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजाराम गोस्वामी, महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर दुबे चुने गये। मीडिया प्रभारी मंजीत सिंह सलूजा, कृष्णकांत सोनी, उपाध्यक्ष उमाशंकर विदुआ, जे.के.सिंह, अशोक कुमार सोनी, रमेश पाठक, एम.पी.अग्निहोत्री, आसाराम तिवारी, सचिव अवध किशोर रावत, विशंभर दयाल श्रीवास्तव, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार गोस्वामी, शिवनारायण नायक, अनुराग शरण श्रीवास्तव, संगठन सचिव सुरेश कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश दीक्षित, उप महासचिव आत्माराम रिछारिया, लालाराम बाजपेई, विधिक सलाहकार एड. सुनील कुमार जैन, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, प्रकाश नारायण देवलिया, रघुवीर शरण सोनी, ऑडिटर अरविंद संज्ञा,जे.पी.पाराशर, रमाकांत दीक्षित, सक्रिय सदस्य सुरेश चंद्र जैन, मथुरा प्रसाद सोनी, राजबहादुर पस्तोर, महेश मिश्रा, छक्कीलाल साहू, भागचंद त्रिपाठी, सुनील शर्मा, विजय सिंह परमार, बलराम पचौरी, संरक्षक मंडल प्रताप नारायण दीक्षित, काशीराम साहू बाबा, चुनाव संपन्न होने पर नवनिर्वाचित तीसरा कार्यकाल प्रारंभ कर रहे महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन का बैठक कक्ष प्रदान करने एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर वरिष्ठ जनों के प्रति अपना समर्पण एवं सहयोग हेतु उनका धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कराया।

## आदर्श को कोल्ड्रिंक मे जहर पिलाने का आरोप, रिपोर्ट

बांदा। जहर खाने से हुयी आदर्श शुक्ला की संदिग्ध मौत के मामले में ताऊ ने पांच लोगों के विरुद्ध कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। शंकर बाजार, पुकारी निवासी कोमल प्रसाद शुक्ला के 17 वर्षीय पुत्र आदर्श शुक्ला की 24 मई की रात इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई थी। रविवार को एक दर्जन थानों की पुलिस फोर्स की मौजूदगी में कोतवाली क्षेत्र के गौर शिवपुर केन नदी घाट में शाम को अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक के ताऊ विष्णुदेव शुक्ला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पुकारी और रंजीत पुर गांव के 5 लोगो के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया है कि 24 मई को आदर्श दादी से मिलने पैतृक गांव मुकेरा जा रहा था। कुछ देर बाद इसे घर में तड़पते हुए देख कर पिता कोमल प्रसाद, मॉ करुणा देवी व अजुर्नाह गांव के रिश्तेदार भूपत अवस्थी के साथ सीएचसी इलाज के लिए लाए थे लेकिन हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। आदर्श ने बताया कि रास्ते में स्थित पानी की टंकी के पास 5 लोग खड़े थे उन्होंने उसे रोक कर कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ पिला दिया है। कह रहे थे कि तुम लड़की के अपहरण की घटना में शामिल थे। तुम्हे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। कोतवाली पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की है। तथ्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# खून से लथपथ मिला चौकी प्रभारी का शव

- सड़क दुर्घटना होने की जतायी जा रही आशंका
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

ललितपुर। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.-44) स्थित ग्राम खड़ेरा के पास मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज घटना ने पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा दिया। बिरधा पुलिस चैकी के प्रभारी जितेंद्र सिंह परिहार का खून से लथपथ शव सड़क किनारे पड़ा पाया गया। शव के पास रिवॉल्वर और मोटर साइकिल भी बरामद हुई। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इसे सड़क हादसे का मामला माना है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के नेतृत्व में जांच शुरू हो चुकी है और सभी कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन छानबीन की जा रही है। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने एन.एच.-44 पर खड़ेरा गांव के निकट खून से सना शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान बिरधा चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह के रूप में की। बताया जा रहा है कि चैकी बिरधा में तैनात जितेंद्र सिंह रात में काम से ललितपुर आये हुये थे और देर रात से उनका कोई संपर्क नहीं था। उनके शव के पास उनकी सर्विस रिवॉल्वर और मोटरसाइकिल पाई गई, जिससे प्रथम दृष्टया यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत होता है। ललितपुर पुलिस के आलाधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है, ताकि मृत्यु के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सड़क दुर्घटना की संभावना जताई जा रही है, लेकिन सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम हर संभावित कोण, चाहे वह दुर्घटना हो, हत्या हो या आत्महत्या, सभी की जांच कर रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच से स्थिति स्पष्ट होगी। एसआई जितेन्द्र सिंह की मौत की खबर से ललितपुर पुलिस महकमे में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई। उनके सहकर्मियों ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ और निष्ठावान अधिकारी बताया। पुलिस विभाग ने उनके परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस बीच, पुलिसकर्मियों के बीच यह चर्चा आम है कि एक चैकी प्रभारी की इस तरह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत क्षेत्र में बढ़ते अपराध और असुरक्षा का संकेत हो सकती है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट से मृत्यु का सटीक कारण पता चलेगा।

# एएसपी ने ली परेड की सलामी



बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने साप्ताहिक परेड की सलामी दी और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अनुशासन व एकरूपता के लिए टोली वार ड्रिल कराया। क्वार्टर गार्ड मे सलामी देकर गार्द व स्टोर रूम का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का भ्रमण कर मेस, जिम व चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया और जरूरी दिशानिर्देश दिए। अपर एसपी ने अर्दली रूम कर अनेक रजिस्टरों को देखा। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्र और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## कालिंजर दुर्ग में शुल्क वसूली बंद कराने के लिए डीएम को ज्ञापन



बाँदा। कालिंजर दुर्ग स्थित भगवान नीलकंठेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं से की जा रही शुल्क वसूली पर रोक लगाए जाने की समाजसेवी ने शासन, प्रशासन से मांग की है। समाजसेवी ने बाहर से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बिना किसी बाधा के पूजा-अर्चना करने की मांग की है। समाजसेवी राकेश गौतम मेजर के नेतृत्व में अनेक भाजपा पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि कालिंजर दुर्ग स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर मंदिर का पौराणिक एवं धार्मिक महत्व है। यह किला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक की श्रेणी में है। इस किले में यात्रियों व पर्यटकों से प्रति व्यक्ति 25 .रुपये व विदेशी पर्यटकों से तीन सौ रुपये लिए जाते हैं। जिसे बंद कराया जाना चाहिए ताकि पौराणिक, विशिष्ट व धार्मिक मान्यता प्राप्त भगवान नीलकंठेश्वर मंदिर में भक्तजन बिना किसी बाधा के पूजा-अर्चन व दर्शन वंदन कर सकें। उन्होंने बताया कि कालिंजर दुर्ग स्थित भगवान नीलकंठेश्वर मंदिर धार्मिक, पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व का तीर्थ क्षेत्र है। यहां पर विराजमान भगवान नीलकंठेश्वर महादेव के साथ समुद्र मंथन की कथा भी जुड़ी हुयी है। इसका पौराणिक आख्यानों में इनका वर्णन भी आता है। उन्होंने कहा कि कालिंजर की कीर्ति सतयुग से रही है। जिलाधिकारी से आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष वेद निराला, मंडल मंत्री हरीशील त्रिपाठी, अर्जुन प्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

## सर्प काटने से बालिका की मौत

बाँदा। खेतों में शौच करने गई बालिका को सर्प ने काट लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कालिंजर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी स्वीटी 8 वर्ष पुत्री कल्लू यादव सोमवार की देर शाम अपनी मां के साथ खेतों की ओर शौच क्रिया करने गई थी। रास्ते में पैर में सर्प ने काट लिया। परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां उपचार के बीच उसने दम तोड़ दिया।

# बिजली-पानी की समस्या को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिले में चल रही पानी और बिजली की समस्या पर उग्र विरोध प्रदर्शन किया और एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी के नाम सौंपा। सपा नेत्री पूजा यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों को बिजली नहीं मिल रही है और अगर मिल भी रही है तो बहुत कम वोल्टेज मिल रहा है जिससे बल्ब जलाना भी संभव नहीं हैं। वही दूसरी और ग्रामीण क्षेत्रों से भी शिकायतें आ रही हैं कि टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं की जा सकी है। इंजी.हृदेश यादव मुखिया ने कहा कि जनपद में गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे में आम जनमानस को इस समय बिजली और साफ पानी की अत्यंत आवश्यकता है। लगातार दिन रात हो रही अघोषित बिजली कटौती से जनपदवासी बेहाल है, छोटे-छोटे बच्चे बिना बिजली के रात-रात भर बिलखते रहते हैं। छात्रों की पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है। इस दौरान सपा की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योतिसिंह लोधी, रामप्रताप सिंह, नीलू कुशवाहा, शाकिर अली, चारू जैन, शैलेन्द्र, बिटटू यादव, रानू मंसूरी, आशीष तालाबपुरा, पुष्पेन्द्र बलदाऊ, पंकज, शेखर ककरुआ समेत अनेक धनगौल, भैया यादव, मोनू खिरकन, राजेश झा, पुष्पेंद्र, दीपक सेन, रवि खटीक, बंटी मुहारा, राकेश बख्तर, एड.भानु, अनिल अहिरवार, शंकर, निखिल शर्मा, आशिफ, पुष्पेन्द्र कैलागुवां, इन्द्रजीत, महाराज लोधी, नवल घावरी, यादवेंद्र, राममिलन, विजय, शिवम, सुधीर, हुकुम सिंह, अमित, सुमित, प्रसन्न यादव, राजबहादुर, नरेन्द्र जहाजपुर, धर्मेंद्र नाराहट, नीतू हिंगोरा, अजय, लालू जिजयावन, मकुंद, वीरेंद्र सिंह, रमेश, दीपक यादव आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए पात्र व्यक्ति करें आवेदन

जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज में सर्वधर्म-समभाव तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अक्टूबर, 2017 से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न समुदाय एवं धर्मों के रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाता है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि योजना का यह भी उद्देश्य है कि विवाह उत्सव में होने वाले अनावश्यक प्रदर्शन एवं अपव्यय को समाप्त किया जाय। उन्होने कहा कि 2 लाख रुपए वार्षिक आय सीमा के अन्तर्गत आने वाले सभी वर्गों के परिवारों को योजनान्तर्गत आच्छादित किया जाता है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह की भी व्यवस्था है, इस योजना में दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में रू0 35,000/- की धनराशि का अनुदान एवं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री यथा कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि रू0 10,000/- की धनराशि से क्रय करते हुए प्रदान किया जाता है तथा प्रत्येक जोड़े के विवाह आयोजन पर रू0 6,000/- की धनराशि व्यय किये जाने की व्यवस्था है। इस प्रकार योजनान्तर्गत एक जोड़े के विवाह पर कुल रू0 51,000/- की धनराशि की व्यवस्था है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने यह भी बताया कि नगरीय निकाय (नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर निगम), क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत स्तर पर पंजीकरण एवं न्यूनतम 10 जोड़ों के विवाह पर



सामूहिक विवाह आयोजन की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति सामान्य वर्ग और पिछड़ा वर्ग की कन्याओं के विवाह के लिए शादी अनुदान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पात्र आवेदकों को 20 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। आवेदक शादी से 90 दिन पहले या 90 दिन बाद तक योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि योजना के अनुसार आवेदक अपनी दो बेटियों के लिए अनुदानराशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए शादी के 90 दिन पहले या 90 दिन बाद भी आवेदन किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत लाभ पाने के विभाग की वेबसाइड पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र जन सुविधा केंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे, स्वयं से या विभाग की वेबसाइट से कर सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन विवाह की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व तक करना होगा। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार होगा।

# आप्रवासी विरोधी नीति

कभी अमेरिका दुनिया भर के टॉप ब्रेन को हायर कर अपने देश ले जाता था ताकि सुरपमैसी बनी रहे। इसमें वह कामयाब भी रहा। अच्छी सुविधा, संसाधन और कार्य के बदले मिलने वाला वेतन भी ऐसा था कि तीसरी दुनिया के अधिकांश देशों से इंजीनियर, डॉक्टर अमेरिका की तरफ रुख करते थे। उनको अच्छा वेतन मिलता था, लग्जरी लाइफ, काम और अनुसंधान का बेहतर महौल भी आकर्षित करता था। लेकिन ट्रंप की नीतियां अब प्रवासियों के सामने संकट उत्पन्न कर रही हैं। ट्रंप दुनिया भर से संसाधन अमरीका के लिए खींचना चाहते हैं। इसके लिए वे अपने देश की कंपनियों पर अमरीका में प्लांट लगाने का दबाव डाल रहे हैं। दूसरे देशों के उत्पादों के लिए अमरीकी बाजार टैक्स और अन्य बाधाओं के जरिए बंद कर रहे हैं। बेशक अमरीका सबसे समृद्ध देश है। सबसे शक्तिशाली देश है लेकिन अमरीका की यह हैसियत प्रवासियों ने ही बनायी है। लेकिन अब ट्रंप अमरीका को अमरीका बनाने वाले प्रवासियों के सामने ही संकट खड़े कर रहे हैं। तमाम बाधाओं के जरिए प्रवासियों के लिए अमरीका के रास्ते बंद कर रहे हैं, जो प्रवासी अमरीका में हैं उनके प्रति अमरीका में ट्रंप के कारण नफरत बढ़ रही है ओर अब तो प्रवासियों पर रेमिटेंस टैक्स लगा दिया है। इससे सर्वाधिक भारतीय प्रवासी प्रभावित होंगे। 3.5 फीसदी का रेमिटेंस टैक्स जो सभी ग्रीन कार्ड धारकों और एच1बी, एल1 (जिसके तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां विदेशी शाखाओं के कर्मचारियों को अस्थायी रूप से अमेरिका स्थानांतरित कर सकती हैं) और एफ1 यानी छात्र, श्रेणियों के गैर आप्रवासी वीजा धारकों पर लागू किया जाएगा। इस कर को अमेरिका में चुकाए जाने वाले अन्य संघीय या राज्य स्तरीय करों के विरुद्ध समायोजित भी नहीं किया जा सकेगा। कर लगाने के पीछे डॉलर को अमारकस ये बाहर जाने से रोकना बताया जा रहा है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस भेजने वाला देश है। वर्ष 2023 में वहां रहने वाले प्रवासियों ने करीब 85.7 अरब डॉलर की राशि बाहर भेजी। बहरहाल, व्यापक तस्वीर को ध्यान में रखें तो आर्थिक तर्क कमजोर प्रतीत होता है। ऐसा लगता है कि इसका वास्तविक लक्ष्य ट्रंप प्रशासन के आप्रवासी विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। इस धन प्रेषण का विनिमय दरों या मुद्रा भंडार पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता है। कुल मिलाकर यह रेमिटेंस अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद के आधे फीसद से भी कम है। परंतु डॉलर की मजबूती को देखते हुए प्राप्तकर्ता देशों में रहने वाले परिवारों पर इसका अहम असर होगा। तकरीबन 50 लाख भारतीयों के पास अमेरिकी वीजा है। 2.07 लाख लोगों के पास एच1बी वीजा और 3.31 लाख लोगों के पास छात्र (एफ1) वीजा है और वे ग्रीन कार्ड धारकों में अहम हिस्सेदारी रखते हैं। तकरीबन 32 अरब डॉलर के साथ अमेरिका भारत आने वाले रेमिटेंस में 27 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। आप्रवासन को हतोत्साहित करने के अलावा यह समझ पाना मुश्किल है कि अमेरिका को इस कर से क्या लाभ होगा। सिलिकन वैली में पहले ही यह भय पैदा होने लगा है कि ट्रंप प्रशासन के प्रवासी विरोधी एजेंडे के कारण उसके पास प्रतिभाओं की कमी हो सकती है। अगर विदेशी छात्र-छात्राएं, जो विश्वविद्यालयों के राजस्व का मुख्य जरिया हैं, उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए वैकल्पिक देशों को रुख करते हैं तो प्रतिभाओं तक पहुंच और भी कम हो जाएगी। जहां तक भारत का संबंध है, रेमिटेंस कर दुर्भावना भी दर्शाता क्योंकि भारत ने व्यापार समझौते के पहले सहृदयता के संकेत के रूप में ऑनलाइन विज्ञापन पर लगने वाला 6 फीसदी का 'गूगल कर' एक अप्रैल से समाप्त कर दिया था। यह भारत-अमेरिका दोहरे कराधन निवारण संधि के गैर भेदभावकारी प्रावधान का उल्लंघन भी हो सकता है। हालांकि अभी इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। यह विडंबना ही है कि प्रवासियों को अपना पैसा अमेरिका में रखने के लिए प्रेरित करने के बजाय बाध्य किया जा रहा है। इससे हवाला कारोबार और अन्य गैर कानूनी तरीकों से पैदा भेजने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। दरअसल अमरीका की विशाल अर्थव्यवस्था में रेमिटेंस कर से जो हासिल होगा उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन आप्रवासियों पर करों की मार बढ़ जायेगी क्योंकि उनको पहले अमरीका में भारी भरकम टैक्स देकर रहना पड़ता है।



**अमरीका में आप्रवासियों को पहले ही अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा टैक्स देना पड़ता है, ट्रंप के नये रेमिटेंस टैक्स से कर भार और बढ़ जायेगा।**

# भारतीय सेना कर रही फ्यूचर वार की तैयारी



संजय श्रीवास्तव

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना द्वारा भविष्य में होने वाले तकनीक आधारित अत्याधुनिक हथियारों वाले युद्धों की तेज की गई तैयारी को देख, कई देश सहमे और सकते में हैं। मगर यह तैयारी न तो किसी कमजोर को भयाक्रांत करने और न ही बेजा आक्रमण के लिए है। उसकी यह तैयारी भविष्य के युद्धों में अजेय रहने के लिए है।**

एयरफोर्स के डिजाइन ब्यूरो की बनाई प्रणाली ड्रोन को एमएम आई-17 हेलीकॉप्टर से दुश्मन के इलाके के ऊपर हवा में छोड़ेगा। ये हेलीकॉप्टर ड्रोन 50 किलो के हथियार लेकर 40 किलोमीटर तक मार कर सकते हैं। चूंकि ड्रोन भविष्य के नए सूरमा हैं सो वायु सेना कई तरह के अलग अलग क्षमता वाले ड्रोन विकसित करने और खरीदने जा रही है। वह आठ हजार फीट पर उड़ने वाला लाइटरिंग एरियल इंटरसेप्टर, तीन तरह से दुश्मन को चकमा देने, घेरने, मारने वाले स्वार्म एंटी ड्रोन, एयरलांच स्वार्म ड्रोन, एलास्ट्कॉप्टर और दुश्मन के राडार को जाम करने वाले एमुलेटर ड्रोंस, एंटी-राडार डिकॉय स्वार्म, 500 किमी या उससे अधिक की रेंज वाला हाई-स्पीड ड्रोन, टेथर्ड ड्रोन प्रणाली जैसे कई ड्रोन और ड्रोन प्रणालियां अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। वायु सेना चारों दिशाओं से 200 ड्रोन की आमद को एक साथ भांप लेने वाला स्थिर राडार, हवा में एक ऐसा एयर-माइन सेंसर सिस्टम भी स्थापित करने जा रही है जो 2 हजार मीटर की ऊंचाई तक और एक किमी के दायरे में किसी भी तरह के ड्रोन द्वारा हवा में पैदा हलचल को पढ़ लेगा। यहां तक तो ठीक पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद संसार में सबसे सक्षम, इजराइल के आयरन और अमेरिकी गोल्डन डोम से बेहतर आंके गए अपनी वायु रक्षा प्रणाली एस 400 से भी आधुनिक तकनीक वाला स्मार्ट एयर डिफेंस सिस्टम विकसित करने जा रही है। इन तैयारियों का सबब क्या है?

बेशक भविष्य के युद्धों के मद्देनजर भारतीय सेना को तकनीकी रूप से उन्नत हथियार, साइबर युद्ध और हाइब्रिड युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए, आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता और नई तकनीकों से लैस रहना होगा मगर क्या यह सब इस अनिश्चितता और आशंका के चलते कि पाकिस्तान और चीन मिलकर सेना को ढाई मोर्चे पर फंसा सकते हैं, बांग्लादेश को भड़काकर उधर से भी दिक्कत दे सकते हैं? भारतीय सेना भविष्य के बहुआयामी चुनौतियों वाले युद्ध की तैयारियां तेजी से करती दीख रही है, जो जरूरी है, बदलते भू-राजनीतिक समीकरण, वैश्विक सामरिक परिदृश्य तथा तकनीक के दौर में भविष्य के युद्ध के लिए तैयार रहना लाजिमी है। ऐसे में सेना द्वारा मेजर से लेकर मेजर जनरल और उनके समकक्षों, सभी सैन्य शाखाओं के उच्चाधिकारियों हेतु फ्यूचर वॉर फेयर कोर्स या ह्यभविष्य के युद्धह्न जैसे पाठ्द्धक्रम चलाना ताकि सैन्य नेतृत्व को युद्ध की बदलती गतिशीलता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और साथ ही सेना के तीनों अंगों के जुड़ाव तथा एकीकरण को भी बल मिले, समझा जा सकता है। बंग्लुरू में एआई इनक्यूबेशन सेंटर चलाया जा रहा है कि सेना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को कुशलता से इस्तेमाल करने के नए तरीके तलाशे जा सकें। इसके अलावा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा के सवालों के व्यवहारिक उत्तर पाने के लिये रक्षा शोध एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ, बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पिलानी, सेंटर फोर रिसर्च एंड एक्सीलेंस इन नेशनल सिक्योरिटी को जोड़कर दल बनाए जाने से भी साफ होता है कि वह भविष्य के युद्ध के लिये बहुत गंभीर है।



## ऑपरेशन सिंदूर

इस दल को इसरो, सेना के डिजाइन ब्यूरो जैसी महत्वपूर्ण एजेंसियों की मदद हासिल है, ये सब भविष्य की रक्षा तैयारियों से संबद्ध रक्षा संबंधी समस्याओं, सवालों और भविष्य की अनसुलझी चुनौतियों का जवाब तलाशेंगी। सेना अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को मजबूत करने के अलावा सीमाओं पर बेहतर निगरानी तथा सुरागरसी के लिये पचासों उपग्रह प्रक्षेपित करने का उपक्रम कर रही है। भविष्य के युद्ध लंबे चलेंगे सो गोला बारूद तथा हथियारों के बारे में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर सत्वर होना स्वाभाविक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना की करिश्माई कारगुजारी और वायु रक्षा का अचूक प्रदर्शन के बावजूद सेना अपनी सुदृढ़ वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह अभेद्य बनाने के लिये नए एयर डिफेंस सिस्टम कुछ ऐसे असुरक्षित क्षेत्रों में तैनाती का विचार उत्तम है। सेना के ऐसे उद्यम देख सामान्यजन यह प्रश्न कर सकता है कि आखिर इतनी तत्परता क्यों? हमारी सेना अपने दुश्मनों के मुकाबले बहुत सक्षम और ताकतवर है, उसका प्रदर्शन शानदार है, फिर किस आशंकित युद्ध के प्रति यह तैयारी है?

सच तो यह है कि भारतीय सेना द्वारा जारी विजन 2047 का लक्ष्य है कि उसे जल्द ही आधुनिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम और ऐसे आत्मनिर्भर बल में बदलना होगा, जो हर वक्त युद्धस्तर पर तैयार रहे, युद्ध के संचालन में सभी अंगों-उपांगों पर प्रभावी नियंत्रण रख सके, युद्धों को अपने पक्ष में रोकने और जीतने में सक्षम हो। सेना युद्ध के समय देश की दीगर जरूरी जनसेवाओं को सुचारु रखने में सहायक हो और युद्ध मैदान के बाहर भी राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। यह सदैव आवश्यक रहा है कि भारतीय सेना राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए लगातार खुद में विकसित होती रहे, मजबूत, प्रासंगिक और तैयार बनी रहे। किसी भी अप्रत्याशित आक्रमण का तत्काल प्रत्युत्तर दे सके। विदेशी सैन्य उपकरणों पर निर्भरता और युद्धकाल में उसकी आपूर्ति के संकट को देखते हुये रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की जरूरत कोई अभी का चलन तो नहीं। इस आरोप के साथ कि नई तकनीक को अपनाने की हमारी गति कुछ धीमी है, रक्षा के क्षेत्र में नई युद्ध रणनीतियों के मद्देनजर अनुसंधान और विकास की प्रक्रिया तेज करने का प्रयास लंबे समय से चल रहा है, बेशक विगत कुछ महीनों में इस दिशा में अपेक्षाकृत तेजी आयी है और कई नए क्षेत्र भी जुड़े हैं पर सच तो यह है कि सेना की यह स्वाभाविक गति है, ऑपरेशन सिंदूर के तत्काल बाद यह गति किंचित तेज इसलिये लग रही है कि उसने 2023 तक को 'परिवर्तन दशक' के रूप में मना रही है और 2024-25 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष' नामित किया हुआ है, ताकि भविष्य में वह प्रौद्योगिकी द्वारा चालित एक घातक सैन्य बल बन सके। सेना को तकनीक और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में अत्युन्नत बनाने का यह अभियान तेजी से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। वास्तव में ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना की कारगुजारियों में अचानक आमजन की रुचि बढ़ी है, संचार माध्यमों, सोशल मीडिया ने भी अवसर देखकर संबंधित समाचारों को प्रमुखतापूर्ण स्थान दिया है, जबकि यह उसकी सतत प्रक्रिया का अंग है।

भविष्य में युद्ध के दौरान सैन्य टेक्नोलॉजी के महत्ता बहुत बढ़ जायेगी स्पष्ट है कि दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमले तकनीक दक्षता से ही किए जा सकते हैं और उसी के सहारे जंग जीती जा सकती है। पाकिस्तान को सैन्य तकनीक देने वाले कई हैं। हमें पाकिस्तान की सैन्य क्षमताओं का आकलन अनवरत करते रहने के साथ उसकी सैन्य तैयारियों पर भी पैनी नजर रखनी होगी। पाकिस्तान के मुकाबले हमारी सैन्य शक्ति अधिक है, लेकिन भविष्य का युद्ध अनिश्चितताओं से भरा हो सकता है, परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान भारत के पक्ष में झुके सैन्य संतुलन को बिगाड़ भी सकता है। हालांकि सेना को किसी का भय नहीं, भारतीय सेना और सरकार निर्भीक तथा शांतिप्रिय है। ऐसे में इस कवायद को किसी आसन्न आशंका, किसी देश से भय, अतिशय आक्रामकता अथवा युद्धप्रियता, कूटनीतिक सफलता में संदेह से जोड़कर देखना अतार्किक होगा। यह मानना ही उचित होगा कि ये सारी कवायदें सेना किसी आशंका के चलते नहीं हैं बल्कि परिस्थिति के अनुसार पहले से ही सचेत तथा तैयार रहने की स्वाभाविक बुद्धिमत्ता और वक्त की मांग के तौरपर कर रही है।

## सोशल मीडिया

असाधारण वीरता और साहस प्रदर्शित करने के लिए वीरता पुरस्कार प्रदान किये गये देश के बहादुरों के परिवारों के साथ बात की, हमें अपने बहादुर सैनिकों पर बेहद गर्व है। राजनाथ सिंह.



हमारा संदेश बिल्कुल स्पष्ट है, पाकिस्तान अब आतंकिस्तान बन गया है, वैश्विक आतंकवाद का वह केंद्र बन गया है। जहां प्रशिक्षण और शरण आतंकियों दी जाती है। प्रियंका चतुर्वेदी.



सुरक्षाबलों की सफलता बताती है कि नक्सलवाद को खत्म करने का अभियान सही दिशा में बढ़ रहा है, हम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी.



## विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

# ईश्वर का संदेश

## अंतर्दृष्टि

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।

आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# कामपंथी, सलामपंथी साहित्यकार

## व्यंग्यलोक

मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, ह्य कौन से से क्या मतलब? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।



अशोक गौतम

# ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बचायेंगी शहरों की ठंडी छतें



पर्यावरण

चूंकि देश के ज्यादातर राज्यों में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और हम न चाहें तो भी यह अगले दो से तीन दशकों तक बढ़ता रहेगा। इसलिए लगातार बढ़ती गर्मी के साथ न सिर्फ जीना सीखना होगा बल्कि इसका मुकाबला करने के लिए भी उपाय करने होंगे। ठंडी छत ऐसा ही एक उपाय है जिसे एक उम्मीद के रूप में तेलंगाना की सरकार लेकर आयी है, जिससे लोगों को गर्मी से तो राहत मिलेगी ही, उनके बिजली के बिल में भी राहत दिखेगी। हाल के दशकों में जिस तरह लगातार धीरे धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ा है, उसकी कई वजहों में से एक 80 के दशक के बाद देश में हुआ बेतहासा शहरीकरण भी है।

पिछले तीन दशकों में भारत के सभी शहरों में औसतन 1.5 से 2.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढ़ गया है, जिसका कारण छोटे से लेकर बड़े शहरों तक में उगा सीमेंट और स्टील से बना कंक्रीट का जंगल है। जिस बंग्लुरु में पहले मई-जून में जाकर पंखा चलाने की जरूरत पड़ती थी, अब उस बंग्लुरु में फरवरी-मार्च में एसी चलाना पड़ता है। दिल्ली, अमृतसर, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद का हाल इससे बुरा है। मौसम विभाग के आंकलन के मुताबिक पिछले तीन दशकों में पुराने हैदराबाद शहर का सालाना तापमान 1.5 से 2 डिग्री तक बढ़ गया है। सिर्फ हैदराबाद का ही नहीं बल्कि दक्षिण के पठारी राज्यों में लगातार हर गुजरते साल के साथ गर्मी बढ़ रही है। पश्चिमी भारत में इसका क्लासिक उदाहरण पुणे ह। पुणे में भी पहले अप्रैल तक पंखा नहीं चलता था, लेकिन अब यहां भी फरवरी-मार्च में पंखा चलने लगा है। इस गर्मी से निपटने के लिए हम समय समय पर कई तरह के उपाय करते रहे हैं, जैसे एयर कंडीशनर का इस्तेमाल आदि। लेकिन ज्यादातर ये उपाय तात्कालिक रूप से तो गर्मी कम कर देते हैं, लेकिन समग्रता में और दीर्घकालिक स्तर पर ये गर्मी ही बढ़ाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हाल के दशकों में लगातार आर्किटेक्ट भी घर को मौसम के अनुकूल डिजाइन करने पर जोर देते रहे हैं, लेकिन पहली बार तेलंगाना की राज्य सरकार ने गर्मी की इस समस्या से निपटने के लिए एक समग्र नीति और डिजाइन लेकर सामने आयी है, जिसे ठंडी छतों की नीति या 'कूल रूफ' पॉलिसी के नाम से जानते हैं। हालांकि दुनिया में गर्मी से निपटने के लिए पहले से यह तकनीक कई देश और विशेषकर कई शहर अपनाते रहे हैं। लेकिन हिंदुस्तान में किसी राज्य सरकार के रूप में पहली बार 3 अप्रैल 2023 को तेलंगाना सरकार ने ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती बेतहासा गर्मी से निपटने के लिए एक किफायती और जलवायु अनुकूलन समाधन कूल रूफ नीति लेकर आयी है। राज्य की राजधानी हैदराबाद में जल्द ही चरणबद्ध तरीके से सरकारी, कॉमर्शियल और आवासीय इमारतों को ठंडी छतों में बदला जायेगा। इस प्रक्रिया में उन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जायेगा, जो कुदरती तरीके से धूप का असर कम करती हैं। अगर यह योजना सफल होती है, जिसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि सौ फीसदी सफल होगी, तो यह मई-जून की गर्मियों से निपटने के लिए शहरीकरण का एक अनिवार्य हिस्सा बन जायेगी। हैदराबाद से शुरू होने जा रही इस पॉलिसी को पूरे देश में अपनाया और आजमाया जायेगा। इस योजना के चलते इमारत के तापमान को कम करने की कोशिश की जाएगी।

अगर किसी बिल्डिंग का तापमान कम होगा यानी वो ठंडी रहेगी तो एयर कंडीशनर चलाने की कम जरूरत पड़ेगी, जिससे अच्छी खासी मात्रा में ऊर्जा की बचत होगी। यह अपने आपमें इस योजना का एक बड़ा लाभ होगा। तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा साल 2023 से 2028 के बीच हैदराबाद में करीब 300 वर्ग किलोमीटर छतों को ठंडी छतों में बदला जायेगा। साल 2023-24 में 5 वर्ग किलोमीटर की छतों को ठंडी छतों में बदलने का लक्ष्य है। तेलंगाना के आईटी और नगरपालिका प्रशासन मंत्री केटी रामाराव कहते हैं, ठंडी छतें बढ़ती गर्मी से लड़ने और थर्मल कंफर्ट में सुधार करने के लिए काम करेंगी। इस नीति के जरिये राज्य सरकार को अपने शहरों में अर्बन हीट आइलैंड कम करने में मदद मिलेगी। दरअसल अर्बन हीट आइलैंड का मतलब उस स्थिति से है, जब किसी शहर के कुछ खास इलाके शहर के बाकी हिस्सों के मुकाबले ज्यादा गर्म हो जाते हैं। शहर के भीतर मौजूद ऐसे इलाकों को हीट आइलैंड कहते हैं। दरअसल हर शहर में कुछ इलाके ऐसे होते हैं, जो ज्यादा गर्म होते हैं। इमेज.

## आप की बात

### युवाओं को मौका दें पार्टियां

पार्टियें बाते बहुत करती हैं लेकिन जब युवाओं को आगे करने की बात होती है, मुकर जाती हैं। जब पार्टी संगठन, पार्टी प्रत्याशियों की सूची और सियासी पदों पर काबिज लोगों की उम्र देखते हैं, तो वहां साठ, सत्तर और अस्सी वाले बड़ी ही मजबूती के साथ कुर्सी पर जमे हैं। कुर्सी के साथ उम्रदराज नेताओं का प्रेम बढ़ता ही जाता है। ऐसे में अगर युवा राजनीति में आना चाहें, आगे बढ़ना चाहें या राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहें, तो कहां दे डालें। क्या हमारे सियासतदानों ने उनके लिए जगह छोड़ी है? ऐसे समय जब राजनीति में उम्रदराज लोगों की संख्या अधिक है, लोकसभा, राज्यसभा और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की औसत आयु भी बहुत अधिक है। तब भारतीय जनता पार्टी में इस बात पर मंथन होना कि आजादी के अमृत काल में कैसे लोकसभा में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, कैसे अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिया जाये और बार-बार एक ही लोगों को टिकट देते रहने के बजाय पार्टी नये सदस्यों को मौका दिया जाये, यह स्वागत का विषय है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शासक दल है। ऐसे में पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह पार्टी संगठन, चुनावी रणनीतियों और सियासी व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर राजनीति के सैद्धान्तिक मुद्दों पर भी विमर्श करे। यह अच्छी बात है कि भाजपा एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा कर रही है, जो न सिर्फ समय की जरूरत है बल्कि बहुप्रतीक्षित भी है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को मौका देने, जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अगर ईमानदारी से काम किया जाये तो राजनीति में जो युवा आगे आयेंगे वे दरअसल 'अपने कर्म और विचार में ताजा हवा के झोंका की तरह होंगे।' ऐसी खबरें मीडिया में चल रही हैं कि भाजपा युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 150 नये चेहरों को मौका देगी। यह भी किएक व्यक्ति को दो-तीन बार से ज्यादा मौका नहीं दिया जायेगा। दो-तीन बार टिकट देने के बाद उनकी सेवाएं पार्टी संगठन में ली जायेंगी और उस स्थान पर नये लोगों का मौका दिया जायेगा। इसी तरह राज्यसभा में किसी व्यक्ति को अधिकतम दो बार मौका दिया जायेगा। यह विचार नया है और इसे पार्टी को आगे बढ़ाना चाहिए।

**जय प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### धरती को बचाने की पहल

धरती को बचाने के लिए अब हमे ठेस पहल करनी होगी। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। हमे अपने प्रयासों को और तेज गति से आगे बढ़ाना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिंग के भयानक संकट से दुनिया बच जाये।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** जिले के दोस्तपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर दुबे ग्राम में संदिग्ध अवस्था में एक युवक ने अपने घर में कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि जितेंद्र कुमार दुबे पुत्र अवध राज दुबे उम्र करीब 42 वर्ष जो पेशे से ड्राइवर था और दिल्ली में गाड़ी चलाता था। ग्रामीणों ने बताया कि यह कोरोना काल में घर आया हुआ था। तब से दिल्ली नहीं गया इसे शराब और नशे की लत लग गई थी। जिस कारण वह दिल्ली से घर भाग आया था। वहीं इसकी पत्नी और दो बच्चे इससे अलग दिल्ली में रहते है। घटना की जानकारी होने पर मृतक के भाई ने दोस्तपुर थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह को सूचना दिया। मौके पर सब इंस्पेक्टर रामजीत व हेड कांस्टेबल विवेक भदोरिया मौके पर पहुंचे, उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेजा।

## बच्चों को मिल रहा है अभिनय का प्रशिक्षण

**सुलतानपुर।** भारतेंदु नाट्य अकादमी के तत्वावधान में एमजीएस इंटर कॉलेज में सात दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी बसंत पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला रोज शाम 04:00 बजे से शुरू होती है, जिसमें स्थानीय बच्चों व नवोदित कलाकारों को अभिनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में प्रसिद्ध रंगकर्मी और कई फिल्मों व धारावाहिकों में अभिनय कर चुके बसंत पांडेय बच्चों को अभिनय की बारीकियाँ सिखा रहे हैं। उनके निर्देशन में प्रतिभागी बच्चों में अभिनय के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास देखा जा रहा है। कार्यशाला के तीसरे दिन संस्कार भारती से जुड़े चिंता मणि शर्मा और ब्रज भूषण द्विवेदी की उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ गया।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिकाओं ने की स्वच्छता फेरी

**रायबरेली।** स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है जैसे स्वच्छता संबंधी प्रेरणादायक कई नारे लिखी तख्तियों को लिए हुए एनटीपीसी ऊंचाहार में चल रहे बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला की बालिकाएं जब स्वच्छता रैली निकाली तो बच्चियों के साथ कदमताल करते हुए जनसैलाब उमड़ पड़ा। ऊंचाहार परियोजना में इस समय स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसे धार देने के लिए जेम की बालिकाओं को भी शामिल किया गया। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरी टाउनशिप में साफ सफाई के नारे लिखी तख्तियों के साथ भ्रमण किया तथा स्वच्छता नारे लगाकर माहौल में जोश भर दिया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने बालिकाओं के उत्साह को देख कर अभिभूत हो उठे और उनकी सराहना की। महाप्रबंधक अनुरक्षण व प्रचालन आशुतोष विश्वास, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, डी सी, सीआईएसएफ अजय त्रिपाठी, सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी, एनटीपीसी के अन्य विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसो. के अध्यक्ष एवं महासचिव, महिला क्लब की अन्य पदाधिकारी, मानव संसाधन विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी शामिल होकर स्वच्छता फेरी को सफल बनाया।

# सभी चौराहों से हटाया जाये अतिक्रमण : जिलाधिकारी

● डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में की। बैठक में डीएम ने बरगद चौराहे से मामा चैराहा तथा सिविल लाइन चैराहा सहित सभी चैराहों पर हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। डीएम ने एनएचआई के निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया की बारिश होने से पहले कार्य पूर्ण कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों के अलावा सर्विस रोड की भी मरम्मत कराई जाए। लालगंज और डलमऊ में सड़क निर्माण के होने वाले कार्यों के संबंध में भी चर्चा की। मामा चैराहे पर प्रस्तावित पुलिस चौकी निर्माण के संबंध में हुई आवश्यक कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग वाहनों की समय-समय पर चेकिंग की जाए। हिट एवं रन मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाए और प्रभावित को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत करने, ट्रैफिक और गति सीमा संकेतक चिन्हों को लगाए जाए। स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करते समय मानक का पूरा ख्याल रखा जाए। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। बैठक में एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, पुलिस, लोक निर्माण, प्रवर्तन, नगर पालिका, शिक्षा और परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**ग्रीन स्पेस बढ़ाने के प्रयास करें**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) के अन्तर्गत सिटी लेवल इम्पलिमेन्टेशन कमेटी की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रमुख एजेंडो नगरीय क्षेत्र में ग्रीन स्पेस बढ़ाये जाने, शहर के प्रमुख चैराहों पर ट्रैफिक कन्जेक्शन को कम किये जाने व ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव समाप्त करने पर चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष द्वारा ग्रीन स्पेस को बढ़ाये जाने हेतु सामाजिक वानिकी, प्रभाग को आवश्यक कार्यवाही करने व ट्रैफिक कन्जेक्शन को कम करने के लिए आईटीएमएस की स्थापना हेतु जिला स्तरीय कमेटी गठित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव समाप्त करते हुए दो स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये।

# प्रदेश सरकार निराश्रित, बेसहारा पशुओं को दे रही है संरक्षण

**अमेठी।** भारत वर्ष में प्राचीनकाल में पशुपालन और कृषि साथ-साथ होते रहे है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही पशुपालन की महत्ता बढ़ती रही। जिस व्यक्ति के पास जितने अधिक पशु होते थे, वह उतना ही आर्थिक रूप से सम्पन्न माना जाता था। पशु खेती, दुग्ध, सवारी, बोझ ढोने, खाद्य पदार्थों के उत्पादन आदि के लिए उपयोगी रहे हैं। कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक रहे हैं। देश मे 20वीं सदी के सातवें दशक के अंत में हरित क्रांति आने के बाद कृषि क्षेत्र के उपकरणों एवं उन्नतशील बीजों व रासायनिक उर्वरकों के आगमन से खेती के काम में आने वाले बैलों की कमी आने लगी। दुधारू पशुपालन लगातार होता रहा है। जो पशु उपयोगी नहीं रहें, उन्हें पशुपालकों ने छोड़ दिया और ऐसे पशुओं को जंगल में छोड़ने पर उनका कुनबा बढ़ता गया। प्रदेश के सीएम योगी ने पशुओं, गाय को संरक्षण देने के लिए विशेष योजना बनाई है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत तथा पोषण-मिशन हेतु इच्छुक कृषकों पशुपालकों के निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से अधिकतम 04 गोवंश प्रति लाभार्थी पशुपालकों की सुपुर्दगी में दिये जा रहे हैं। इसके लिए प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन की दर से पशुपालकों को पशुओं के भरण-पोषण हेतु दिया जा रहा है।

प्रदेश में पशुपालन प्रत्येक परिवार में होता रहा है। गाँवों में गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़, सुअर आदि आर्थिक लाभ के पशुओं का पालन होता रहा है। कृषि के बाद ग्रामीणों के आर्थिक विकास में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। विभिन्न प्रकार की जैव विविधता से परिपूर्ण उप्र में पूरे देश का सर्वाधिक 16 प्रतिशत से अधिक पशुधन है। प्रदेश में 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी, 4.09 लाख सूकर एवं अन्य पशुधन सहित कुल 691.98 लाख पशुधन है। भारत सरकार के निदेर्शानुसार 21वीं पशुगणना का कार्य 25 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ हो गई है। प्रदेश में निराश्रित बेसहारा पशुओं से फसलों के नुकसान से बचाने हेतु मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गोसंरक्षण के लिये अस्थायी गोआश्रय स्थल-6744, गोवंश वन्य विहार वृहद गोसंरक्षण केन्द्र-372, कांजी हाउस-307, कान्हा गोशाला-295, अर्थात कुल 7717 गो-आश्रय स्थलों में 12.52 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं, गो-पालन के लिए 108772 किसानों/ पशुपालकों को सुपुर्दगी में 1,68,215 गोवंश दिये जा चुके हैं।

# ज्येष्ठ के तीसरे बड़े मंगल पर लगे भंडारे व बांटी गयी शर्बत





**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार क्षेत्र में जेष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर जगह जगह भंडारे व शर्बत वितरण का कार्यक्रम, सैकड़ों ने ग्रहण किया प्रसाद, युवाओं की भागीदारी जेष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर कूरेभार क्षेत्र में सुबह 10:00 बजे से ही आधा दर्जन स्थानों पर शर्बत व भंडारे का आयोजन चल रहा है। कस्बे में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा परिवार की तरफ से बैंक के समीप भंडारे के आयोजन का शुभारंभ शाखा प्रबंधक संदीप द्विवेदी ने बजरंगबली की प्रतिभा पर पूजन अर्चन के साथ सुबह 11 बजे शुरू हुआ भंडार दोपहर बाद तक चलता रहा। जहां अयोध्या प्रयागराज हाइवे से गुजरने वाले सैकड़ों भक्तों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा परिवार से संदीप द्विवेदी, अनुराग, मुकुल, अभिषेक मिश्रा, अरविंद पाण्डेय, विपल, छोटू पाण्डेय गब्बर सिंह, शिबू सहित अन्य स्टाफ शिद्दत से लगे रहे, जबकि हनुमान गढी पर भक्तों को शर्बत वितरण क्रायक्रम चलता रहा। जहां हाइवे से गुजरने वाले सैकड़ों को शर्बत पिलाकर चिलचिलाती धूप से राहत का प्रयास दर्जनों युवाओ ने किया। धनपतगंज मार्ग पर लक्ष्मी मार्केट के समीप हनुमान मंदिर पर राम कुमार यादव, आशु यादव, विनोद वर्मा, बैभव सिंह, अंकुर यादव, राहुल सिंह सहित कई युवाओं ने शर्बत मिलाकर लोगों को गर्मी से राहत दी।

**मुरलीनगर बाजार में तीसरे बड़े मंगल पर हुआ भंडारा व शर्बत वितरण**

**दूबेपुर, सुलतानपुर।** दूबेपुर ब्लॉक के मुरलीनगर बाजार में जेष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस पावन अवसर पर बाजार में विभिन्न स्थानों पर भंडारे और शर्बत वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भक्ति भाव से सेवा की। श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी, सब्जी, हलवा व शर्बत की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर अनिल मौर्य, नारायणी बुक डिपो, रोहित, विशाल, सूरज, दुर्गेश यादव, इमरान, फीरोज, मेराज, सत्यप्रकाश जायसवाल, डॉ. रूपेश बरनवाल समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।

**बाबूगंज बाजार में कई जगह हुआ विशाल भंडारे का आयोजन**

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाबूगंज द्वारिकागंज, कटका बाजार सहित कई अन्य जगहों पर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलको जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया बाबूगंज स्थित हनुमान मंदिर पर बालाजी सरकार के गीत के साथ पुड़ी सब्जी का आयोजन किया गया था इसके मुख्य आयोजक भाजपा नेता सत्यदेव तिवारी रहे। इस अवसर पर संतोष मोदनवाल, रवि मोदनवाल, हिमांशु अग्रहरि राकेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, हरीश सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे, बाजार में ही एक अन्य भंडारे का आयोजन पत्रकार इंद्र नारायण तिवारी की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। जिसमें छोले चावल का वितरण किया गया इस अवसर पर अर्जुन पाल विजय पाल पुजारी विश्वकर्मा, महेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव ने आने जाने वाले राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया, जय श्री राम, जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा बाबूगंज बाजार गूंज उठा।

# ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र के अनेक स्थानों पर हुए विशाल भंडारे

**महराजगंज, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र के अनेक प्रमुख स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बताते चले कि कोतवाली परिसर पर स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया तत्पश्चात हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। तथा उनकी उपस्थिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर हेड मोहर्रि रविकांत पांडे, मुंशी अजय चैधरी, हिमांशु, अखिलेश दीवान, ज्ञानेंद्र तिवारी, एस आई रोहित कुमार, एस आई त्रियुगी नारायण तिवारी, एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई सचिन सिंह, एस आई राजवीर सिंह, चंद्रपाल सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वहीं कस्बे के सुविख्यात जसवंत्री देवी प्रांगण परिसर में क्षेत्र के

● किन्नरों द्वारा किए गए ऐसे आयोजन से क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया

मूडू का पुरवा मजरे अतरेहटा गांव में निवास करने वाले किन्नरों के गुरु बुआ जी के नाम से प्रचलित अंगुरी, पलक, प्रिया, गुंजा, गोपी, ज्योति, अन्नू सहित समस्त किन्नरों की मौजूदगी में विधि विधान के साथ हवन पूजन कर बजरंगबली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विशाल भंडारे का आगाज किया गया जो कई घंटे तक चलता रहा और हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया किन्नरों द्वारा किए गए ऐसे आयोजन से क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया और बढ़-चढ़कर लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अतुल तिवारी, शिवम तिवारी, विजय धीमान, अंकुर जायसवाल, पूर्व प्रधान पप्पू यादव, पूर्व सभासद वेदू साहू, सोमित श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। क्षेत्र के हनुमानगढ़ी मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समिति के पदाधिकारियों ने विधि विधान के साथ हवन पूजन कर भंडारे का आगाज किया जिसमें भी आने जाने वाले सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, तीन घायल

जिला संवाददाता (vol)

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के कूरेभार हलियापुर सड़क पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर कूरेभार की तरफ से हलियापुर आ रही तेज रफ्तार बोलेरो सड़क पार कर रहे बच्चे को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर नल के पास जाकर पलट गई। वहीं नल पर बर्तन धो रही अंशिका पुत्री शिवकुमार उम्र (लगभग 10 वर्ष) सहित दो बोलेरो सवार घायल हो गए, जिनमें स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायल अंशिका को इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है। वहीं चालक प्रमोद उपाध्यय व बोलेरो सवार बापन विश्वास उम्र (लगभग 28 वर्ष) तथा संगीता (22 वर्ष) निवासी सेनपुर आम्बेडकर घायल अवस्था में वहां से भाग कर गिरजा मोड़ पहुंचे जहां से उन्होंने अपने रिश्तेदार को सूचना दी सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार उन्हें इलाज हेतु अपने निजी चिकित्सालय हलियापुर लाए जहां इलाज चल रहा है। वहीं जानकारी करने पर पता चला कि उक्त बोलेरो अम्बेडकर से जगदीशपुर अमेठी जा रही थी। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी।

इस संबंध में चार्ज पर थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि बोलेरो को कस्टडी में ले लिया गया है। घायल बच्ची का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में चल रहा है जांच की जा रही है।

# श्रद्धालुओं ने किया तीसरे बड़े मंगल पर भव्य भण्डारा



**भेटुआ, अमेठी।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को क्षेत्र के पिंडोरिया, मुसवापुर चौराहा, भुसियावा, कोररारी हीर शाह, मनियापुर आदि दर्जनों से अधिक स्थानों पर श्रद्धालुओ ने प्रसाद व सरबत वितरण किया। प्रसाद वितरण करने वालो मे राज कपूर, तिवारी, मंशाराम चौहम, प्रदीप मौर्य, दीपक तिवारी, संदीप मौर्य आदि रहे। आने जाने वाले व स्थानीय लोगो मे सरबत, चना छोला चावल, आलू, पूरी, नुक्ती आदि का वितरण किया।

## जुड़ियापुर में सचल न्यायालय का आयोजन कल

**अमेठी।** उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायाधीश सुल्तानपुर के निदेर्शानुसार ग्राम न्यायालय गौरीगंज द्वारा 29 मई दिन बृहस्पतिवार को प्राइमरी स्कूल जुड़ियापुर में सचल ग्राम न्यायालय/मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मोबाइल कोर्ट का आयोजन सुबह 10-30 बजे से दोपहर 1-30 बजे तक किया जाएगा। ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी ने वादकारियों और अधिवक्ताओं से अपील किया है कि वे इस सचल न्यायालय की सुविधा से लाभान्वित हों एवं ग्राम न्यायालय गौरीगंज के क्षेत्राधिकार से आच्छादित मुकदमों को निस्तारित कराने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य जनता को सर्व सुलभ न्याय उनके द्वार पर उपलब्ध करवाना है।

## हवन-पूजन के साथ भोज कराने में जुटे श्रद्धालु



**भेंटुआ।** ज्येष्ठ माह के प्रत्येक दिनों में श्रद्धालु दान पुण्य के साथ भोज कराने में लगे हैं। मंगलवार को श्रद्धालुओं का जोश देखने लायक रहता है। इस बार तीसरे मंगलवार को श्रद्धालुओं ने जगह जगह हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर कांड पाठ, हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरित किया। क्षेत्र के नौगिरवा, टिकरी, ग्वाल चौराहा, साधुनगर समेत अनेकों स्थानों पर राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। साधुनगर में आयोजित कार्यक्रम में सपा युवा नेता जयसिंह प्रताप यादव के साथ आयोजक राजमोहन यादव, सोनू दुबे, शिव मोहन, जग मोहन यादव के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या, गांव में दहशत

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ तहसील अंतर्गत शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अझुई गांव में बीती रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आकाश मिश्रा के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, आकाश मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में कुछ लोगों ने बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के पीछे आशनाई को लेकर रंजिश की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही शिवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में पुलिस टीम लगी हुई है। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। फिलहाल पूरे अझुई गांव में दहशत का माहौल है और पुलिस हर पहलु से जांच में जुटी हुई है।

## यूपीएससी में 50वीं रैंक हासिल कर आईएएस बने अंकुर



**जगदीशपुर, अमेठी।** यूपीएससी में पचासवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया और पहली बार गृह आगमन पर क्षेत्र वासियो ने जगह जगह जोरदार स्वागत किया। जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत पूरे चोपई मिश्र मजरे कचनाव गांव निवासी अंकुर त्रिपाठी जो पूर्व में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईपीएस बने थे लेकिन बचपन से ही आईएएस बनने का सपना संजोए अंकुर ने हार नहीं मानी और आईएएस बनने की चाह मे रात दिन कडी मेहनत व पूरी लगन के साथ तैयारी मे लगे हुए थे आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई तथा यूपीएससी 2024का परिणाम घोषित होने पर पचासवां स्थान हासिल कर आईएएस बनने का सपना पूरा किया इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आईएएस बनने के बाद पहली बार गृह (घर) आगमन के मौके पर जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर डॉक्टर प्रदीप तिवारी डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी राजेश्वर प्रताप सिंह उर्फ ननके सिंह सतीश सिंह मोहम्मद अकमल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## इसौली से चोरी हुई बोलेरो भटपुरा में बरामद



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज पुलिस ने मंगलवार को भटपुरा स्थित बाग से चोरी हुई बोलेरो को बरामद किया है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। मंगलवार सुबह ग्रामीणों को भटपुरा बाग में सड़क किनारे एक बोलेरो खड़ी दिखाई पड़ी। जब कुछ देर तक बोलेरो के पास कोई दिखाई नही दिया तो मामला संदिग्ध मानकर सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर उपनिरीक्षक कैलाश सिंह और हेड कांस्टेबल अयूब खान मौके पर पहुँचे। बोलेरो गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं थी। बोलेरो के अंदर लिखे नंबर पर जब पुलिसकर्मियों ने बात की तो पता चला कि उक्त वाहन बल्दीराय थाना क्षेत्र इसौली निवासी वीरेंद्र सोनकर की है। जिनकी बोलेरो 11 मई को चोरी हो गई थी। जिसका संबंधित मुकदमा बल्दीराय थाने में दर्ज है। पुलिस बरामद बोलेरो को द्वारिकागंज चैकी पर लाई है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि बरामद बोलेरो को वाहन स्वामी की मौजूदगी में बल्दीराय पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। संबंधित मुकदमा वही पंजीकृत है।

# ज्येष्ठ के तृतीय बड़े मंगल पर जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए भंडारे

**रायबरेली।** जय हनुमान ज्ञान गुन सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर के शंखनाद के साथ जनपद में हर्षोल्लास के साथ तीसरे बड़े मंगल के भंडारे आयोजित हुए। लोगों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा तथा भजन कीर्तन के साथ राम जी की निकली सवारी राम जी की महिमा है न्यारी, राम ना मिले हनुमान के बिना जैसे स्वर गुंजायमान हुए।

एसजेएस पब्लिक स्कूल में सुबह से सुंदर काण्ड का पाठ, हवन, पूजन के बाद भंडारा चलता रहा। अभय दाता हनुमान मंदिर, मीडिया सेंटर के निकट, फिरोज गांधी चौराहा, अस्पताल चैराहा, भोले क्लाथ हाउस, मलिक मऊ चैराहा, स्थलों पर लोगों ने भंडारा चखा और हनुमान जी महाराज के जयकारे लगाए। वहीं सिविल लाइन के पास बुलेट एजेंसी में नागेन्द्र सिंह, षिवम सिंह ने विषाल भण्डारे का आयोजन किया। पुलिस लाइन राणा नगर स्टेशन रोड आदि स्थानों पर भी भंडारों का आयोजन किया गया। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस में संकट मोचन हनुमान जी द्वारा किए गए परिणाम में राम काज किन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम। के जीवन को आजीवन जीते हुए रुद्र अवतार हनुमान जी श्री राम की सेवा के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए। श्री हनुमान जी के पूजन अर्चन से शनिदेव की कृपा मनुष्य के ग्रह शांति के लिए कलिकाल में उपयोगी सिद्ध है और संत महात्माओं द्वारा वर्णित पौराणिक ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है कि जिस पर हनुमानजी की कृपा होती है शनिदेव उस पर कृपा करते हैं तथा कलियुग के देवता के रूप में हनुमान जन जन के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते है। बाल्मीकि रामायण में उल्लेख किया गया है कि जहाँ जहाँ प्रभु श्रीराम की कथा का गुणगान होता है वहाँ हनुमान जी महाराज अंजूली बाँध कर खड़े रहते हैं तथा भगवान श्रीराम के प्रेम में अश्रुपात करते हैं। भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान के प्रेम की गाथा शहर और गाँव में भक्तों द्वारा गुंजायमान है।



**एनएसपीएस त्रिपुला में तृतीय मंगल को हुआ प्रसाद वितरण**

**रायबरेली।** भगवान हनुमान की भक्ति के प्रतीक ज्येष्ठ माह के मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित होने वाले प्रसाद वितरण के क्रम में तृतीय मंगलवार को एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने जीवन की सभी बाधाएं दूर करने वाले संकटमोचन हनुमान जी की पूजा अर्चना कर पवनसुत को हलवा-पूड़ी के प्रसाद का भोग लगाया तदोपरांत आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यो में शिव लखन प्रजापति (प्रधानाचार्य त्रिपुला), राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू), तारकेश्वर सिंह (एनएसबीवीएम), इंद्रविक्रम सिंह (आरकेडी एनएसपीएस), उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, नितिन सिंह, अनिल मिश्रा, अवधेश शर्मा, रामदेव, डीपी जोशी, रमीज, देवेंद्र कुमार जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बड़े मंगल पर मंदिरों सहित भंडारों में उमड़ी भक्तों की भीड़**

**लालगंज, रायबरेली।** ज्येष्ठ के तीसरे मंगल को धार्मिक गतिविधियों का बोलबाला रहा। धार्मिक भजनों के साथ हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। मलपुरा गांव के विंध्यवासिनी बालाजी मंदिर में हवन-पूजन के साथ सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। ऐहार गांव के बाबा बाल्हेश्वर धाम में भी भक्तों ने दर्शन किए। शीतला माता मंदिर सराफा मंडी, मंडी समिति, साकेत नगर, मेन रोड, तिकोना पार्क, बैंक ऑफ बड़ौदा बाल्हेमऊ, लाला ढाबा आदि दर्जनों स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन हुआ। विभिन्न कार्यक्रमों में सुरेंद्र गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, समर्थ गुप्ता, दिनेश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, रोहित सोनी, अप्पू शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, शीलू त्रिवेदी, शिवम गुप्ता, गुलाब गुप्ता, आकाश, श्याम चैधरी, मोहित सोनी, पन्नू सोनी, बाबू सोनकर, शिवम आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

संक्षेप

## चोरों ने चटकाये दो दुकानों के ताले

**टूंडला**। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने नगर की दो दुकानों के ताले चटका दिए, शोर होने पर अज्ञात चोर भाग खड़े हुए, दुकानदारों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। गनीमत रही कोई घटना घटित न हो सकी। अरनेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासी न्यू शिवनगर श्रीराम आरएसी वर्कशॉप की दुकान मिलन मैरिज होम के सामने चलाता है। रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चला गया जब प्रातः दुकान आया तो पता चला कि दुकान का ताला टूटा मिला। घटना की जानकारी पुलिस को दी। वहीं राकेश सविता पुत्र शंकर लाल निवासी तेलमील रोड टूंडला थाने के पीछे आरके हेयर ड्रेसर के नाम से दुकान चलाता है बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान के भी ताले चटका दिए। शोर होने पर अज्ञात चोर दुकान का ताला छोड़कर भाग गये। गनीमत रही कि कोई घटना घटित न हो सकी। दोनो दुकानदारों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। ज्ञात रहे एक दिन पूर्व ही नगर के पचौरी म्यूजिक शोरूम से अज्ञात चोर 10 बैटरी चोरी कर ले गये। जबकि थाने से चंद कदमों की दूरी पर अज्ञात चोर घटनाओं को अंजाम देने में लगे है। टूंडला पुलिस की लापरवाही के चलते चोर घटनाओं को अंजाम देने में लगे है।

## स्कूल बस और बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**मथुरा**। गोवर्धन थाना क्षेत्र के अड़ींग बाईपास पर स्कूल बस और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। घटना में सेहरा पाइसा अड़ींग के निवासी सोनू और हरिओम घायल हुए हैं। दोनों युवक बाइक से गोवर्धन से अपने गांव अड़ींग लौट रहे थे। अड़ींग बाईपास के पास मथुरा की ओर से आ रही स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अड़ींग पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मथुरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गौ रक्षकों ने पच्चीस गौवंश को बचाया

**मथुरा**। वृन्दावन छटीकरा के समीप गौरक्षकों ने 25 गौवंश को गौ तस्करों से छुड़ा लिया। 26 मई की सुबह 4:30 बजे गुप्त सूचना मिली। जिस पर सक्रिय हुए गौ रक्षकों ने एक 12 टायरा ट्रक को गोवंश से भरकर मेवात कटान के लिए ले जाते समय बीच में ही पकड़ लिया। गौरक्षकों द्वारा नाका लगाकर तैयारी की ली गई। कुछ देर बाद एक ट्रक आता दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया तो गौ तस्करों ने ट्रक को गौरक्षकों पर चढ़ाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद ही गौ तस्कर कोटा छरोरा गांव के समीप ट्रक को छोड़कर जंगलों में फरार हो गए। तत्काल पुलिस प्रशासन को सुचित किया गया, जिनकी देखरेख में ट्रक को चेक किया गया। जिसमें 25 गोवंश जीवित बरामद हुए।

## हत्या में वांछित चल रहे दो गिरफ्तार

**मथुरा**। थाना छाता क्षेत्र के गांव रनवारी में दिनदहाड़े हुई युवक हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।सी ओ आशीष शर्मा ने बताया कि कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा के हत्या में वांछित चल रहे दो अभियुक्त गणों को छाता बरसाना फ्लाई ओवर से रनवारी की तरफ से गिरफ्तार किया है। जिनके नाम सुरेश सिंह पुत्र मोहन श्याम उर्फ लल्लन वह जगदीश उर्फ जग्गू पुत्र भारतूल निवासी रनवारी थाना छाता मथुरा है। अभ्युक्तों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेजा।

# प्रभारी मंत्री ने योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की




**मथुरा**। प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह की अध्यक्षता में जनपद मथुरा की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं तथा कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने मंत्रीजी को पटुका पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में विधायक गोवर्धन ठा. मेघश्याम सिंह, एमएलसी योगेश चौधरी, एमएलसी ठा. ओमप्रकाश सिंह, एमएलसी आकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, सीडीओ मनीष मीना, डीएफओ रजनी कांत मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिस विभाग द्वारा की गई विभिन्न कार्यवाहियों जैसे गुण्डा एक्ट, पोक्सो एक्ट, जिला बदर, अपहरण, लूट, बलात्कार, एसी एसटी आदि के संबंध में मंत्रीजी को अवगत कराया। श्रीसिंह ने पुलिस द्वारा पकड़े गये गांजा के बारे में जानकारी ली और पूछा कि मथुरा में गंजा कहा से लाते है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि अधिकतम गंजा मध्य प्रदेश राज्य से मथुरा आता है, जिसपर पुलिस द्वारा निरंतर निगरानी एवं छापेमारी की कार्यवाही की जाती है। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की। महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा की। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि गौशालाओं में गौवंशों हेतु बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करे। चिकित्सा विभाग को निर्देश दिये कि सभी अस्पतालों में समय से चिकित्सक पहुँचे, 24 घंटे स्टाफ एवं चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय फरह एवं बल्देव में एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावास का निर्माण कार्य की समीक्षा में अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि उक्त कार्य नवंबर 2025 में पूर्व पूर्ण हो जायेंगे, जिस पर मा० मंत्री जी ने निर्देश दिये कि उक्त कार्यों को समय से पूर्ण करें। जिलाधिकारी की पहल पर जनपद में प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान की मंत्री ने सराहना की। प्रभारी मंत्री के समक्ष उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद एवं मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों को रखा गया, जिस पर मंत्री ने कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये।

## दो भाइयों को पुलिस ने किया टॉर्चर

**आगरा**। खेरागढ़ में दो भाइयों को टॉर्चर करने का मामला सामने आया है। एक भाई के पैरों और हाथों को बेरहमी से जूतों से कुचला गया। जबकि दूसरे भाई को खंभे से बांध दिया गया। उसके बाद मारपीट की गई। इसकी जानकारी होते ही विधायक देर रात पीड़ित और अपने कार्यकताओं के साथ पुलिस कमिश्नर के आवास पहुंचे। उन्हें घटना की जानकारी दी। जिसके बाद कमिश्नर ने थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित कर दिया। मामला खेरागढ़ के गांव कछपुरा का है। यहां के निवासी महेंद्र कुशवाह और प्रेम सिंह में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। महेंद्र कुशवाह के अनुसार- रविवार को दोनों पक्षों में जमीन को लेकर ही कहासुनी होने लगी। महेंद्र ने फोन कर 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस महेंद्र और प्रेम सिंह को थाने ले आई। जहां से कुछ समय बाद प्रेम सिंह को छोड़ दिया। जबकि थाने पर उसके पैरों और हाथों को बेरहमी से जूतों से कुचला गया। सूचना मिलने पर भाई रेवती पहुंचा। पुलिस ने उसे खंभे से बांध दिया। उससे तीन हजार रुपए मांगे। रुपए नहीं मिलने पर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए महेंद्र का चालान कर दिया। कोर्ट में पेश करने से पूर्व मेडिकल कराकर फिर से पीटा गया। शाम को महेंद्र की पत्नी परिजनों के साथ कस्बा स्थित एक मैरिज होम में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक भगवान सिंह कुशवाह के पास पहुंची। रोते हुए मामले की जानकारी दी। विधायक ने थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह से बात की तो उन्होंने थाने पर किसी के साथ भी मारपीट किए जाने से इंकार कर दिया। कुछ देर में भारी पुलिस फोर्स भी मैरिज होम पर पहुंच गया। इस दौरान पुलिस की कार्यशैली से नाराज भाजपाइयों से जमकर नोंकझोंक हुई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिसकर्मियों के रवैये से नाराज विधायक दो घंटे तक कार्यकताओं के साथ सड़क पर ही डटे रहे। उन्होंने देर रात ही पीड़ित महेंद्र की जमानत कराई। उसके बाद उसे लेकर पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के आवास पर पहुंचे। उन्हें पूरी घटना के बारे में बताया। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद कमिश्नर ने खेरागढ़ प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को निलंबित कर दिया। विधायक भगवान सिंह कुशवाह का कहना है कि जमीन का विवाद था तो राजस्व विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई होनी चाहिए थी। दोनों पक्षों का चालान होता। लेकिन पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए महेंद्र का शांति भंग में चालान कर दिया। मुझे जब जानकारी हुई तो उसे लेकर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। जानकारी होने पर कमिश्नर ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया है।

- **जमीन विवाद में पैर और हाथ को जूतों से कुचला विधायक की शिकायत पर थाना प्रभारी निलंबित**

## कांग्रेसियों ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि




**टूंडला**। कांग्रेसियों ने भारत के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री की 60 वीं पुण्यतिथि बड़े ही धूमधाम से मनाई। साथ ही कैंप कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। लाइनपार अहाता शोभाराम स्थित कैंप कार्यालय पर डॉ.बीएस गौतम ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्याअर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि नेहरू ने भारत में विकास की नींव रखकर देश को प्रगति मार्ग प्रदान किया था। उन्होंने आजादी के आंदोलनो में भाग लिया और कई बार जेल भी गए। विश्व शांति के अग्रदूत भी बनाए गए थे। उन्होंन कहा कि उनके विचार और सिद्धांत आज भी हर कांग्रसी के अंदर जीवित हैं। इस दौरान विशंभर सिंह, अनिल उपाध्याय, शिव प्रताप सिंह, सुनील कुमार, सरफराज खान, जीतू शर्मा, मानवेंद्र शर्मा, राजुद्दीन अली, प्रीती जाटव आदि मौजूद रहे।

## दस साल की बालिका के साथ अस्पताल कर्मी ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद, आगरा**। एक सनसनीखेज घटनाक्रम के अंतर्गत फतेहाबाद के फिरोजाबाद रोड स्थित एक झोला छाप डाक्टर के अस्पताल में उपचाररत अपनी दादी को देखने आई 10 साल की बालिका के साथ अस्पताल के कर्मचारी ने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। अधेड़ कर्मचारी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए निबोहरा रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म की घटना का मुकदमा दर्ज किया है। निबोहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाना फतेहाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसकी मां का फिरोजाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार रात 10 वर्षीय बालिका अपने चाचा के साथ अपनी दादी को देखने के लिए अस्पताल पहुंची हुई थी। तीमारदारी के लिए वह अपने परिजनों के साथ अस्पताल में ही रुक गई। देर रात सोते समय अस्पताल का एक कर्मी लक्ष्मी नारायण पुत्र खुशीराम निवासी डंडनिया का पुरा थाना निबोहरा ने इस बालिका के साथ दुष्कर्म किया। बच्चों की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो बालिका ने अपने साथ हुई घटना के बारे में परिजनों को बताया। परिजनों ने दोषी अस्पताल कर्मी को वहीं पकड़कर पिटाई शुरू कर दी। किसी तरह वह चंगुल से छूट कर भाग गया। बाद में बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इंसपेक्टर देवी प्रसाद तिवारी के मुताबिक आरोपी को पुलिस ने निबोहरा रोड अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बालिका को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी पुराने बिल होंगे माफ

**आगरा**। बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है। उनके पुराने बकाया बिल माफ हो सकते हैं। आगरा के प्रभारी एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने ये संकेत दिए हैं। यदि ऐसा होता है, तो आगरा के बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। दक्षिणांचल का पुराना बकाया वसूलने के लिए टोरंट नोटिस भेज रही है। परिजनों को नए कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के पुराने बिलों का बकाया अब माफ हो सकता है। सोमवार को प्रभारी एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बैठक में इस पर संकेत दिया। उन्होंने डीएम को इस बारे में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। टोरंट पावर पर 2008-09 से दक्षिणांचल का करीब 2200 करोड़ रुपये बकाया है। पुराने उपभोक्ताओं को बकाया वसूली के नोटिस भेजे जा रहे हैं। भाजपा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने यह समस्या प्रभारी मंत्री के समक्ष रखी। कहा कि बाबा पर बकाया था, अब पौत्र को कनेक्शन नहीं मिल रहा। 40 साल पुराने रिकॉर्ड मांगे जा रहे हैं। ये तो उत्पीड़न है। पर्यटन मंत्री ने डीएम से कहा कि ऐसे पुराने उपभोक्ताओं को चिह्नित कर बिल माफी का प्रस्ताव बनाएं। सीएम से चर्चा के बाद शासन स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। टोरंट पावर की ओर से घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को एक से तीन किलो वॉट कनेक्शन देने में उदारता बरतने की मांग भी उठी। इससे पहले सर्किट हाउस में पर्यटन मंत्री ने दैवीय आपदा से प्रभावित 43 लोगों को 11.26 लाख रुपये मुआवजा बांटा। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल भवनों, स्मार्ट क्लास, लैब, डिजिटल लाइब्रेरी लोकार्पण समारोह का लखनऊ से प्रसारण हुआ। अभिभावकों के खातों में डीबीटी हस्तांतरित की गई। निपुण विद्यालयों को प्रमाणपत्र वितरित किए। फिर एक और बैठक में उन्होंने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। ब्रज हवाई दर्शन कराने वाली हेलिकॉप्टर कंपनी को पर्यटन विभाग ने नोटिस थमाया है। दिसंबर 2024 में बटेश्वर से मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी हेलिकॉप्टर नहीं उड़ पाए। शिवाजी म्यूजियम के संबंध में मंत्री ने कहा दिसंबर 2025 तक म्यूजियम तैयार हो जाएगा। 198 करोड़ का बजट स्वीकृत हो चुका है। कोठी मीना बाजार मैदान पर भी शिवाजी स्मारक के लिए भूमि अधिग्रहण होगा।

## भाजपा ने अहिल्याबाई की जयंती पर किया जिला पंचायत सम्मेलन का आयोजन



**मथुरा**। पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त महानगर जिला दोनों इकाइयों द्वारा ह्लजिला पंचायत सम्मेलनह्व का आयोजन वैटेनरी कॉलेज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सिंह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), बेसिक शिक्षा विभाग विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव भी मंचासीन रहे।

सम्मेलन का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने झांसी की रानी और बेगम हजरत महेल का उदाहरण देते हुए कहा कि इन वीरांगनाओं ने अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए संघर्ष किया। भाजपा ऐसे सभी महात्माओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है, जिन्होंने समाज के उत्थान में योगदान दिया। मुख्य वक्ता प्रभारी मथुरा संदीप सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने विषम परिस्थितियों में भी कुशल शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर सरकार चलाई है। साधारण परिवार से राजघराने तक का सफर तय करने वाली अहिल्याबाई ने अपने राज्य को आदर्श बनाया। उन्होंने धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए । अहिल्याबाई ने जो विकास मॉडल अपनाया, वह आज भी पंचायत राज व्यवस्था के लिए मार्गदर्शक है। उनका हर निर्णय जनसेवा से प्रेरित था, न लाभ से, न दिखावे से। भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ठीक उसी भावना को दोहराती है। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की स्मृति के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके योगदान को याद किया।

## 12वीं के छात्र को बना दिया अपराधी, रातभर पुलिस ने किया टार्चर, मां ने लगायी डीसीपी से गुहार

**आगरा**। आगरा के नौबस्ता (लोहामंडी) की रूपमति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोमवार को डीसीपी सिटी कार्यालय में शिकायत की। कहा कि 21 मई की शाम को ट्यूशन जा रहे बेटे महावीर को पुलिस ने पकड़कर टार्चर किया। 70 हजार रुपये वसूलने के बाद छोड़ा। मामले में एसीपी लोहामंडी को जांच सौंपी गई है। रूपमति ने बताया कि महावीर (18) इंटर पास है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। रास्ते में पुलिस ने रोक लिया। बेटे को चौकी ले गए, जहां थर्ड डिग्री दी। एक लाख रुपये की मांग की। वह रातभर चौकी के बाहर बेटे को छोड़ने की गुहार लगाती रहीं। मगर, कोई सुनवाई नहीं हुई। 22 मई की सुबह 9 बजे 70 हजार रुपये लेने के बाद बेटे को छोड़ दिया गया। इतना सब करने के बाद भी थाने का एक सिपाही घर की निगरानी कर रहा है। मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रुपयों की मांग कर रहा है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने मामले की जांच एसीपी लोहामंडी को सौंपी। एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि महावीर का पिता रामसेवक सट्टा लगवाता है। उसका वीडियो भी सामने आया था। इस पर पुलिस गिरफ्तार करने गई थी। वह भाग गया था। बेटे को पकड़कर लाए थे। अपराध में वह भी शामिल है। उसके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की थी। अब पुलिस आरोपी के पिता को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है। इस पर पत्नी ने पुलिस पर आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि पुलिस पति पर सट्टा कराने का आरोप लगा रही है, जबकि वह ठीक से देख भी नहीं पाते हैं। घर में रहते हैं। जैसे-तैसे घर चल पा रहा है। पुलिस ने बेटे के खिलाफ जुआ अधिनियम में केस दर्ज किया है। इसके बावजूद थाने से छोड़ दिया। पुलिस ने कोर्ट में क्यों नहीं पेश किया।

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने का खेल उजागर

**आगरा**। जनपद में अवैध असलाहों की खरीद फरोख्त और फर्जी लाइसें के माध्यम से हथियार खरीदने और बेचने का मामला सामने आया है। 9 महीने लंबी जांच के बाद आगरा एसटीएफ ने थाना नाई की मंडी में सात लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें नेशनल शूटर, डीएम कार्यालय का रिटायर बाबू, प्रॉपर्टी डीलर, मीडिया कर्मी भी शामिल है। मामला हाई प्रोफाइल है। एफआईआर दर्ज होने के बाद कई सवाल खडे.हो रहे हैं। थाना नाई की मंडी में दर्ज एफआईआर के अनुसार एसटीएफ को अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायत मिली थी। इसमें कहा गया था कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज और झूठे शपथपत्र देकर डीएम कार्यालय के असलहा बाबू के साथ मिलीभगत से शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कर लिए हैं। इन लाइसेंस के जरिए हथियार और कारतूस का गलत इस्तेमाल किया जा रहा था। एसटीएफ ने एफआईआर में सात लोगों को नामजद किया है। एसटीएफ ने मोहम्मद जैद खान को आरोपी बनाया है। जैद नेशनल शूटर है। आरोप है कि जैद ने शस्त्र लाईसेंस 1227/03 रिवाल्बर / पिस्टल एनपीक शस्त्र श्रेणी-8 में बनवाया गया, जिसमें जन्मतिथि 25-11-1975 आवेदन किया गया, जबकि इनकी मूल जन्मतिथि, अभिलेखों के आधार पर 25-11-1972 पाई गई । इनके द्वारा शस्त्र लाइसेंस बनवाए जाने के लिए फर्जी कागज और फर्जी शपथपत्र दिया गया। मोहम्मद अरशद खान निवासी नई आवादी नगला मेवाती ताजगंज आगरा के पांच शस्त्र लाईसेंस जिसमें 6365/ ताजगंज, 6491/ ताजगंज, 6415/ ताजगंज, 316/ताजगंज, 6248/ ताजगंज, द्वारा जन्मतिथि 15-01-1985 के प्रपत्रों पेन, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस के आधार 5 शस्त्र लाईसेंस तैयार कराए गए। जबकि उसके अंकतालिका में जन्म का वर्ष 1988 है। लाईसेंस बनने से पूर्व वर्ष 2006 में इनकी जन्म तिथि 15-01-1988 थी। जांच में सामने आया कि प्रपत्रों में कम उम्र लिखाने का उद्देश्य निशानेबाज बनकर अनुचित लाभ लेना था। वहीं, 5 हथियार के लाइसेंस पर शस्त्र और कारतूस देश-विदेश में आयतित करना है। आरोपी द्वारा सभी शस्त्रों की परचेज, इम्पोर्ट इनवाइज और अपने पासपोर्ट का विवरण नोटिस देने के बाद भी उपलब्ध नहीं कराए। इतना ही नहीं जांच में भी सहयोग नहीं किया गया। शस्त्र लाईसेंस धारक राजेश कुमार बघेल पुत्र फौरन सिंह निवासी 7/39 जवाहर नगर थाना न्यू आगरा पर आरोप है कि इनके हथियार की खरीद, दुकान का पता व अन्य दस्तावेज में से कोई भी पत्रावली नहीं मिली है। शस्त्र लाइसेंस बनवाने और गुम होने की जांच के दौरान शस्त्र खरीदने वाले शोभित चतुर्वेदी का नाम सामने आया। इनकी शस्त्र पत्रावली जिलाधिकारी कार्यालय आगरा में भी उपलब्ध नहीं मिली। शोभित चतुर्वेदी पर आरोप है कि इन्होंने उत्तराखंड के टिहरी से पहले ही एक शस्त्र लाइसेंस बनवा रखा था। इसके बात उन्होंने दूसरा लाइसेंस लेते समय छिपा ली। इतना ही नहीं लाइसेंस बनवाने के लिए तथ्यों को छिपाया। जन्म स्थल लखनऊ के बजाए आगरा बताया। शिव कुमार सारस्वत से बरैठा की पिस्टल बिना किसी प्रपत्र के खरीदी। जांच में कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके। भूपेंद्र सारस्वत पर आरोप है कि 21 साल उम्र पूरी करने से पहले शस्त्र लाइसेंस बनवा लिया। इनकेशस्त्र लाइसेंस न-407/ थाना जगदीशपुरा आगरा की मूल पत्रावली जिलाधिकारी के कार्यालय आगरा में नहीं मिली। शस्त्र लाइसेंस न.-407/थाना जगदीशपुरा उक्त शस्त्र लाइसेंस वर्ष 2016-17 में गुम होना बताया गया था, जिसके संबंध में थाना जगदीशपुरा आगरा पर गुमशुदगी संबंधी प्रपत्र एवं शस्त्र क्रय उपलब्ध न कराये जाने का अनियमितता पाई गई। लाईसेंस धारक ने जांच में अपने प्रथम मूल शस्त्र लाईसेंस की पूर्व छायाप्रति उपलब्ध नही कराई। वहीं, दूसरे लाइसेंस -465/ थाना जगदीशपुरा एनपीबी रिवाल्वर / पिस्टल न-6407 बोर.30 दर्ज है, जिस शस्त्र के खरीदने के कागज, खरीदने का स्थान उपलब्ध नहीं कराई गई।

- **नेशनल शूटर, प्रॉपर्टी डीलर, मीडिया कर्मी शामिल, एसटीएफ ने 9 माह में पूरी की जांच**

## बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज गौरा नगर के लोग

**मथुरा**। भीषणगर्मी में पानी की समस्या से परेशान वृंदावन गौरा नगर कालौनी के वाशिंदों ने मंगलवार को वृंदावन जोनल कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। गुस्साए लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। गुस्साए लोगों का कहना था कि जहां एक ओर सूबे के मुखिया धर्म नगरी को हाईटेक सिटी बनाने के लिए प्रयासरत है। वही दूसरी ओर लापरवाह निगम अधिकारियों की कार्यप्रणाली के चलते धार्मिक नगरी के लोग भीषण गर्मी में पानी की बूंद बूंद के लिए मोहताज है। कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसपर भी भीषण गर्मी में चरमराई विद्युत व्यवस्था ने जीना मुहाल कर रखा है। पूरी कर दी है। यदि लाइट रहती है तो पानी नहीं आता, अगर पानी आ जाता है तो लाइट नहीं रहती।

## महापुरुषों को भुलाती जा रही हैं हमारी संतानें




**मथुरा**। टाउनशिप क्षेत्र के गांव बलरई में आर्य समाज की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर तीन दिवसीय जिला आर्य महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आर्य समाज के विद्वानों द्वारा भारत की गौरवशाली वैदिक संस्कृति से अवगत कराया गया। समारोह में मंगलवार को प्रसिद्ध हिंदूवादी संत यति नरसिंहा नंद गिरी महाराज ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं महर्षि दयानंद व स्वामी श्रद्धानंद के मार्ग पर चल रहा हूँ। विधर्मियों की असलियत हिंदुओं को बताता फिरता हूँ। उन्होंने कहा आज हम उन महापुरुषों को भूल गए हैं, जिन्होंने हमारी रक्षा के लिए अपने प्राणों को आहूत कर दिया था। संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अर्चना प्रिय आर्य ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति को बचाने में मातृशक्ति की भूमिका अहम है। जब जब देश पर कोई संकट आया है तब तब नारी जाति ने आगे बढ़कर अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज नारी दिशा भ्रमित होती जा रही है जो चिंता का विषय है।क्रांतिकारी संत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि 700 सालों में 10 करोड़ हिंदुओं को खत्म कर दिया गया है। अखंड भारत टुकड़ों में बंट गया और हिन्दू सोया हुआ है। आज जागने का समय आ गया है। कार्यक्रम को भजनोपदेशक भानुप्रताप, आचार्य सत्यप्रिय आर्य, सविता आर्या, लाखन सिंह आर्य, सुंदर पांचाल ने भी संबोधित किया। प्रातःकाल की बेला में आचार्य विपिन बिहारी आर्य ने वैदिक विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिववर्मा आर्य, महारूप सिंह आर्य, रघुवीर सिंह आर्य, किशन आर्य, देवेंद्र पाल आर्य आदि मौजूद रहे।

## पुलिस में चयनित पूर्व सैनिकों का सम्मान किया

**फिरोजाबाद**। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सुहाग नगर में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनपद में आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती- 2023 में चयनित कुल 28 पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को कैप्टन आशीष कुमार मित्तल आई.एन. अ0प्रा0, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा उनके पुनः स्थायी सेवायोजन हेतु बधाई दी और उनका उत्साह बर्धन किया। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि उक्त सभी पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों द्वारा सेना में भी सेवारत रहकर हर परिस्थिति का सामना करते हुये देश की सेवा की है और सेना से सेवानिवृत्त होकर पुनः उ0प्र0 राज्य के अन्तर्गत पुलिस विभाग में अपनी मेहनत व लगन से आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण कर सेवा देने जा रहे हैं। यह भी अवगत कराया गया कि जिस प्रकार एकता एवं अनुशासन में रहकर देश की सेवा की है उसी प्रकार प्रदेश में भी अनुशासन में रहकर ईमानदारी से अपनी सेवा प्रदान करेंगे। उक्त पूर्व सैनिकों द्वारा जिस प्रकार देश की सेवा कर देश को गौरवान्वित किया है उसी प्रकार प्रदेश को भी गौरवान्वित करेंगे, जो निश्चित ही बधाई के पात्र हैं। सभी चयनित पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के उपरान्त उनकी स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी। जिस हेतु सभी पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैप्टन आशीष कुमार मित्तल आई.एन., अ0प्रा0 जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद, राघवेन्द्र सिंह,राम कुमार सिंह, मु0 लुकमान एवं अन्य पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित आदि उपस्थित थे।

# अहिल्याबाई की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

जिला संवाददाता (vol)




**टूंडला**। नगर के बेनीवाल गार्डन में पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश एवं पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर रहे। पुण्यश्लोका लोकमाता देवी रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की विधवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश एवं पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह चौहान ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय धर्म और नारी शक्ति की प्रतीक थीं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन त्याग और सेवा की प्रेरणादायी गाथा है। उनकी न्याय प्रणाली आज भी मिसाल के रूप में दी जाती है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया। साथ ही मुगल शासकों द्वारा क्षतिग्रस्त मठ और मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं से बाहर भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में मंदिर बनवाए। घाट कुएं और बावड़ियों का निर्माण करवाया। भूखों के लिए अन्न और प्यासों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की। विधायक प्रेम पाल धनगर ने संबोधित करते हुए कहा कि लोक माता अहिल्याबाई के जीवन चरित्र से आज भी हर युग उन्हें स्मरण कर लोकसेवा की प्रेरणा पाता है,न्याय त्याग, सुशासन और जनसेवा की प्रतीक अहिल्या बाई का चरित्र प्रकाशपुंज की तरह आने वाली कई पीढ़ियों को प्रकाशित करता रहेगा। उनके जीवन की सबसे बड़ी सीख यही है कि परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन हों, अगर संकल्प अडिग है तो विजय निश्चित है। असफलताओं से सीखना, हर क्षण ज्ञान अर्जित करना और समाज में बदलाव की पहल करना उनकी ये शिक्षाएँ आज भी महिलाओं को आत्मनिर्भरता और नेतृत्व की ओर प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में नगरपालिकाध्यक्ष भंवर सिंह, धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर महावीर सिंह बघेल रूपेश शुक्ला, संजय परमार, सचिन जैन, धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू, विनोद पाल सिंह बिन्नू दिनेश गुप्ता, देवेंद्र बेनीवाल पूरन सिंह निषाद, लोकेंद्र सिंह पौनिया, सुशील पूनिया, शरद पौनिया, जितेंद्र प्रताप सिंह सिटी, सतेंद्र बघेल सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री दीपक चौधरी ने किया।

## रामपुर के युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मथुरा**। मथुरा के एक निजी अस्पताल में रामपुर के 19 वर्षीय युवक विशाल उर्फ लवली दिवाकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को उसका शव अस्पताल में फंदे से लटका मिला। मृतक विशाल रामपुर के मुख्य बाजार का रहने वाला था। वह मथुरा के निजी अस्पताल में काम करता था। परिजनों के अनुसार, रविवार रात और सोमवार सुबह तक विशाल से फोन पर बात हुई थी। वह पूरी तरह स्वस्थ था। दोपहर बाद पुलिस अधिकारी ने फोन कर मौत की सूचना दी। विशाल अपने पिता शिवकुमार का इकलौता बेटा था। उसकी मां का निधन 5 साल पहले हो चुका था। शिवकुमार मजदूरी करके गुजर-बसर करते हैं। विशाल मथुरा में काम करके घर का खर्च चलाने में पिता की मदद करता था। हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक के परिजन भी रामपुर से मथुरा के लिए रवाना हुए हैं उनके आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत का कारण भी स्पष्ट हो सकेगा । फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संक्षेप

## म्यूचुअल फंड निवेश में 21% की वृद्धि

नई दिल्ली। एमएफआई आंकड़ों पर आधारित म्यूचुअल फंड निवेश डेटा के विश्लेषण के अनुसार, मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि उत्तर प्रदेश ने अप्रैल 2025 को समाप्त होने वाली 12 महीने की अवधि में म्यूचुअल फंड योजनाओं में औसत एसेट अंडर मैनेजमेंट में 21.12% की वृद्धि दर्ज की है। यह एएयूएम अप्रैल 2024 में रुपये 266092.22 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में रुपये 322298.10 करोड़ हो गया है। राज्य के एएयूएम का लगभग 75% योगदान इक्विटी-उन्मुख योजनाओं से हुआ है, जो राज्य के निवेश परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश में इक्विटी योजनाओं का एएयूएम अप्रैल 2024 में रुपये 193847.86 करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में रुपये 243528.22 करोड़ हो गया है, जिसमें 25.62% की वृद्धि हुई है।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ ने की बोनस की घोषणा

नई दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 2025 के वित्त वर्ष के लिए 250 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। इससे 31 मार्च 2025 तक कंपनी की पार्टिसिपेटिंग पॉलिसी वाले लगभग 2.27 लाख ग्राहकों को फायदा होगा। यह बोनस कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन को दर्शाता है और दिखाता है कि कंपनी अपने ग्राहकों को लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। साल 2025 में घोषित बोनस की राशि पिछले साल (2024) की तुलना में 7.90% अधिक है। 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज इस बोनस के लिये योग्य हैं। घोषित बोनस पॉलिसीधारकों के खातों में आवंटित होगा और पॉलिसी के परिपक्व होने या सरेंडर होने पर अथवा उसकी शर्तों के अनुसार भुगतान किया जाएगा। वित्त वर्ष 2025 के लिए 250 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा कर रहे हैं।

## सैमसंग बना भारत में 10,000 करोड़ टीवी बेचने वाला ब्रांड

नई दिल्ली। सैमसंग ने बताया कि साल 2024 में उसके टीवी कारोबार ने 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। इस तरह सैमसंग भारत में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला ब्रांड बन गया है। कंपनी को उम्मीद है कि साल 2025 में उसकी ग्रोथ और तेज होगी, क्योंकि अब लोग बड़े स्क्रीन और एआई तकनीक से लैस प्रीमियम टीवी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। 2024 सैमसंग इंडिया के लिए एक यादगार साल रहा। हमने 10,000 करोड़ रुपए का टर्नओवर हासिल किया, जो हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम अपने नए एआई टीवी लाइनअप के साथ और तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। ये टीवी हर तस्वीर को और खूबसूरत बनाते हैं और घर पर ही थिएटर जैसा अनुभव देते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि एआई स्क्रीन के इस नए दौर में हम नई जनरेशन के टीवी को लोगों के बीच तेजी से पसंदीदा बनाएंगे और भारत के प्रीमियम टीवी मार्केट में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखेंगे।

## ओरिएंटल ट्राइमेक्स ने बिजनेस ऑपरेशन्स को सफलतापूर्वक बदला

बंगलुरू। ओरिएंटल ट्रिमैक्स लिमिटेड ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्त वर्ष-25 में वित्तीय परिणामों के साथ अपने व्यावसायिक संचालन को सफलतापूर्वक बदल दिया है। कंपनी ने पिछले साल के चौथे तिमाही के 6.43 करोड रुपये के नुकसान की तुलना मे 5.97 करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल की अवधि 2025 के चौथे तिमाही के दौरान संचालन से 2024 के चौथे तिमाही में 3.01 करोड़ रुपये राजस्व की तुलना में, 453 प्रतिशत की एक साल - प्रतिवर्ष की वृद्धि को चिह्नित करतेहुए, चार गुना 16.66 करोड रुपये से अधिक हो गया। ओडिशा स्टील एन्ड मेन्युफेक्फरिंग डिपार्टमेन्ट के द्वारा कंपनी को ब्लेक ग्रेनाइट माईनिंग के लिए 30 साल की लीज मिल गई है। उसके कारण ओरिएन्टल ट्राईमेक्स सालाना तौर पर ईस माईनिंग साईट्स से रू. 10 करोड से रू. 15 करोड़ तक रेवेन्यू कॉन्ट्रीब्युशन की आशा है, जो कंपनी की विकास की यात्रा में योगदान देगी। इसके ऑपरेशन्स भी आगामी समय से शुरू होने वाले है, उसके साथ साथ यह प्रोजेक्ट संसाधन स्वामित्व, लागत दक्षता और माइनिंग से वितरण तक पूर्ण-स्पेक्ट्रम मूल्य श्रृंखला एकीकरण को बेहतर बनाने में योगदान देगी। ये दीर्घकालिक संपत्ति ओरिएंटल ट्राईमैक्स के विस्तार और प्रॉफिट स्टेबिलिटी के आधार को मजबूत करती हैं।

# सेंसेक्स में 625 अंकों की गिरावट




मुंबई। शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 175 अंक के नुकसान में रहा। बैंक, आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 624.82 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,551.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स एक समय 1,054.75 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,826.20 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में कारोबार के पहले चरण में तेज घट-बढ़ हुई। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से यह नुकसान में रहा। इससे पहले, पिछले दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 1.5 प्रतिशत चढ़े थे। विश्लेषकों ने कहा कि बुधवार को अप्रैल महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और शुक्रवार को मार्च तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ें जारी होने हैं। इन महत्वपूर्ण आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे अधिक 2.21 प्रतिशत और आईटीसी में 2.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, नेस्ले और एशियन पेंट्स के शेयर लाभ में रहे। घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और दो दिन की तेजी थम गयी। इसका कारण यह है कि निवेशकों ने मूल्यांकन संबंधी चिंताओं और एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के कारण मुनाफावसूली का विकल्प चुना। चौथी तिमाही के उम्मीद से बेहतर वित्तीय परिणाम और मूल्यांकन में नरमी के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अपेक्षाकृत मजबूती रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.19 प्रतिशत के लाभ में रहा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 0.18 प्रतिशत की तेजी रही। हम इस समय मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच तेजड़ियों और मंदड़ियों में खींचतान देख रहे हैं। हालांकि, अच्छे मानसून और मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों जैसे अनुकूल घरेलू कारक सकारात्मक माहौल बनाए रखने में मदद कर रहे हैं।

# रुपया 27 पैसे टूटकर 85.37 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार, घरेलू शेयर बाजार में गिरावट तथा विदेशी कोषों के निवेश में कमी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे टूटकर 85.37 (अस्थायी) पर आ गया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, निवेशक अप्रैल के घरेलू औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़ों के साथ-साथ इस सप्ताह जारी होने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़ों के इंतजार में भी सावधानी बरत रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.15 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.11 के उच्च और 85.45 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। अंत में रुपया 85.37 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद के मुकाबले 27 पैसे की गिरावट है। पिछले सत्र में शुक्रवार को 50 पैसे की बढ़त लेने के बाद सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 35 पैसे बढ़कर 85.10 पर बंद हुआ था। कमजोर घरेलू शेयर बाजार और सकारात्मक अमेरिकी डॉलर सूचकांक के कारण रुपये में गिरावट आई। कमजोर विदेशी निवेश ने भी रुपये पर दबाव डाला। आयातकों की मासांत की डॉलर मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में समग्र कमजोरी और वैश्विक जोखिम भावनाओं में सुधार से रुपये को समर्थन मिल सकता है। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 85 से 85.70 के बीच कारोबार करने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.45 प्रतिशत बढ़कर 99.31 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.31 प्रतिशत बढ़कर 64.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक गिरकर 81,551.63 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 174.95 अंक के नुकसान के साथ 24,826.20 अंक पर आ गया।

# कोयला आयात 2024-25 में 7.9 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। देश का कोयला आयात वित्त वर्ष 2024-25 में 7.9 प्रतिशत घटकर 24.36 करोड़ टन रह गया, जिससे लगभग 7.93 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हुई।

कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में देश का कोयला आयात 26.45 करोड़ टन रहा था। पिछले वित्त वर्ष में कोयला आयात में कमी आने से लगभग 7.93 अरब डॉलर (60,681.67 करोड़ रुपये) की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। हालांकि, कोयला-आधारित बिजली उत्पादन 2024-25 के दौरान 3.04 प्रतिशत बढ़ गया लेकिन ताप-विद्युत बिजली संयंत्र द्वारा मिश्रण के लिए कोयला आयात में 41.4 प्रतिशत की बड़ी कमी दर्ज की गई। बयान के मुताबिक, यह आयातित कोयले पर निर्भरता कम करने और कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए जारी भारत के प्रयासों को दर्शाता है। केंद्र सरकार ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और कोयला आयात कम करने के लिए वाणिज्यिक कोयला खनन और मिशन कोकिंग कोल सहित कई पहल को लागू किया है। इन प्रयासों से 2023-24 के मुकाबले 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बिजली क्षेत्र से इतर गैर-विनियमित क्षेत्र में अधिक महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई।

# फीकी पड़ी सोने-चांदी की चमक



नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इससे सोने में चार दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, चांदी की कीमत मंगलवार को 1,370 रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 45.03 डॉलर प्रति औंस या 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,296.92 डॉलर प्रति औंस रह गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में तेजी लाने के लिए ब्रसेल्स के दबाव के कारण सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है, जिससे सुरक्षित-संपत्तियों की मांग में कमी आई है। चैनवाला ने कहा कि निवेशक अब शुल्क और मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में आगे की जानकारी के लिए आने वाले अमेरिकी टिकाऊवस्तुओं के ऑर्डर और उपभोक्ता विश्वास आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# पीएसयू कर्मचारियों को बर्खास्तगी पर सेवानिवृत्ति लाभ से होना पड़ेगा वंचित

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के किसी कर्मचारी को बर्खास्त करने या हटाने की स्थिति में उसे सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलेंगे।

केंद्र सरकार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह की बर्खास्तगी या हटाने के फैसले की समीक्षा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय करेगा। कार्मिक मंत्रालय ने इस संबंध में केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 में प्रमुख बदलाव किए हैं। हाल ही में अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) संशोधन नियम, 2025 के अनुसार, किसी भी कर्मचारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में शामिल होने के बाद किसी भी कदाचार के लिए ऐसे उपक्रम की सेवा से बर्खास्त करने या हटाने से सेवानिवृत्ति लाभ जब्त हो जाएंगे। इन नियमों को 22 मई को अधिसूचित किया गया। इसमें कहा गया, कर्मचारी की बर्खास्तगी, निष्कासन या छंटनी की स्थिति में उपक्रम के फैसले की समीक्षा प्रशासनिक रूप से संबंधित मंत्रालय करेगा। पिछले नियमों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी की बर्खास्तगी या सेवा से हटाए जाने की स्थिति में सेवानिवृत्ति लाभ को जब्त करने की अनुमति नहीं थी। अधिकारियों को छोड़कर, 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पहले नियुक्त सरकारी कर्मचारियों पर लागू होते हैं।

# देश का वस्तु, सेवा निर्यात एक हजार अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान



नयी दिल्ली। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने कहा है कि देश का कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात चालू वित्त वर्ष में 1,000 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2024-25 में कुल निर्यात 824.9 अरब डॉलर था। फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदार अपने खरीद स्रोत में विविधता लाने पर ध्यान दे रहे हैं। इससे निर्यात में अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके साथ भारत के विभिन्न देशों के साथ किये जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों से देश के निर्यात को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 525 से 535 अरब डॉलर होने का अनुमान है जो 2024-25 में 437 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में सेवा निर्यात बढ़कर 465 से 475 अरब डॉलर होने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में 387 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में सभी प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग क्षेत्र, रसायन, कपड़ा और परिधान, फार्मा और यहां तक कि कृषि में भी अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। आने वाले वर्ष में पेट्रोलियम और रत्न एवं आभूषण निर्यात भी सकारात्मक दायरे में रहेगा। निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करने वाले मुख्य क्षेत्रों में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स (60 अरब डॉलर), मशीनरी (40 अरब डॉलर), रसायन (40 अरब डॉलर), औषधि (30 अरब डॉलर), पेट्रोलियम (70 अरब डॉलर), परिधान और नैपकिन, एप्रन समेत अन्य कपड़े (23 से 25 अरब डॉलर), रत्न और आभूषण (30 से 35 अरब डॉलर) और कृषि (55 अरब डॉलर) शामिल हैं।

# सरकार ने 2025-26 के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत 18,233 करोड़ आवंटित किये

नयी दिल्ली। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 10,750 से अधिक उत्पाद श्रेणियों में निर्यात को समर्थन देने के लिए निर्यात लाभ योजना आरओडीटीईपी के तहत 18,233 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

आरओडीटीईपी योजना के तहत 31 मार्च, 2025 तक कुल 57,976.78 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने यह भी कहा कि विशेष आर्थिक क्षेत्रों और निर्यात-उन्मुख इकाइयों में बनी वस्तुओं के निर्यात के लिए योजना के तहत लाभ इस साल एक जून से बहाल हो गए हैं। निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) की योजना के तहत, उत्पादन में इस्तेमाल किए गए उत्पादों पर लगाए गए विभिन्न केंद्रीय और राज्य शुल्क, कर और अन्य शुल्क निर्यातकों को वापस कर दिए जाते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने इस योजना के तहत 18,233 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस सहायता का लाभ अग्रिम अधिकार (एए) धारकों, निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में काम करने वाली इकाइयों को मिलेगा। यह योजना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के अनुरूप है और इसे डिजिटल मंच के जरिये लागू किया जाता है, ताकि इसमें पारदर्शिता और कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आरओडीटीईपी के लिए सरकार का रुक-रुक कर चलने वाला नजरिया इस योजना के उद्देश्य को कमजोर करता है।

उन्होंने कहा कि लाभों की बहाली स्वागतयोग्य है, लेकिन सवाल यह है कि इसे बीच में क्यों रोक दिया गया था? उन्होंने आगे कहा कि भारत को एक स्थिर और प्रतिस्पर्धी निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए, सरकार को कम से कम पांच वर्षों के लिए निर्बाध रूप से आरओडीटीईपी का लाभ सुनिश्चित करना चाहिए।

पेज एक का शेष

## समृद्धि का मार्ग

चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार गरीब कन्या का विवाह कराने का भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में जाति, मत, मजहब एवं क्षेत्र के बंधन से मुक्त होकर सभी अपनी रीति-रिवाज के अनुसार रजिस्ट्रेशन कर सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति की कन्याओं के लिए केवल 20 हजार रुपये दिये जाते थे। यह धनराशि भेदभाव के साथ दी जाती थी, सभी को नहीं प्राप्त होती थी। 20 हजार की धनराशि भी पर्याप्त नहीं थी। यह धनराशि समय पर भी नहीं मिलती थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 2017 में शुरू की गयी थी तब इसकी राशि 35 हजार थी बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार एवं 1 अप्रैल 2025 से इस धनराशि को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। इसमें 60 हजार रुपये बेटी के खाते में जमा होंगे। शेष धनराशि गृहस्थी के सामान, कन्या के जेवर एवं भोजन व अन्य व्यवस्थाओं में व्यय किया जायेगा। सरकार यह कार्य दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को तिलांजलि देकर प्रत्येक गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर उस कार्यक्रम को, जिससे गरीबों का कल्याण होता है, लगातार आगे बढ़ा रही है। यही वजह है कि भारत में विगत 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग बहु आयामी गरीबी से उबरे है। उत्तर प्रदेश में भी छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उपर उठाने में मदद मिली है। नवयुगलों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर एक परिवार को सशक्त एवं समर्थ बनाने के लिए विकास प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है। भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए हमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के बारे में सोचना होगा। हमें उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा।

बेटी को बचाना है तो उसे पढ़ाना होगा, उसको सशक्त बनाना होगा। बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हमें सभी व्यवस्थाएंकरनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार द्वारा निर्धनों की पीड़ा को समाप्त करने के लिए बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलायी गयी। आज यह योजना सफलतापूर्वक चल रही है।

## आतंकवाद पाकिस्तान

प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारत में भेजा तथा तीर्थयात्रियों सहित निर्दोष और निहत्थे नागरिकों को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिंधु जल संधि को (पहलगाम आतंकी हमले के बाद) स्थगित रखा है और पाकिस्तान पहले से ही इसका असर महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा भारत ने हमेशा सभी की प्रगति और कल्याण के लिए काम किया है और संकट के समय (अपने पड़ोसियों को) सहायता प्रदान की है। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद देश को अक्सर हिंसक हमलों का सामना करना पड़ा है। मोदी ने कहा, हमारी ओर नदियों (सिंधु जल संधि के तहत आने वाली) पर बांध बनाए गए, लेकिन उनका उचित रखरखाव नहीं किया गया और 60 वर्षों तक गाद निकालने के कार्य की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि जल प्रवाह के नियमन के लिए बनाए गए गेटों को खुला नहीं रखा गया, जिससे भंडारण क्षमता में भारी कमी आई और यह मात्र दो से तीन प्रतिशत रह गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय लोगों को पानी तक उनकी उचित पहुंच मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि अब भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने बाकी हैं, लेकिन प्रारंभिक उपाय शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, भारत किसी प्रकार की शत्रुता नहीं चाहता, बल्कि शांति और समृद्धि की आकांक्षा रखता है। देश प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और वैश्विक कल्याण में योगदान दे रहा है। दृढ़ निश्चय के साथ भारत अपने नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित है। मोदी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था, तब भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और कोविड-19 महामारी, पड़ोसी देशों के साथ कठिनाइयों तथा प्राकृतिक आपदाओं जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद पिछले 11 वर्षों में यह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए टियर-2 और टियर-3 शहरों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से ऑपरेशन सिंदूर को जन आंदोलन में बदलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोगों को आयातित उत्पादों से परहेज करना चाहिए और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केवल स्थानीय रूप से निर्मित वस्तुओं को खरीदना चाहिए। मोदी ने कहा, हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य अभियान के रूप में शुरू हुआ था, लेकिन अब यह एक जन आंदोलन में बदल जाएगा... ऑपरेशन सिंदूर केवल सैनिकों की नहीं बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, अनजाने में, हम आयातित उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं, जैसे भगवान गणेश की मूर्तियां। हमें भारत को विकसित देश बनाने के लिए केवल मेड इन इंडिया उत्पादों का उपयोग शुरू करना चाहिए। दुकानदारों को यह प्रण लेना चाहिए कि वे आयातित उत्पाद नहीं बेचेंगे।

## एक ही परिवार

था। उन्होंने बताया कि कार का ताला नहीं लगा था और उसने एक दरवाजा खोला। उन्होंने बताया कि अंदर बैठे व्यक्ति ने उन्हें बताया कि पंचकूला में बागेश्वर धाम कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौटते समय उन्हें होटल में कमरा नहीं मिल पाया, इसलिए वह और उनका परिवार कार में ही सो रहे हैं। राणा ने बताया कि जब उसने अपने हाथ में पकड़ी टॉर्च को शीशे की तरफ घुमाया तो उसने देखा कि छह लोग एक-दूसरे पर बेसुध पड़े हुए थे और उन्होंने उल्टी की हुई थी।

उन्होंने बताया कि सातवां व्यक्ति, जिससे वह बात कर रहे थे, उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी जिससे उनका संदेह और बढ़ गया। राहगीर ने उस व्यक्ति की मदद की, उसे पानी दिया और उससे पूछा कि क्या उसने अंदर मौजूद लोगों को मार दिया है। राणा ने कहा, उसने मुझे बताया कि उसके परिवार के सभी सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है और वह भी पांच मिनट में मरने वाला है और फिर वह बेहोश हो गया। उन्होंने कहा, बेहोश होने से पहले उस व्यक्ति ने कहा कि उन पर बैंकों का बहुत सारा पैसा बकाया है। उसने कहा कि उनके रिश्तेदार अमीर हैं, लेकिन वे मदद नहीं कर रहे। इस बीच, वहां भीड़ जमा हो गई और उसने पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस को पहुंचने में करीब 40 मिनट लगे। पंचकूला की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हिमाद्री कौशिक ने कहा, यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। फिलहाल जांच जारी है। कौशिक ने बताया कि छह लोगों को निजी अस्पताल और एक व्यक्ति को सिविल अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा, सभी सात लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस समय मौत का कारण जहर प्रतीत होता है। पंचकूला के डीसीपी (अपराध) अमित दहिया ने संवाददाताओं को बताया कि घटनास्थल से दो सुसाइड नोट बरामद हुए हैं - एक कार के डैशबोर्ड से और दूसरा वाहन में एक बैग में रखी नोटबुक से। दहिया ने कहा कि हालांकि वह इन पत्रों की वास्तविक सामग्री का खुलासा नहीं कर सकते, लेकिन डैशबोर्ड से मिले पत्र का सार यह है कि परिवार ने वित्तीय समस्याओं के कारण यह कदम उठाया। उन्होंने संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सुसाइड नोट किसने लिखा, यह जांच का विषय है। अधिकारी ने बताया कि पंचकूला के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों के एक बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा। इससे पहले दिन में दहिया ने कहा, हम फिलहाल हर पहलू से मामले की जांच कर रहे हैं। हम इलाके के लोगों से पूछताछ कर रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस परिवार के सोशल मीडिया अकाउंट और उनके बैंक खातों की भी जांच कर रही है। प्रवीण के ससुर राकेश ने पंचकूला में संवाददाताओं को बताया कि उन्हें घटना के बारे में तब पता चला, जब पुलिस तड़के चार बजे पिंजौर में उनके घर पहुंची। उन्होंने कहा कि वह कुछ समय से परिवार के संपर्क में नहीं थे, हालांकि पहले वह पैसों से उनकी मदद करते थे। यह पूछे जाने पर कि कल रात परिवार कहां था, उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि वे पंचकूला में बागेश्वर धाम कार्यक्रम के लिए गए थे। उन्होंने बताया कि परिवार पंचकूला के सकेतड़ी इलाके में रह रहा था। लुधियाना में रहने वाले संदीप अग्रवाल ने पीटीआई वीडियो को बताया कि उनके रिश्ते के भाई प्रवीण मित्तल की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और जब भी वे मदद की पेशकश करते थे, तो वे मना कर देते थे। उन्होंने बताया कि मित्तल घर चलाने के लिए टैक्सी चलाया करते थे। कुछ अन्य रिश्तेदारों ने बताया कि प्रवीण पर्यटन और टैक्सी का व्यवसाय करते थे। अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने उन्हें बताया कि मित्तल ने उनके लिए एक पत्र छोड़ा है। उन्होंने कहा, पत्र में लिखा है कि मुझे इस घटना के बारे में सूचित किया जाए और मुझसे अंतिम संस्कार करने के लिए कहा जाए तथा उनके ससुर के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की जाए। उन्होंने कहा कि एक समय मित्तल पर लगभग 15 से 20 करोड़ रुपये का कर्ज था लेकिन यह एक पुराना मामला था और बैंकों ने कर्ज वसूने के लिए जो कुछ भी हो सकता था, जब्त कर लिया था। अग्रवाल ने बताया कि मित्तल 10 साल पहले बिना किसी को बताए देहरादून चले गए थे। उन्होंने बताया कि छह साल पहले हमें फोन आया कि वे वहां रह रहे हैं। अग्रवाल ने कहा, वे एक साल पहले पंजाब के खरड़ आए, लेकिन प्रवीण के लिए किराया देना मुश्किल हो गया और फिर वे कुछ समय के लिए अपने ससुर के घर रहने पिंजौर चले गए, लेकिन वे साथ नहीं रह पाए और फिर वे सकेतड़ी चले गए। अग्रवाल ने बताया कि जब उन्हें परिवार की मौत के बारे में फोन आया, तो उन्हें यकीन नहीं हुआ। उन्होंने कहा, शुरू में मुझे लगा कि कोई कॉल करके शरारत कर रहा है। डीसीपी दहिया ने बताया कि पांच पुलिस टीम बनाई गई हैं, जिन्हें जांच के लिए देहरादून और पिंजौर भेजा गया है। इस बीच उत्तराखंड की देहरादून पुलिस ने कहा कि परिवार आठ-नौ माह पहले तक देहरादून में किराए के मकान में रहता था। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह बिष्ट ने संवाददाताओं को बताया कि परिवार लगभग आठ-नौ महीने पूर्व तक देहरादून के कोलागढ़ क्षेत्र में किराए के एक मकान में रहता था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से मिला वाहन देहरादून के मालदेवता क्षेत्र के निवासी गंभीर सिंह नेगी के नाम पर पंजीकृत है जिन्होंने बताया कि मित्तल पूर्व में चाइल्ड लाइफ केयर मिशन नाम से एक गैर सरकारी संगठन चलाता था और उसी दौरान हुई मित्रता के बाद उन्होंने अपने नाम से मित्तल के लिए वाहन फाइनेंस करवाया था।

## हनुमानजी के सेवा

बना रहता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से हर साल हनुमान जी के सबसे प्रिय ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन से आत्मिक संतोष तो मिलता ही है, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है। यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस मौके पर हनुमान जी से प्रार्थना की कि राजधानी लखनऊ, प्रदेश और देश के हर नागरिक के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार हो। सभी स्वस्थ व सानंद रहें तथा निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहें।




# लखनऊ ने आरसीबी को 228 रन का दिया लक्ष्य

## आईपीएल : लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने 18वें ओवर में अपना शतक पूरा किया

एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 के आखिरी लीग मैच में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को 228 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में बेंगलुरु ने तेज शुरूआत की है। टीम ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 50 रन बना लिए हैं। फिल सॉल्ट और विराट कोहली क्रीज पर हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर चुके हैं। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन बनाए। लखनऊ की ओर से ऋषभ पंत 61 बॉल पर नाबाद 118 रन की पारी खेली।

उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए। पंत ने 54 गेंद पर अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 2018 में दिल्ली के लिए पहली सेंचुरी लगाई थी। पंत ने मिचेल मार्श (67 रन) के साथ 152 रन की पार्टनरशिप की। भुवनेश्वर कुमार, नुवान थुषारा और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला। बेंगलुरु के ओपनर्स ने चौथे ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। सॉल्ट ने शाहबाज अहमद के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर ओपनिंग साझेदारी को 50 रन तक पहुंचा दिया। बेंगलुरु के ओपनर विराट कोहली और फिल सॉल्ट ने विलियम ओरूर्के के ओवर में 22 रन बनाए। दोनों ने पारी के दूसरे और ओरूर्के के पहले ओवर में 5 चौके मारे। इसमें कोहली के लगातार तीन चौके शामिल रहे। विराट कोहली और फिल सॉल्ट ने आकाश सिंह के ओवर से 9 रन बनाए। सॉल्ट ने पारी की पहली बॉल पर चौका लगाया। वहीं, ओवर की आखिरी बॉल पर कोहली ने चौका लगाया। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन देकर एक विकेट झटका। उन्होंने निकोलस पूरन को यश दयाल के हाथों कैच कराया। पूरन 13 रन ही बना सके।

वहीं, शतक बना चुके ऋषभ पंत 61 बॉल पर नाबाद 118 रनों की पारी खेली। इस तरह लखनऊ ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने 18वें ओवर में अपना शतक पूरा कर लिया। उन्होंने ओवर की पांचवीं गेंद पर भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ चौका लगाया और 54 गेंद पर सेंचुरी पूरी कर ली। यह उनका दूसरा ही आईपीएल शतक है। इससे पहले उन्होंने दिल्ली से खेलते हुए 2018 में सेंचुरी लगाई थी। 16वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की तीसरी बॉल भुवनेश्वर कुमार ने ऑफ स्टंप के बाहर यॉर्कर फेंकी। मिचेल मार्श ने शॉट खेला, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। उन्होंने 67 रन बनाए और ऋषभ पंत के साथ 152 रन की पार्टनरशिप की। 14वें ओवर में मिचेल मार्श ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 31 बॉल पर अर्धशतक जमाया। मार्श ने सुयश शर्मा के ओवर की दूसरी बॉल पर छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया। फिर पंत ने चौथी और 5वीं बॉल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। मिचेल मार्श और ऋषभ पंत ने 12वें ओवर में शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। टीम ने 25 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया था। मार्श ने रोमारियो शेफर्ड के ओवर की चौथी बॉल पर चौका और 5वीं बॉल पर छक्का लगाया। चौके के साथ मार्श ने मौजूदा सीजन में 600 रन पूरे कर लिए हैं। वे इस सीजन में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बैटर हैं। ऋषभ पंत ने 10वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 29 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमाई। पंत ने सुयश शर्मा के ओवर की चौथी और पांचवीं बॉल पर लगातार दो चौके लगाकर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने सुयश के ओवर की पहली बॉल पर छक्का भी लगाया। इस ओवर से 16 रन आए। मिचेल मार्श और कप्तान ऋषभ पंत की अर्धशतकीय साझेदारी ने लखनऊ की पारी को संभाल लिया है। टीम ने तीसरे ओवर में 25 रन के स्कोर पर मैथ्यू ब्रीट्जकी का विकेट गंवाया था। इस विकेट के बाद पंत नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे।

इस पोजिशन पर निकोलस पूरन बैटिंग करते हैं। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने मिलजुली शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले में 6 ओवर में एक विकेट खोकर 55 रन बना लिए हैं। कप्तान पंत और मिचेल मार्श नाबाद हैं। डेब्यू मैच खेल रहे मैथ्यू ब्रीट्जकी 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नुवान थुषारा ने बोल्ड कर दिया। ब्रीट्जकी के आउट होने के बाद कप्तान पंत खुद नंबर-3 पर बैटिंग करने आए हैं। वैसे इस नंबर पर निकोलस पूरन उतरते हैं। लखनऊ की पारी का तीसरा ओवर डाल रहे नुवान थुषारा की बॉल ब्रीट्जकी के हेलमेट पर जा लगी और बाउंड्री के बाहर चली गई। यहां नुवान ने तीसरी बॉल शॉर्ट ऑफ लेंथ की फेंकी थी। ब्रीट्जकी पुल करने गए और बॉल उनके हेलमेट पर लगकर चौके के लिए चली गई। इसके बाद फिजियो मैदान पर आए और उनकी जांच की। अगली ही बॉल पर नुवान थुषारा ने ब्रीट्जकी को 14 रन पर बोल्ड कर दिया। उन्होंने ये बॉल यॉर्कर लेंथ पर फेंकी थी।

# कार्लसन ने रोमांचक मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश को हराया



स्टावेंजर (नॉर्वे)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां खेले जा रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था। गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले क्लासिकल शतरंज के इस मुकाबले में अधिकतर समय तक नॉर्वे के गत चैंपियन को दबाव में रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक अर्जित किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी को आर्मागेडन गेम में हराया। इससे पहले क्लासिकल बाजी 54 चाल में बराबरी पर छूटी थी।एरिगैसी ने जीत से 1.5 अंक, जबकि वेई ने एक अंक हासिल किया। टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल प्रारूप में विजेता को तीन अंक मिलते हैं। यदि क्लासिकल बाजी ड्रा हो जाती है, तो खिलाड़ियों को एक-एक अंक मिलता है और फिर आर्मागेडन में आधे अंक के लिए खेलना होता है। एरिगैसी का दूसरे दौर में गुकेश से मुकाबला होगा। इस बीच दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने हम वतन भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। यह मुकाबला सहजता से आगे बढ़ रहा था लेकिन आखिर में वैशाली एक गलती कर गई जिसका फायदा उठाकर हम्पी ने जीत हासिल की। कार्लसन और गुकेश का मैच निर्णायक क्षणों तक चला, जिसमें नॉर्वे के खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर आखिर में दबाव बनाकर जीत हासिल की। कार्लसन की शुरुआत हालांकि उम्मीद के अनुरूप नहीं रही और उन्होंने बाद में इसे

## संक्षेप

### यानिक सिनर ने ग्रैंडस्लैम में हासिल की जीत

पेरिस। यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच पर 6-4, 6-3, 7-5 से जीत हासिल करते हुए ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में अपनी जीत के सिलसिले को 15 मैचों तक पहुंचा दिया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध की सजा काटने के बाद अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इटली के इस 23 वर्ष के खिलाड़ी में अभी तक तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं लेकिन फ्रेंच ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचना था। इस बीच महिला वर्ग में नाओमी ओसाका का सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन जापान की इस खिलाड़ी को 10वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने 6-7 (1), 6-1, 6-4 से हराया।

### दिल्ली ने राष्ट्रीय फुटबॉल खिताब का किया बचाव

नारायणपुर (छत्तीसगढ़) । गत चैंपियन दिल्ली ने दो गोल से पिछड़ने के बाद पुरुष अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में मंगलवार को यहां वापसी करते हुए मिजोरम को अतिरिक्त समय में 4-2 से हराकर खिताब का बचाव किया। दिल्ली के स्थानापन्न खिलाड़ी लैशराम राहुल मीतेई दो गोल कर मैच के नायक बन कर उभरे। उन्होंने नियमित समय के आखिरी क्षणों (90। मिनट) और फिर 108वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। आर्य कश्यप (48वां) और प्रशान जाजो (110वां) ने दिल्ली के लिए अन्य दो गोल किए। मेसक सी लालरिनघेटा (39वां) और पीसी पजावना (45।2वां) ने मध्यांतर तक मिजोरम को 2-0 की बढ़त दिला दी थी। इस मुकाबले में दोनों टीमों के कई खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिखाये गये। मिजोरम ने आठ खिलाड़ियों के साथ मैच समाप्त किया।

### पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह : रिकेल्टन

जयपुर। मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। इस हार के बाद अब उसे गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरना होगा, जहां उसका सामना गुजरात टाइटन्स या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

# सिंधू, प्रणय सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी



सिंगापुर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और एच एस प्रणय मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग पर सिर्फ 31 मिनट में 21 . 14, 21 . 9 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फेइ से होगा। दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने डेनमार्क के रास्मस गेमके को 19 . 21, 21 . 16, 21 . 14 से हराया। अब उनका सामना फ्रांस के क्रिस्टोव पोपोव से होगा।

भारत के प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज, अनमोल खरब , मालविका बंसोड़ हालांकि पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपनिदा केटथोंग ने 14 . 21, 21 . 18, 21 . 11 से हराया। वहीं प्रियांशु को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नारोका ने 14 . 21, 21 . 10, 21 . 14 से मात दी। अनमोल को चेन ने 21 . 11, 24 . 22 से हराया। जॉर्ज को चीन के वेंग होंग यांग ने 21 . 19, 21 . 17 से हराया। वहीं आर संतोष रामराज को पुरूष एकल के पहले मैच में दक्षिण कोरिया के किम गा युन ने 21 . 14, 21 . 8 से परास्त किया। मिश्रित युगल में भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चीन के चेंग शिंग और झांग चि ने 21 . 18, 21 . 13 से हराया। असिथ सूर्या और अमृता परमुथेश को जापान के युइची शिमोगामी और सायाका होबारा ने 21 . 11, 21 . 17 से हराया। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंह को कोरिया की बाएक हा ना और ली सो ही ने 21 . 4, 21 . 9 से मात दी।

### श्योराण और नीरू दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर

नयी दिल्ली। लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा ने मंगलवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरी शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की ट्रैप फ़ाइनल स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य ने क्वालीफिकेशन में 120 अंक हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने फाइनल में 43 अंक हासिल कर जसविंदर सिंह को दो अंकों से पछाड़कर जीत दर्ज की। भवनीश मेंदीरत्ता ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने महिला वर्ग के फाइनल में आशिमा अहलावत को 40-39 के करीबी अंतर से मात देकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपियन राजेश्वरी कुमारी ने 31 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन चरण में जंगशेर एस. वीरक ने 119 अंक हासिल करते हुए लक्ष्य के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। राष्ट्रीय चैंपियन शारदुल विहान, जसविंदर सिंह, मेंदीरत्ता और रैयान रिजवी ने क्रमशः 118, 117, 116 और 116 अंकों के साथ शीर्ष छह में जगह बनाई। ओलंपियन काइनान चेनाई (114), पृथ्वीराज टोंडईमान (112) और विश्व कप फाइनल्स के रजत पदक विजेता विवान कपूर (113) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। नीरू ने महिलाओं में क्वालिफिकेशन में 115 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। उनके बाद प्रीति रजक ने 114, आशिमा अहलावत ने 113, राजेश्वरी कुमारी ने 110, प्रगति दुबे ने 109 अंक प्राप्त किए।

# आईपीएल फाइनल में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को किया आमंत्रित

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उसने अहमदाबाद में तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान हाल में हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनके वीरतापूर्ण प्रयासों को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक मीडिया बयान में यह घोषणा की। सैकिया ने मंगलवार को कहा हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है।

सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया। सैकिया ने कहा उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है लेकिन हमारे देश और इसकी संप्रभुता अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख हैं जबकि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नौसेना प्रमुख हैं। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह वायुसेना प्रमुख हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोगों की पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। आतंकी हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे। जवाबी कार्वाई के कारण दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव हुआ था जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान के संघर्ष विराम के अनुरोध पर अपने अभियान को रोकने पर सहमति जताई थी। बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने बोर्ड के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बीसीसीआई द्वारा तीनों सेना प्रमुखों को आमंत्रित करना एक अच्छा कदम है ।

### शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत अहसास लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है : शशांक

जयपुर। पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है।

# एशियाई एथलेटिक्स : गुलवीर ने स्वर्ण और सेबेस्टियन ने कांस्य पदक जीता

एजेंसी



गुमी (दक्षिण कोरिया)। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को यहां 27वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, जबकि सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पैदल चाल में कांस्य पदक जीता। एशियाई खेल 2023 के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। गुलवीर का यह एशियाई चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक है। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सावन बरवाल 28:50.53 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले दिन में सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। भारत को हालांकि महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में निराशा हाथ लगी, जब एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकार्डधारी अनु रानी 58.30 मीटर के औसत प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर रहीं। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के अतरौली तहसील के सिरसा गांव में किसान पिता के घर जन्मे गुलवीर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। वह लगातार राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ रहे हैं। उनका आखिरी रिकार्ड इस वर्ष की शुरुआत में 10000 मीटर में 27:00.22 का था। गुलवीर ने अच्छी रणनीतिक दौड़ लगाई और आखिर में वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को काफी पीछे छोड़ने में सफल रहे। आखिर में मुकाबला तीनों पदक विजेताओं के बीच ही सिमट कर रह गया था। आखिरी लैप से ठीक पहले किबिची आगे चल रहे थे और गुलवीर उनके पीछे थे। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही तेज दौड़ लगाई और आखिरी लैप के बीच में ही वे बाकी दो प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे निकल गए। सुजुकी ने अंत में किबिची को पछाड़कर रजत पदक हासिल किया। गुलवीर ने कहा हमारा मुख्य लक्ष्य पहला स्थान हासिल करना था। मुझे खुशी है कि रणनीति पर अमल करने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा इस स्वर्ण पदक से मेरी विश्व रैंकिंग बेहतर होगी और सितंबर में तोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जगह बनाने में मदद मिलेगी। गुलवीर एशियाई चैंपियनशिप में 10000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले हरि चंद (1975) और जी लक्ष्मणन (2017) ने यह उपलब्धि भी हासिल की थी। उनके नाम पर 5000 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है, जिसमें वह यहां प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। गुलवीर ने एशियाई चैंपियनशिप 2023 में 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था और अब वह अपने इस प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय एक घंटा 21 मिनट 23 सेकंड से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की उंची कूद में सर्वेश अनिल कुशारे ने 2.10 मीटर के प्रयास के साथ क्वालीफिकेशन ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे। वहीं दूसरी ओर

सर्विन सेबेस्टियन ने मंगलवार को यहां पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का खाता खोला। भारत के 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटा, 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) के बाद टूर्नामेंट की पहली स्पर्धा में पोडियम स्थान हासिल किया। सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा पीछे था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे।

गुलवीर ने अच्छी रणनीतिक दौड़ लगाई और आखिर में वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को काफी पीछे छोड़ने में सफल रहे। आखिर में मुकाबला तीनों पदक विजेताओं के बीच ही सिमट कर रह गया था। आखिरी लैप से ठीक पहले किबिची आगे चल रहे थे और गुलवीर उनके पीछे थे। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही तेज दौड़ लगाई और आखिरी लैप के बीच में ही वे बाकी दो प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे निकल गए।

### वैभव के सामने नियंत्रण बनाये रखने की चुनौती

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें सुपरनोवा बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे। राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार द्वारा आयोजित क्रिकेट आस्ट्रेलिया और आस्ट्रेलिया सरकार मीडिया कांफ्रेंस आस्ट्रेलियन समर आफ क्रिकेट 2025 . 26 में अनिल कुंबले, मैथ्यू हेडन और रॉबिन उथप्पा के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा चौदह साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाये रखने की होगी। वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी।

# सिंगापुर आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ



सिंगापुर। सिंगापुर की एक वरिष्ठ मंत्री ने मंगलवार को भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि उनका देश सभी प्रकार के आतंकी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और इस खतरे के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है।

जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया से यहां पहुंचा और सिंगापुर की विदेश एवं गृह राज्य मंत्री सिम एन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम आतंकी हमले के बाद की घटनाओं, ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से अवगत कराया। सिंगापुर स्थित भारतीय उच्चायोग के एक बयान के अनुसार, सिम ने कहा कि सिंगापुर सभी प्रकार के आतंकी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि सिंगापुर और भारत करीबी साझेदार हैं तथा वे द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के प्रयास जारी रखेंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अगर भारत पर कोई आतंकवादी हमला होता है तो देश उसका माकूल जवाब देगा। इसने कहा, भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक हमला करेगा। भारत आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकार और आतंकी आकाओं के बीच कोई अंतर नहीं करेगा। भारतीय मिशन ने बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सिंगापुर से समर्थन करने का अनुरोध किया, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र और वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) जैसे बहुपक्षीय मंचों पर। एफएटीएफ, वैश्विक धन शोधन और आतंकवाद को वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था है। बयान के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस बात से अवगत कराया कि पहलगाम में आतंकवादी हमला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और सामान्य स्थिति को बाधित करने का एक प्रयास था। इसमें कहा गया है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद, भारत सरकार ने इसे अंजाम देने वालों और साजिश रचने वालों को न्याय के कठघरे में लाए जाने की आवश्यकता समझी। इस हमले के जवाब में भारत ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। भारत की प्रतिक्रिया नपी-तुली और जिम्मेदाराना थी। प्रतिनिधिमंडल ने कानून मंत्री एडविन टोंग से भी मुलाकात की। बाद में संवाददाता सम्मेलन में, प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मोहन कुमार ने कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया तथा सिंगापुर का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने इन देशों से कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष किसी भी समय परमाणु टकराव में नहीं बदलेगा। एक पल भी ऐसा नहीं लगा कि संघर्ष परमाणु हमले तक पहुंच जाएगा। कुमार फ्रांस और बहरीन में भारत के राजदूत रह चुके हैं। संघर्ष में परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल से निवेशकों के चिंतित होने की बात को खारिज करते हुए कुमार ने आर्थिक विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, हम इस (संघर्ष) जैसी किसी भी घटना को भारत की प्रगति और 10 हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में बाधक नहीं बनने देंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर सरकार, शिक्षाविदों, मीडिया और व्यापार जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हम वरिष्ठ राज्य मंत्री जनिल पुथुचेरी, संसद सदस्यों विक्रम नायर और शक्तिंदी सुपात की उपस्थिति की सराहना करते हैं।

# राजनीति कभी-कभी राष्ट्रवाद पर हावी हो जाती है : धनखड़

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को आगाह किया कि कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत हावी हो जाती है, जिससे राजनीतिक वर्ग को बचने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी सोच को व्यापक रूप से बदल दिया है और भारतीय अब पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। धनखड़ ने सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के मुद्दों पर आम सहमति के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह उन (सर्वदलीय) प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों की भागीदारी से प्रतिबिंबित होता है जो हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति नयी दिल्ली के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों के दौरे पर गए हैं। उपराष्ट्रपति ने यहां राज्यसभा प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, हाल की घटनाओं को देखते हुए... हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है... संस्थाओं की तरह, यहां तक कि राजनीतिक दलों का भी राष्ट्रीय हित के प्रति नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि अंततः सभी संस्थाएं विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका का केंद्र बिंदु राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, जन कल्याण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि मैं सभी राजनीतिक दलों से अपील करता हूं कि वे गंभीरता से विचार करें और इस निष्कर्ष पर पहुंचें कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास, हमारी आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर आम सहमति होनी चाहिए।

## संक्षेप

### अमेरिकी दूतावास ने भारतीय छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने के प्रति किया आगाह

नयी दिल्ली। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने अमेरिका में पढ़ाई कर रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों को मंगलवार को आगाह किया कि यदि वे अपने संस्थान को सूचित किये बिना पढ़ाई छोड़ देते हैं, कक्षाओं में शामिल नहीं होते हैं, या अपने अध्ययन कार्यक्रम को छोड़ देते हैं , तो उनका छात्र वीजा रद्द किया जा सकता है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में छात्रों से वीजा की शर्तों का पालन करने और किसी भी समस्या से बचने के लिए छात्र का अपना दर्जा बरकरार रखने का आग्रह किया। इसमें कहा गया है, यदि आप पढ़ाई छोड़ देते हैं, कक्षाओं में शामिल नहीं होते हैं या अपने स्कूल (संस्थान) को सूचित किए बिना अपने अध्ययन कार्यक्रम को छोड़ देते हैं, तो आपका छात्र वीजा रद्द किया जा सकता है, और आप भविष्य में अमेरिकी वीजा के लिए पात्रता गंवा सकते हैं। किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा की शर्तों का पालन करें और छात्र का अपना दर्जा बरकरार रखें। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र अध्ययन के लिए दाखिला लेते हैं। भारत में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास टीम ने 2023 में 1,40,000 से अधिक छात्र वीजा जारी किए थे।

## जून में 106 प्रतिशत बारिश की संभावना

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि भारत में जून में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, जिससे देश के अधिकतर हिस्सों में तापमान के नियंत्रण में रहने की उम्मीद है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जून में देश भर में वर्षा 166.9 मिमी के दीर्घकालिक औसत से 108 प्रतिशत अधिक होने की संभावना है।

उन्होंने कहा जून में देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। हालांकि, प्रायद्वीपीय भारत के कुछ दक्षिणी हिस्सों और उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि इस अपेक्षित अच्छी वर्षा के कारण, उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों को छोड़कर, देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रह सकता है। उन्होंने कहा कि बादल छाए रहने के कारण मध्य भारत और उससे सटे दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि जून से सितंबर के दौरान देश में 87 सेमी की दीर्घकालिक औसत बारिश का 106 प्रतिशत बारिश हो सकती है।

## मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगाः शाह



मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अब तक का 11 साल का शासनकाल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा।

शाह ने यहां माधवबाग लक्ष्मीनारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुजराती भाषा में कहा कि जो लोग एक चुटकी सिंदूर का महत्व नहीं जानते थे, उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसके बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे कर लिए हैं। गुजरात का बेटा देश के विकास, आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन करने वालों को सबक सिखाया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को भारतीय होने पर गर्व महसूस कराया है और विदेशों में भारतीय पासपोर्ट का महत्व बढ़ाया है। शाह ने कहा कि यह दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का ही नतीजा है कि मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ गलियारे का निर्माण हुआ।

उन्होंने मुंबई के मध्य में स्थित माधवबाग लक्ष्मीनारायण मंदिर के संचालन में न्यासियों के प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि संस्था में समाज सेवा की भावना है, जिसने इसे सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया है।

## मुस्लिम बहुल देशों में कूटनीतिक अभियान के तहत भारत का संदेश पहुंचा रहा प्रतिनिधिमंडल



मनामा (बहरीन)। मनामा में बाब अल बहरीन के प्रवेश द्वार पर एवरशाइन के कर्मचारी उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब भारतीय सांसद मनामा सूक के इस ऐतिहासिक बाजार क्षेत्र में अचानक आ गए।

एवरशाइन का संचालन पाकिस्तानी कर्मचारी करते हैं। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख को दुनिया तक पहुंचाने के कूटनीतिक अभियान के तहत बहरीन में बैठकों के व्यस्त कार्यक्रम के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार शाम को इस प्रतिष्ठित क्षेत्र में पहुंचा। इस दौरान सांसदों ने कुछ लोगों से बात की और तस्वीरें भी खिंचवाईं। कोहिनूर के एक भारतीय कर्मचारी ने कहा, (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन) ओवैसी जैसे लोगों को देखकर अच्छा लगा और मैंने एक सेल्फी ली। एवरशाइन के पाकिस्तानी कर्मचारी भी हैरान एवं उत्सुक दिखे। उनमें से एक कर्मचारी ने कहा, हम यहां काम करने आए हैं, हम वास्तव में नहीं जानते कि हमारे देश में क्या राजनीति हो रही है। ये दोनों दुकानें आमतौर पर एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करती हैं इस यात्रा की पृष्ठभूमि में व्यापक कूटनीतिक मिशन जारी है। भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों की 33 राजधानियों की यात्रा कर रहे हैं ताकि विशेष रूप से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आतंकवाद को लेकर भारत की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान की मंशा के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय में अपनी बात रखी जा सके। भारत मुस्लिम जगत को यह बताना चाहता है कि यह महज दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि वैश्विक आतंकवाद की बड़ी चुनौती का हिस्सा है।

## कठुआ में आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान शुरू



जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद मंगलवार को तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा बानी क्षेत्र के लोवांग और सरथल के ऊंचाई वाले इलाकों में आज सुबह से ही संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद उन्होंने तुरंत इस खतरे को समाप्त करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस बीच, जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने भी आज सुबह सांबा जिले के मनोहर गोपाला और शताला कैंप क्षेत्र में कई घंटों तक गहन तलाशी अभियान जारी रखा। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र पर नियंत्रण के अभ्यास का हिस्सा था जो शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के छतरू के घने जंगलों वाले सिंहपुरा इलाके में मंगलवार को छठे दिन भी संयुक्त तलाशी अभियान जारी है। यह अभियान 22 मई को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद शुरू हुआ था जिसमें एक सैनिक शहीद हो गया था। हालांकि, आतंकवादी घने जंगल और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों का कोई पता अभी नहीं चल पाया है, उनका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## दक्षिणी ईरान में चाकू से हमला कर न्यायाधीश की हत्या

तेहरान। दक्षिणी ईरान के शिराज शहर में मंगलवार सुबह एक न्यायाधीश की चाकू से हमला कर उस वक्त हत्या कर दी गई जब वह अपने काम पर जा रहे थे। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की खबर में इस हत्या को आतंकवादी कृत्य बताया गया। खबर में कहा गया कि इस घटना में संलिप्त दो अज्ञात हमलावर अभी फरार हैं। खबर में बताया गया कि न्यायाधीश की पहचान एहसुम बाघेरी (38) के रूप में हुई, जो शहर के न्यायिक विभाग में काम करते थे। बाघेरी ने पहले रेवलूशनेरी अदालत में अभियोजक के रूप में काम किया था।

## इंटरटेनमेंट...

## परेश रावल-अक्षय कुमार के बीच टकराव



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मंगलवार को कहा कि हेरा फेरी 3 से अभिनेता परेश रावल के हटने को लेकर जारी विवाद एक गंभीर मामला है, जिसका निपटारा अदालत कर रही है। रावल के अचानक फिल्म से हटने के बाद मनोरंजन उद्योग और इस फिल्म के प्रशंसक हैरान रह गए थे, जो लगभग 20 साल के बाद हेरा फेरी सीरीज की तीसरी फिल्म के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हेरा फेरी-3 के निर्माता और अभिनेता अक्षय कुमार ने मुकदमा दायर करके रावल से हर्जाने के तौर पर 25 करोड़ रुपये की मांग की है। अक्षय की आगामी फिल्म हाउसफुल 5 का ट्रेलर जारी करने के मौके पर जब उनसे पूछा गया कि प्रशंसक हेरा फेरी 3 से रावल के बाहर होने से किस तरह निराश हैं, और मशहूर अभिनेता को मूर्ख तक कह दिया है, तो इस पर कुमार ने कहा कि उनके अच्छे दोस्त रावल को मूर्ख कहकर संबोधित करना सही नहीं है। अक्षय ने कहा कि उनके एक सह-कलाकार के लिए मूर्ख या इस तरह के अन्य शब्द का प्रयोग करना सही नहीं है और वह इसकी सराहना नहीं करेंगे।

अक्षय ने कहा मैंने पिछले 30-35 वर्षों से उनके साथ काम किया है, हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं और मैं वास्तव में उनकी प्रशंसा करता हूं। पिछले हफ्ते रावल ने विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि उनके वकील ने कानूनी मुकदमे का जवाब दे दिया है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित हेरा फेरी वर्ष 2000 में रिलीज हुई और इसमें सुनील शेट्टी और अक्षय कुमार भी थे।

## अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के घर में जबरन घुसी महिला



मुंबई। मुंबई के पश्चिमी उपनगर खार में अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के घर में जबरन घुसने के आरोप में 48 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाली आरोपी महिला गजाला सिद्दीकी सोमवार को शहर आई और शिरली राजन रोड स्थित अभिनेता के अपार्टमेंट की इमारत में पहुंची। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा गार्ड को कुछ बहाना करके अपने सामान के साथ इमारत में दाखिल हुई और अभिनेता के फ्लैट पर पहुंच गई। अधिकारी ने बताया कि सिद्दीकी घर के सामने वाले कमरे में बैठी रही, जबकि रॉय कपूर के कर्मचारी यह जानने के लिए अभिनेता से संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे कि क्या उन्होंने उक्त महिला को घर बुलाया है। उन्होंने बताया कि जब अभिनेता ने सिद्दीकी के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार किया, तो कर्मचारियों ने पुलिस से संपर्क किया।

## दीपिका पादुकोण ने फिल्म स्पिरिट छोड़कर लीक कर दी स्क्रिप्ट!



मुंबई। कबीर सिंह और एनिमल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में डायरेक्ट कर चुके संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिंग फिल्म स्पिरिट से दीपिका पादुकोण को निकाल दिया गया है। तृप्ति डिमरी ने दीपिका को रिप्लेस किया है।

आरोप थे कि दीपिका अनप्रोफेशनल डिमांड कर रही थीं।हालांकि अब संदीप रेड्डी वांगा ने बिना दीपिका का नाम लिए आरोप लगाए हैं कि उन्होंने फिल्म छोड़ते ही फिल्म की स्क्रिप्ट लीक कर दी है। संदीप रेड्डी वांगा ने अपने ऑफिशियल अकाउंट से लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को अपनी स्क्रिप्ट सुनाता हूं तो मैं उस पर 100 प्रतिशत भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक बिना कहे नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट होता है।

## दिवाली पर रिलीज होगी आयुष्मान की थामा




नयी दिल्ली। अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि उनकी आगामी फिल्म थामा उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। यह फिल्म दिवाली में बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

बधाई हो, शुभ मंगल सावधान और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों में लीक से हट कर अभिनय करने वाले खुराना थामा में रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन मुंज्या फिल्म के निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने किया है। खुराना ने कहा कि दिवाली पर फिल्म के रिलीज होने से बहुत खुशी हो रही है। अभिनेता खुराना (40) ने एक बयान में कहा मेरे लिए दिवाली का मतलब है एकजुटता, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना। यह सबसे अच्छा अनुभव होता है। मैं फिल्मों का बहुत बड़ा शौकीन हूं और हर साल दिवाली पर अपने परिवार के साथ सिनेमाघर जाकर फिल्म देखने की मेरी एक परंपरा है। हम साथ में खूब मस्ती करते हैं।

BABU BANARASI DAS
EDUCATIONAL GROUP



NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT

10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...

BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Pharmacy
- Dental Science
- Education
- Architecture
- Applied Sciences
- Legal Studies
- Hotel Management
- Computer Applications
- Humanities & Social Sciences
- Ph.D. in all Disciplines

Courses available with IBM Collaboration

Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google

BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D .PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus

TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge JFG tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN Paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture

BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : **voiceoflucknow@gmail.com**

C M Y K